आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* महात्मा गांधी जयंती
* लाल बहादुर शास्त्री जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 260 | उज्जैन, शुक्रवार 02 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### चढ़ावा चोरी विवाद, ट्रस्ट को भंग कर नए सिरे से गठन की मांग

**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे और जमीन से जुड़ी कथित गड़बड़ियों का मामला अब सुप्रीम कोर्ट के सामने है। अखिल भारत हिंदू महासभा ने पूर्व ट्रस्ट महासचिव चंपत राय और अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर 2 नवंबर को सुनवाई तय की है। याचिका में मंदिर के आसपास जमीन की खरीद में कथित अनियमितताओं के साथ मंदिर के लिए मिले चंदे के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। इसमें मौजूदा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग कर नए सिरे से गठित करने की मांग भी की गई है।

## नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : भारतीय सेना में बड़ा बदलाव, लेफ्टिनेंट जनरल शमशेर सिंह विर्क बने उपसेना प्रमुख, संभाली अहम जिम्मेदारी।
- **इजरायल** : 9/11 जैसा हमला रोकने के लिए कर लिया था विमान गिराने का फैसला, 3 विकल्प थे तैयार।
- **जबलपुर** : राशन ऑपरेटरों की हड़ताल, प्रदेश भर की 26 हजार से ज्यादा दुकानें बंद, गरीबों की बढ़ी मुश्किलें।
- **नई दिल्ली** : फर्जी सिम इस्तेमाल करने वालों पर कसेगा शिकंजा, 3 साल की जेल और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना।
- **नई दिल्ली** : लगातार 8वें हफ्ते फिसला बाजार, मंदी के करीब निफ्टी-सेंसेक्स, आज 570 अंक नीचे बंद हुआ, 25 साल पहले लगातार 9 हफ्ते गिरा था।
- **राजस्थान** : फलोदी में तापमान 38 डिग्री, केदारनाथ में पारा माइनस 4 डिग्री, यूपी के 26 गांवों में बाढ़, दिल्ली समेत 6 राज्यों से मानसून लौटा।
- **बाली** : नुसरत भरूचा का एक्सीडेंट, दावा- चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती, काम के सिलसिले में गई थीं एक्ट्रेस।
- **कर्नाटक** : एसआईआर में गड़बड़ी पर सीएम धरने पर बैठे, कहा- बीजेपी ने साजिश की, एफआईआर दर्ज हो, राज्य में 1 करोड़ से ज्यादा वोट कटे।

राहुल गांधी ने आदिवासियों से मुलाकात कर कहा, सरकार ने बेसहारा छोड़ दिया, बीमारी से निपटने में सरकार पूरी तरह फेल

# आदिवासी देश के पहले मालिक, हक मिलना चाहिए, एमपी में ऐसा नहीं हो रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बालाघाट



राहुल गांधी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट के जगला गांव में बैगा आदिवासियों से मुलाकात की। वे यहां बीमारी से जान गंवाने वाले बच्चों के परिवारों से मिलने पहुंचे थे।

एक घंटे की मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं, उन्हें उनका हक मिलना चाहिए, लेकिन एमपी में ऐसा नहीं हो रहा है। केंद्र और राज्य की सरकार ने बेसहारा छोड़ दिया है। बीमारी से निपटने में राज्य सरकार पूरी तरह फेल रही। वे यह मुद्दा लोकसभा में उठाएंगे। राहुल से मिलने आसपास के गांवों से करीब डेढ़ हजार लोग पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने माटे प्राथमिक शासकीय स्कूल में बच्चों से मिड डे मील के बारे में जाना। बालाघाट जिले में पिछले 3 महीनों में कुपोषण और मलेरिया से 32 आदिवासी बच्चों की मौत हुई है। कांग्रेस का दावा है कि मौतों की संख्या ज्यादा है। भाजपा ने राहुल के दौरे को राजनीतिक माइलेज लेने की कवायद बताया है।

### परिवारों को मुआवजा नहीं मिला

बालाघाट के आदिवासी इलाकों में कई बच्चों की मौत बीमारी और कुपोषण की वजह से हुई है। इसके अलावा, सरकार को जो मदद देनी चाहिए, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा या रोजगार से जुड़ी हो, वह यहां बिल्कुल नहीं मिल रही है। ऐसा लगता है जैसे आदिवासियों को भारत के बीचों-बीच अकेला छोड़ दिया गया हो, मानो उनके लिए न तो केंद्र सरकार है और न ही मध्य प्रदेश सरकार। क्षेत्र में कुपोषण और बीमारियों की वजह से कई बच्चों की जान गई है, लेकिन सरकार की तरफ से स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। मनरेगा ठप है, वन अधिकार कानून लागू नहीं हो रहा और आदिवासियों को जमीन के पट्टे नहीं मिल रहे हैं। बच्चों की मौत के बावजूद पीड़ित परिवारों को पूरा मुआवजा तक नहीं मिला है। आधे लोग अब भी इससे वंचित हैं। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाए। वन अधिकार कानून के तहत आदिवासियों को पट्टे दे, मनरेगा का काम फिर शुरू करें और इलाके में स्कूल व अस्पताल बनाएं। सरकार 24 घंटे विकास की बातें करती है और भ्रष्टाचार जारी रहता है, लेकिन जब आदिवासी भाइयों को मदद की जरूरत होती है, तो सरकार गायब दिखती है। एक योजना का लाभ मिलने पर 'लाड़ली बहना योजना' की राशि काट ली जाती है; यदि दो योजनाएं चल रही हैं, तो आदिवासियों को दोनों का पूरा हक मिलना चाहिए। हम इन्हें 'वनवासी' नहीं, बल्कि 'आदिवासी' मानते हैं। यानी देश के मूल और पहले मालिक। कांग्रेस सरकार आते ही इनकी पूरी मदद करेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार में इनका हक दिलाएगी।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

## कॉकरोच पार्टी का आज से देशभर में विरोध प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है। सीजेपी ने चेतावनी दी कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो देश भर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे और उसके बाद अक्टूबर के आखिर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन किया जाएगा। मुंबई प्रेस क्लब में बातचीत के दौरान, दीपके ने बताया कि सीजेपी शहर के दादर इलाके में शिवाजी पार्क में विरोध प्रदर्शन करेगी। यह तब तक जारी रहेंगे जब तक कुमार चुनाव आयोग के प्रमुख का पद नहीं छोड़ देते। दीपके ने कहा- 2 अक्टूबर से गोवा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। ज्ञानेश इस्तीफा नहीं देते हैं, तो अक्टूबर के आखिर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और शिवसेना 4 अक्टूबर को मुंबई में चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा निकालेंगे।




पंजाब कांग्रेस में बड़ा बदलाव

## प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग का इस्तीफा, सिंगला रेस में आगे

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल हुआ है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी हाईकमान की ओर से प्रदेश संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की कवायद के तहत यह कदम उठाया गया है। राजा वड़िंग अप्रैल 2022 से पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर हाईकमान को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट पर गहन मंथन के बाद नेतृत्व परिवर्तन का फैसला लिया गया। खबर है कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने राजा वड़िंग से फोन पर चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की। राजा वड़िंग के जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री विजयइंदर सिंगला का नाम नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए सबसे आगे चल रहा है।



बैंकों में हर शनिवार की छुट्टी का दावा फर्जी

## सरकार का कोई आदेश नहीं वायरल नोटिफिकेशन झूठा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय के नाम से जारी एक गजट नोटिफिकेशन वायरल हो रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक समेत देश के सभी सरकारी बैंकों में हर शनिवार को छुट्टी की घोषणा कर दी है। जांच एजेंसी पीआईबी फैक्ट चेक ने पर पोस्ट कर इस खबर को फेक बताया है। पीआईबी फैक्ट चेक ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने बैंकों की छुट्टी को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया है। यह वायरल डॉक्यूमेंट पूरी तरह नकली है। पीआईबी ने सलाह दी है कि ऐसी झूठी खबरों और फर्जी लेटर पर भरोसा न करें। अगर केंद्र सरकार या किसी मंत्रालय से जुड़ा कोई भी मैसेज या कागज संदिग्ध लगे, तो उसकी सच्चाई जांचने के लिए पीआईबी फैक्ट चेक टीम से संपर्क करें। दरअसल, बैंक यूनियंस काफी समय से हफ्ते में 5 दिन काम करने और सभी शनिवार को छुट्टी घोषित करने की मांग कर रहे हैं। सरकार की ओर से इसके लिए कमेटी बनाने और अन्य मांगों को पूरा करने का भरोसा दिए जाने के बाद यूनियंस ने 28 से 30 सितंबर के बीच होने वाली 3 दिन की हड़ताल टाल दी थी।





कैफे-3 के नए नियम, ईवी सस्ती होंगी

## नई पेट्रोल-डीजल गाड़ियों का माइलेज 30किमी करना होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

आने वाले दिनों में ईवी सस्ती हो सकती है। वहीं पेट्रोल-डीजल गाड़ियों में ज्यादा माइलेज मिल सकता है। केंद्र सरकार ने पैसेंजर गाड़ियों के लिए कैफे-3 नियमों की घोषणा कर दी है। ये नियम 1 अप्रैल 2027 से 31 मार्च 2032 तक लागू रहेंगे। इन नियमों का मुख्य मकसद गाड़ियों का माइलेज बढ़ाना और प्रदूषण को कम करना है। ऐसे में ऑटो कंपनियों को पोर्टफोलियो में ज्यादा माइलेज देने वाली पेट्रोल-डीजल कारों के साथ-साथ एश और हाइब्रिड गाड़ियों की हिस्सेदारी बढ़ाना जरूरी होगा। ज्यादा से ज्यादा ईवी बेचने के लिए कंपनियां बजट और किफायती ईवी मॉडल्स लॉन्च करेंगी। सरकार ने माइलेज का लक्ष्य तय करने के लिए कारों का एक पैमाना यानी औसत वजन 1,082 किलो तय किया है। इस वजन को आधार बनाकर कंपनियों को लक्ष्य दिया गया है कि उनकी सभी कारों का औसत माइलेज 20.92 किमी/लीटर होना चाहिए। साथ ही, उनसे निकलने वाला प्रदूषण 113 ग्राम प्रति किमी से कम होना जरूरी है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शांति में उलझे अफसर धीमी हुई कार्य गति

महाआयोजन के लिए गुणवत्ता के साथ जिस गति से विकास कार्य एजेंसियों से करवाए जाना है उसके लिए उन पर निगरानी जरूरी है। कार्यों को लेकर प्रतिदिन निरीक्षण की स्थिति बराबर बनी हुई थी। बराबर एजेंसियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ काम करने के लिए एक-एक विकास कार्य पर अधिकारी पहुंच रहे थे और प्रतिदिन उसकी मानिटरिंग की जारी थी। इसी बीच धर्मनगरी में एक घटनाक्रम की शुरूआत हो गई और कार्य की गुणवत्ता के साथ गति पर ध्यान देने वाले अफसर पिछले तीन दिनों से शांति के लिए प्रयास में लगकर उसी में व्यस्त हो गए। सुबह से विकास कार्यों के निरीक्षण पर जाने वाले अफसर का मार्ग ही परिवर्तित हो गया। वे उठकर सीधे उस क्षेत्र का रूख कर रहे हैं जहां मामला हुआ है और जिस पर नियंत्रण शहर की तासिर के अनुसार जरूरी है। महाआयोजन की तैयारी में यह पहली बार नहीं हुआ है। पूर्व में भी 2004 के आयोजन से पहले ऐसा हुआ था। तत्कालीन दौर में कर्फ्यू के हालात बने थे संभाग स्तर के वर्दी अधिकारी के धर्मनगरी में घायल होने का दाग भी लगा था। यही स्थिति 2016 से पहले भी हुई थी। तब भी शहर में प्रतिबंधात्मक धारा का उपयोग करना पडा था। तत्कालीन समय में भी इस तरह के घटनाक्रम से विकास के कार्यों की गति धीमी हुई थी लेकिन तत्काल ही उस स्थिति को नियंत्रण में लेकर काम को गति देते हुए सब कुछ तैयारियों को समय पर अंजाम दिया गया था। इसे वर्दी एवं अधिकारियों का हौंसला ही कहा जाएगा कि उस समय भी उन्होंने संवैधानिक स्थितियों का पालन करते हुए समय पर सब कुछ किया और हालिया स्थिति में भी तत्काल ही परिस्थिति को नियंत्रण में लेकर सब कुछ सामान्य किया गया है। खुसूर-फुसूर है कि जो भी हो समय पर और धरातल की स्थिति, परिस्थिति के साथ सामंजस्य बैठाकर अफसरों-वर्दी ने जो काम किया है वह सराहनीय ही है। कालांतर में इस तरह के घटनाक्रमों में काफी कुछ हुआ था और मामला खासा अस्पताल तक भी पहुंचा था। इस बार पूरे मामला हौम्योपैथ इलाज से ही संभव हो गया। अस्पताल वाले इंतजार ही करते रह गए और बाहर के बाहर ही बगैर साइड इफेक्ट के अफसरों ने काम को अंजाम दे दिया।

## नैनो न्यूज

- **उज्जैन में** आज से शुरू होगा 10 दिवसीय भव्य अग्रसेन जयंती महोत्सव, महाराजा अग्रसेन की 5151वीं जयंती पर होंगे विविध सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन, 11 को निकलेगा विशाल चल समारोह
- **आंगनबाड़ी में** 'आंगन मिलन सेवा', बच्चों को बांटी पोषण किट, माधव महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने खेल-खेल में दी शिक्षा, सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन
- **22 वर्ष पुरानी** साहित्यिक संस्था, सरल काव्यांजलि की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। जानकारी देते हुए संस्था के मुक्तेश मनावत ने बताया कि श्री प्रदीप सरल को नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।
- **विक्रमादित्य विश्वविद्यालय** में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान, सेवा संकल्प अभियान के तहत साफ-सफाई कर दिया जागरूकता का संदेश
- **डॉ. वाकणकर** की चित्रकला दृष्टि पर हुआ मंथन, चित्रकार को हमेशा लक्ष्य पर केंद्रित रखनी चाहिए दृष्टि, संस्कार भारती ने किया कला विमर्श का आयोजन, वरिष्ठ चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी ने विद्यार्थियों को दिया प्रायोगिक ज्ञान
- **हार्ट अटैक** की आपात स्थिति में मरीजों की जान बचा सकता है सीपीआर, विश्व हृदय दिवस पर माधव विज्ञान महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर, 150 से अधिक लोगों ने कराई निशुल्क जांच
- **हृदय रोग परीक्षण** एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर 4 अक्टूबर को, 40 हजार सफल हार्ट सर्जरी करने वाले डॉ. अनिल जैन सहित कई रोगों के विशेषज्ञ देंगे परामर्श

## ट्रेंडिंग




श्राद्धकर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है ब्रह्मकपाल शिला पावन अलकनंदा नदी के तट पर स्थित, बद्रीनाथ धाम से महज 100 मीटर की दूरी पर

# श्राद्धपक्ष विशेष : पुनर्जन्म चक्र से मुक्ति का स्थान 'ब्रह्मकपाल शिला'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म में सोलह श्राद्ध का विशेष महत्व है और सभी श्रद्धालु अपने पितृगणों की शांति हेतु तरह तरह की धार्मिक रीतियों का पालन करते हैं किन्तु श्राद्धकर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है ब्रह्मकपाल शिला जो पावन अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है और बद्रीनाथ धाम से महज 100 मीटर की दूरी पर है।

**शिव को ब्रह्म - हत्या दोष से मुक्ति-** स्कंदपुराण के बद्रीनाथ महात्म्य खंड में वर्णन है कि प्रजापिता ब्रह्मा ने जब अपनी पुत्री सरस्वती का आकर्षक रूप देखा तो उनके मन में दूषित विचार आ गए और वे उस पर मोहित हो गए। भगवान शिव इस पर कुपित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से ब्रह्माजी का पांचवा शीश काट दिया किन्तु एक अनहोनी घटना हुई। शिव के त्रिशूल से पांचवा शीश चिपक गया और वह नीचे नहीं गिरा। शिवजी पर ब्रह्म हत्या का पाप लगा और उससे मुक्ति हेतु वे सभी तीर्थों पर गए किन्तु किसी भी स्थान पर उन्हें दोष से मुक्ति नहीं मिली। अंत में जब शिवजी उत्तराखंड में बद्रीनाथ के पास अलकनंदा नदी के तट पर पहुंचे तो एकाएक त्रिशूल मे चिपका ब्रह्माजी का शीश नीचे गिर गया और शिवजी को ब्रह-हत्या के पाप से मुक्ति मिल गई। ऐसा स्थान जहां काल के स्वामी को भी मुक्ति मिली हो वह कालांतर में अतिपुनित और मुक्ति देनेवाला माना गया।





- **ब्रह्मकपाल शिला का महत्व -** प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम से सिर्फ सौ मीटर की दूरी पर है ब्रह्मकपाल शिला जो अलकनंदा नदी पर स्थित विशाल चट्टान है। इस शिला पर बैठकर ही धार्मिक विधि विधान से तर्पण व पिण्डदान किया जाता है। लोकमान्यता है कि यहां श्राद्धकर्म करने से पितरों को भवसागर से मुक्ति मिलती है और वे सद्गति प्राप्त करते हैं।
- **अकाल मृत्यु होने पर भी मोक्ष-** धार्मिक मान्यता है कि व्यक्ति की अकाल मृत्यु होने पर उसकी आत्मा भटकती है और मोक्ष नहीं मिलता किन्तु धर्मग्रंथों मे वर्णन है कि ब्रह्मकपाल शीला पर श्राद्धकर्म करने से आत्मा को मोक्ष मिलना निश्चित है। यहां पिण्डदान करने से प्रेतयोनि से भी मुक्ति हो जाती है।

### अंतिम श्राद्ध स्थल - ब्रह्मकपाल

मान्यता है कि ब्रह्मकपाल मे तर्पण व पिण्डदान से आत्मा की मुक्ति निश्चित है अतः इसके बाद कहीं भी श्राद्धकर्म करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार ये इतना महत्वपूर्ण स्थल है जहां मृतात्मा का अंतिम श्राद्ध कर्म होता है।

### तापमान बहुत कम

अश्विन मास में ही श्राद्धपक्ष आते हैं और ब्रह्मकपाल क्षेत्र में तापमान में गिरावट आने लगती है। यहां सामान्यतः तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस रहता है। कई बार तापमान। शून्य डिग्री या माइनस में भी चला जाता है अतः यहां गर्म व ऊनी कपड़े लेकर जाना उचित होता है।

काजी खलिकुर्रेहमान बोले-हम लोग मजहब का काम हाथों से कर रहे हैं, तकनीकी त्रुटि से

# मिनार का भाग हटाने के दौरान छत पर गिरा, कोई जनहानि नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कंठाल से गोपाल मंदिर सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे शाही मस्जिद के कुछ भाग को समाजजनों के द्वारा हटाने की कार्रवाई तीसरी मंजिल से जारी है। इसी में शामिल मिनार को हटाने के लिए मचान लगाया गया है और उसे भाग-भाग में गिराया जा रहा है। गुरूवार को सुबह मिनार के एक भाग को तोड़कर उतारने के दौरान वह नीचे गिरा जिससे छत का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसमें किसी भी प्रकार का कोई नुकसान एवं जनहानि के कोई समाचार नहीं हैं।

मस्जिद के चौड़ीकरण में आ रहे हिस्से को हटाने का काम निरंतर रूप से समाजजन कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र के 500 मीटर दायरे में एहतियातन आवाजाही पर रोक लगी हुई है। सुरक्षा के लिए यहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। क्षेत्र को बैरिकेडिंग कर सील कर दिया गया है।

**मचान लगाकर सुरक्षित काम-** समाजजन भी पूरी तरह से सुरक्षित स्थिति में मचान पर काम को अंजाम दे रहे हैं। उसके उपरांत भी एक हादसा हो गया। इस हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि और घायल होने के समाचार नहीं है। मिनार को कई हिस्से में नीचे लाने की योजना के तहत गुरूवार सुबह मिनार का हिस्सा छत पर गिरने से कुछ हिस्से में क्षति हुई है। सूचना संज्ञान में आते ही तत्काल बाद अधिकारी स्थल पर पहुंचे थे। समाजजनों के साथ इसे लेकर चर्चाएं की गई और स्थिति का जायजा भी लिया गया है।



### तकनीकी त्रुटि से हुआ किसी ने जानबुझकर नहीं किया

मस्जिद कमेटी की बैठक भी वहीं पर शहर काजी खलिकुर्रेहमान की उपस्थिति में की गई। बैठक के उपरांत काजी खलिकुर्रेहमान ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि आज एक अफसोसनाक वाकया जो दर हकीकत दिलों को झिंझोड़ गया और सभी लोग एक ऐसे अफसोस के अंदर हैं कि शायद उसको भुलाना मुश्किल हो, मगर सबसे बड़ी चीज ये है के हम लोग सारा मजहब का काम अपने हाथों से कर रहे थे। अब वक्त उसके मीनारे का उतारने का था तो मीनारों को उतारने के लिए शासन से हमने मदद मांगी थी, शासन ने अपनी मदद की। क्रेन के तकनीकी त्रुटि की वजह से उसका पट्टा टूट गया। वो पट्टा टूटने की वजह से वो मीनार छत पे गिर गया। किसी ने जानबूझकर नहीं गिराया बल्कि वो गिरने की वजह से नुकसान हुआ है। लिहाजा हम लोग कहीं इकट्ठे ना हों, कोई इस तरीके की कोई बातें ना करें और ना ही कोई ऐसी चीज होने दें जिससे नुकसान हम लोगों को बाद में हो। इंशाल्लाह वापस काम शुरू हो जाएगा और जल्द करके उसको बना दिया जाएगा और अपना अमन हमेशा कायम रखें। साथ ही मस्जिद कमेटी और नुमाइंदा कमेटी बराबर इतने रोज से काम कर रही है, इसके सभी लोग हाजिर हैं और आज भी सभी लोग इसके अंदर मौजूद हैं।

### कुछ हिस्से में क्षति हुई है, कोई जनहानि नहीं

अद्यतन जानकारी देते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के कार्य में जो छतरी चौक पर मस्जिद है, उसका जो प्रभावित भाग है - जो सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित हो रहा है - उसको हटाने के क्रम में कुछ हिस्से में क्षति हुई है। लेकिन इससे किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है, न किसी को कोई चोट आई है, न कोई कहीं फंसा है। इस मामले में किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सभी धर्मों और समाज के लोग भी स्थल पर उपस्थित हैं और उनसे चर्चा की गई है।

# पेड गरबा आयोजनों के खिलाफ हिन्दूवादी संगठन ने पोस्टर फाड़े



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि के दौरान शहर में व्यावसायिक (पेड) गरबा आयोजनों और शुल्क लेकर युवक-युवतियों की एंट्री के खिलाफे हिंदू जागरण मंच ने ऐसे आयोजनों को रोकने के लिए मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में बुधवार रात संगठन के कार्यकर्ता तीन बत्ती स्थित शुभ बेकरी पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने दुकान पर लगे इवेंट के पोस्टर-बैनर फाड़ दिए और संचालक को ऐसे किसी आयोजन से दूर रहने की चेतावनी दी।

11 से 20 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान 13 से 15 अक्टूबर तक राजाराम रिसोर्ट में डांडिया बिट्स नाम से तीन दिवसीय कमर्शियल गरबा आयोजन प्रस्तावित है। इसमें शुभ बेकरी स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी हुई थी। बेकरी के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से पास बिक्री के संदेश भेजे जा रहे थे और दुकान पर आयोजन के प्रचार पोस्टर भी लगाए गए थे। कमर्शियल गरबा आयोजन की जानकारी मिलने के बाद हिंदू जागरण मंच की महिला विंग और युवा कार्यकर्ता शुभ बेकरी पहुंचे। उन्होंने संचालक को शुल्क आधारित या कमर्शियल इवेंट से दूर रहने की हिदायत दी। इस दौरान संगठन के सदस्यों और बेकरी संचालक के बीच करीब 15 मिनट तक बहस हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने दुकान पर लगे पोस्टर-बैनर उखाड़कर फाड़ दिए। विरोध प्रदर्शन में रितेश माहेश्वरी, अर्जुन सिंह भदौरिया, नीलू चौहान और मनीषा पटवा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया ने कहा कि नवरात्रि माता की भक्ति का पर्व है। आयोजक नौ दिनों तक माता की प्रतिमा स्थापित कर पारंपरिक गरबा कराएं, इसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि टिकट आधारित व्यावसायिक आयोजनों के नाम पर फूहड़ता और अश्लीलता को महाकाल की नगरी उज्जैन में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शहर में कहीं भी ऐसे व्यावसायिक गरबा आयोजन करने का प्रयास हुआ तो हिंदू संगठन उसका विरोध करेंगे और आयोजन बंद कराने के लिए कार्रवाई करेंगे।

## कुशाग्र और शिवम का मप्र अंडर-19 में चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के क्रिकेट जगत के लिए गर्व और हर्ष का अवसर है। उज्जैन के प्रतिभावान युवा क्रिकेटर कुशाग्र नागर और शिवम पटेल का चयन मध्यप्रदेश की अंडर-19 वनडे क्रिकेट टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी बीसीसीआई की वीनू मांकड ट्रॉफी 2026-27 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर से राजकोट में किया जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, निरंतर मेहनत और मैदान पर प्रभावी प्रदर्शन के बल पर प्रदेश की टीम में स्थान बनाया है।



आलू-प्याज, हरी सब्जी और फल मंडी रहेगी चालू

## आज गांधी जयंती पर मंडी में अनाज व लहसुन की नीलामी बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज गांधी जयंती के अवसर पर कृषि उपज मंडी उज्जैन में अनाज मंडी और लहसुन मंडी का नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति ने इस संबंध में किसानों, व्यापारियों और अन्य संबंधित लोगों को सूचना जारी की है।

मंडी समिति के अनुसार, आज अक्टूबर को अनाज एवं लहसुन मंडी में कृषि उपज की खुली नीलामी नहीं होगी। ऐसे में किसानों से अपील की गई है कि वे आज अनाज और लहसुन की उपज बेचने के लिए उज्जैन मंडी प्रांगण में नहीं लाएं, ताकि उन्हें अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि, आलू-प्याज, हरी सब्जी एवं फल मंडी का कारोबार सामान्य रूप से चालू रहेगा। इसके अलावा मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा एमपी फार्म गेट एप के माध्यम से ऑनलाइन सौदापत्रक की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। जिन किसानों को अपनी कृषि उपज बेचना है, वे इस माध्यम से खरीद-बिक्री की प्रक्रिया कर सकते हैं। मंडी समिति ने किसानों से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उपज बेचने की अपील की है।



सितंबर के आखिर से अक्टूबर की शुरूआत में शुरू हो जाता है फूलना

# स्वर्ग का पौधा हारसिंगार के रात में खिलते पुष्प और सुबह महकाता आंगन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पारिजात, जिसे हारसिंगार भी कहा जाता है बहुत ही सुन्दर पुष्प है और इस समय इसकी बहार आई हुई है। धार्मिक दृष्टि से ये बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे स्वर्ग का पौधा माना गया है। भादों के खत्म होते-होते जब रातें थोड़ी ठंडी होने लगती हैं तब परिजात पर कलियाँ बननी शुरू होती हैं और अश्विन का महीना आते-आते यानी सितंबर के आखिर से अक्टूबर की शुरूआत में ये फूलना शुरू कर देता है। अक्टूबर और नवंबर ये दो महीने पारिजात शबाब पर होता है। दशहरे से लेकर दिवाली तक इसका पेड़ हर रात फूलों से लद जाता है।

परिजात का फूल अक्टूबर में ही अपनी पूरी बाहर पर आता है और दिसंबर में ठंड बढ़ते-बढ़ते फूल धीरे-धीरे कम होने लगते हैं, असल में इसका मौसम शरद ऋतु है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिजात को घर के आँगन में ही लगाया जाता है, अक्सर तुलसी चौरा के पास या दरवाजे के कोने में।



**लक्ष्मी को प्रिय है हारसिंगार-** कहा जाता है ये फूल माँ लक्ष्मी को बहुत प्यारा है और जिस आँगन में हरसिंगार लगता है वहाँ दरिद्रता नहीं आती। कहते हैं ये देवताओं का फूल माना जाता है समुद्र मंथन से निकला हुआ ये पौधा बहुत ही पावन माना जाता है इसलिए इसे बिना तोड़े ही पूजा में ले लिया जाता है। ये इतना कोमल होता है कि छूते ही टप से गिर जाता है। रात में जब ये खिलता है तो इसकी इतनी तेज सुगंध फैलती है कि पूरा घर-आँगन महक उठता है।

### सूरज डूबते ही खिलता है

इस फूल की सबसे अनोखी बात है इसका टपकना। ये दिन में नहीं खिलता, शाम ढले सूरज डूबते ही इसकी कलियाँ चटकने लगती हैं। पूरी रात भर सफेद पंखुड़ियों वाला और बीच में गहरे नारंगी रंगवाला ये फूल पेड़ पर खिला रहता है और ब्रह्म मुहूर्त से पहले ही एक-एक करके सारे फूल टपक-टपक कर नीचे गिर जाते हैं। यदि आप ब्रह्म मुहूर्त में इन फूलों को टपकते देखेंगे तो ज्यों के त्यों खड़े खड़े देखते ही रह जाएंगे, यह नजारा इतना सुंदर और मनमोहक होता है कि इसे शब्दों में नहीं पिरोया जा सकता, जब सुबह उठो तो पेड़ के नीचे सफेद-नारंगी चादर बिछी हुई मिलती है, जैसे किसी ने रात में आकर फूलों की रंगोली बना दी हो। गांव में अक्सर सब सुबह उठते ही परिजात के फूल बिनते मिल जाएंगे पूजा के लिए, कही मुरझा न जाएं इससे पहले ही इनको बीन लेना होता है क्योंकि धूप चढ़ते ही फूल मुरझाने लग जाते हैं।

### मिट्टी को महकाता पुष्प

पारिजात का आँगन से बड़ा गहरा नाता है। जहाँ ये गिरता है वहाँ की मिट्टी भी सुगंधित हो जाती है। इसके गिरे हुए फूलों से आँगन इतना सज जाता है कि और किसी सजावट की जरूरत नहीं पड़ती।



इसकी डंडी से जो नारंगी रंग निकलता है उससे, पहले के समय में गाँव में महिलाएं माता की चुनरी रंगा करती थीं और पूजा के चावल को रंगा करती थीं। इसके फूल को शिव जी पर और लक्ष्मी पूजा में सबसे ज्यादा चढ़ाया जाता है। कहते हैं शरद पूर्णिमा की रात जब चाँद पूरा होता है तो परिजात के फूलों की सुंदरता अपने चरम पर होती है और उसी रात माँ लक्ष्मी इसी फूल की खुशबू के पीछे-पीछे घर में आती हैं। इसलिए गाँव में आज भी अक्टूबर के महीने में अधिकतर हर घर के आँगन में हरसिंगार के फूलों का बिछौना जरूर दिखेगा। हारसिंगार के पत्ते आयुर्वेदिक दवाइयों मे उपयोग होते हैं। इसके पत्तों का अर्क पैर के दर्द की रामबाण औषधी है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




## न्यूज ब्रीफ

### नागरिक सहकारी पेढ़ी की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

उज्जैन। नागरिक सहकारी पेढ़ी मर्यादित, उज्जैन पेढ़ी की 47वीं वार्षिक साधारण सभा चेतन प्रेमनारायण यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्री यादव ने पेढ़ी की प्रगति को ब्यौरा प्रस्तुत किया । प्रबंधक दिनेश सोलंकी ने वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट बजट से अधिक व्यय वर्ष 2027-28 के लिए प्रस्तावित बजट एवं कार्य योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकृती प्रदान की। पेढ़ी द्वारा डिपाजिटरों, नियमित किश्तें अदा करने वाले ऋणी सदस्यों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया। सभा का संचालन श्रीराम साँखला द्वारा एवं आभार भगवानदास गिरी द्वारा किया गया।

### वाराणसी-गया के स्थान पर अब रामेश्वरम की तीर्थयात्रा 7 तक

**इंदौर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2026-27 के फेस-2 अंतर्गत प्रस्तावित तीर्थयात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वाराणसी (काशी)-गया की यात्रा 4 से 9 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित थी। अपरिहार्य कारणों के चलते अब इस यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार रामेश्वरम् तीर्थयात्रा के लिए यात्रा का संशोधित प्रस्थान 2 दिसंबर 2026 तथा संशोधित आगमन 7 दिसंबर 2026 निर्धारित किया गया है। यह यात्रा इंदौर, बड़वानी, अलीराजपुर, देवास एवं उज्जैन जिलों से संबंधित तीर्थयात्रियों के लिए होगी। यात्रा का प्रारंभिक स्टेशन इंदौर रहेगा। यात्रा से संबंधित शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा। संबंधित जिलों को संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि को दी मंजूरी

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2027-28 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी है। इसमें गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों और कुसुम की फसलें शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वृद्धि अन्नदाताओं को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में मदद करेगी। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी, जिससे कृषि क्षेत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के किसान हितैषी निर्णय से समृद्धि आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान हितैषी इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का हार्दिक आभार माना और अन्नदाताओं के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के लिए किसानों को बधाई दी है।

### जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश




**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश में वर्षा एवं जलाशयों में जलभराव की स्थिति की भोपाल में वृहद समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जलाशयों में जलभराव की स्थिति संतोषजनक है। आगामी रबी सीजन की सिंचाई एवं पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध जल का वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। अधिक जलभराव वाले जलाशयों में सतत निगरानी रखते हुए सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए तथा कम वर्षा वाले क्षेत्रों में जल उपलब्धता के आधार पर अभी से जल प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की जाए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में अब तक प्रदेश में कुल 908.30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो दीर्घावधि औसत 949.50 मिलीमीटर की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत कम है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में 773.60 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत से 12 प्रतिशत कम है, जबकि पूर्वी मध्यप्रदेश में 1083.60 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत से 4 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने अधिकारियों को वर्षा की क्षेत्रवार स्थिति को ध्यान में रखते हुए जलाशयों के जल प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रदेश के बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के अंतर्गत 54 प्रमुख बांधों में वर्तमान में औसत जलभराव 89.32 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 95.13 प्रतिशत था, जबकि विगत पांच वर्षों का औसत 88.45 प्रतिशत रहा है।

## नैनो न्यूज

- **देवास – खुले सोयाबीन तेल पर कार्रवाई-** देवास में खाद्य विभाग ने दो प्रतिष्ठानों से 1,520 किलो खुला सोयाबीन तेल जब्त किया। चार नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं।
- **आगर – चांदी के भाव पर नजर-** आगर में 1 अक्टूबर को चांदी का ऑनलाइन संदर्भ भाव 2,55,900 प्रति किलो दर्ज हुआ। स्थानीय सराफा बाजार में खरीदारी से पहले वास्तविक भाव की पुष्टि जरूरी है।
- **शाजापुर – सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर नजर-** शाजापुर जिले में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास से बिजली उत्पादन और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं जुड़ी हैं।
- **सुसनेर – नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव की मतगणना-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में 29 सितंबर को मतदान हुआ। भाजपा के प्रदीप सोनी और कांग्रेस के विष्णु पाटीदार के बीच मुकाबला रहा; मतगणना 3 अक्टूबर को निर्धारित है।
- **रतलाम – तेल रिसाव से यातायात प्रभावित-** रतलाम के सैलाना ओवरब्रिज पर टैंकर से तेल रिसने के कारण सड़क फिसलन भरी हो गई। दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हुए; प्रशासन ने रेत और पानी डालकर यातायात बहाल किया।

### वेदांत स्कूल के पास की घटना, हादसे के बाद भी निगम का टैंकर लेकर भागता रहा चालक, राहगीरों ने पीछा कर पकड़ा

# भाई के सामने बहन ने तोड़ा दम, टैंकर ने छीनी बीटेक छात्रा की जिंदगी

## ड्रायवर को किया पुलिस के हवाले, अर्चिता की मौत ने फिर खड़े किए निगम के वाहनों की सुरक्षा पर सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कटनी से इंदौर पढ़ाई के लिए आई 21 वर्षीय इ.व्ीं छात्रा अर्चिता झार की बुधवार सुबह छोटा बांगड़दा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। अर्चिता अपने भाई प्रणय के साथ दोपहिया वाहन से जा रही थी। इसी दौरान नगर निगम के पानी के टैंकर ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अर्चिता सड़क पर जा गिरी और टैंकर की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई प्रणय घायल हो गया।

सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि जिस भाई के साथ अर्चिता गाड़ी पर निकली उसी के सामने उसकी जिंदगी कुछ ही पलों में खत्म हो गई। अर्चिता मूल रूप से कटनी की रहने वाली थी और इंदौर में सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी से इ.व्ीं की पढ़ाई कर रही थी। परिवार ने उसे बेहतर भविष्य के लिए इंदौर भेजा था, लेकिन बुधवार की सुबह आई खबर ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। घटना सुबह करीब 11:30 बजे वेदांत स्कूल के पास की बताई गई है। पुलिस के अनुसार अर्चिता और उसका भाई दोपहिया वाहन से जा रहे थे। इसी दौरान पानी के टैंकर ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद अर्चिता टैंकर की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद टैंकर चालक मौके पर रुकने के बजाय वाहन लेकर आगे निकलने लगा। यह देखकर आसपास मौजूद लोगों ने उसका पीछा किया। राहगीरों ने दोपहिया वाहनों से टैंकर का पीछा कर चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### एक साल में निगम के वाहनों से कम-से-कम चौथा हादसा

अर्चिता की मौत का यह मामला नगर निगम से जुड़े वाहनों के सड़क हादसों की कड़ी में एक और घटना के रूप में सामने आया है। उपलब्ध मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पिछले करीब एक साल में निगम की कचरा गाड़ी और पानी के टैंकर से जुड़े कम-से-कम चार हादसे सामने आए हैं।

**अगस्त 2025 – कचरा गाड़ी ने मां और दो बेटियों को मारी टक्कर-** ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी में नगर निगम की कचरा गाड़ी ने घर के बाहर मौजूद महिला और उसकी दो बेटियों को टक्कर मार दी थी। हादसे में तीनों घायल हुई थीं। वाहन ने पास खड़ी कार को भी टक्कर मारी और चालक मौके से चला गया था।

**फरवरी 2026 – 85 वर्षीय बुजुर्ग के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त-** आजाद नगर क्षेत्र में नगर निगम के टैंकर की चपेट में आने से 85 वर्षीय सुंदरलाल गंभीर रूप से घायल हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार टैंकर का पहिया उनके दोनों पैरों के ऊपर से निकल गया था और उन्हें एमवाय अस्पताल ले जाया गया।

**जून 2026 – पटेल ब्रिज पर बेकाबू टैंकर ने कई वाहनों को मारी टक्कर-** पटेल ब्रिज पर नगर निगम से जुड़ा पानी का टैंकर टायर फटने के बाद बेकाबू हो गया और कई कारों व दोपहिया वाहनों से टकराया। रिपोर्ट के अनुसार करीब छह लोग घायल हुए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। बाद की रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि संबंधित टैंकर की फिटनेस फरवरी 2026 में समाप्त हो चुकी थी।

### वाहनों की फिटनेस और निगरानी कौन करेगा?

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद सवाल सिर्फ एक हादसे का नहीं, बल्कि निगम के सड़क पर चलने वाले वाहनों की फिटनेस, चालक की निगरानी और सुरक्षा मानकों का भी है। अब छोटा बांगड़दा में अर्चिता की मौत के बाद यह सवाल फिर सामने है कि सड़क पर दौड़ रहे निगम अथवा निगम से जुड़े वाहनों की फिटनेस, चालकों के दस्तावेज और नियमित जांच की व्यवस्था कितनी प्रभावी है?

### इंदौर पर मंडराया जल संकट- निगम बना रहा घर-घर पानी पहुंचाने की योजना

# निगम ने घर-घर सर्वे शुरू किया, पूछ रहे कितना पानी लगेगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इस साल मानसून की बेरुखी ने इंदौर और आसपास के इलाकों में चिंता की घंटी बजा दी है। कुल 23 इंच बारिश के साथ मानसून सीजन समाप्त हो चुका है, जो कि सामान्य औसत से लगभग 14 इंच कम है। इसके साथ ही यह पिछले 26 वर्षों में शहर का दूसरा सबसे सूखा मानसून दर्ज किया गया है। यदि अक्टूबर के महीने में बारिश की मेहरबानी नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में शहरवासियों को पेयजल संकट और किसानों को गंभीर कृषि समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम ने भी इंदौर में घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है। यह पता लगाया जा रहा है कि किस घर में पानी की कितनी आवश्यकता है। सर्वे में पूछा जा रहा है कि घर में कितने सदस्य हैं, कितने किराएदार हैं और कितना पानी लगता है। निगम के कर्मचारी हर घर जाकर डाटा इकट्ठा कर रहे हैं। बारिश बेहद कम होने के कारण इंदौर के प्रमुख तालाब अपनी क्षमता के अनुसार भर

### 10 वर्षों में सबसे सूखा सितंबर

इस वर्ष सितंबर के पूरे महीने में केवल 125 मिमी बारिश हुई है, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है (2016 के बाद सबसे कम)। जहां वर्ष 2013 और 2019 में इंदौर में 1300 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई थी, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा आधा भी नहीं पहुंच सका (2026 में मात्र 590 मिमी)। शहर में सितंबर-अक्टूबर में ही यह हालात हो गए हैं कि बोरिंग में पानी नहीं आ रहा। इस साल पड़ी भीषण गर्मी के बाद पहले ही कई क्षेत्रों में बोरिंग का पानी पूरी तरह से सूख गया था। बारिश न होने से हालात और भी खराब हो गए हैं। अभी कई क्षेत्रों में निगम को टैंकर भेजना पड़ रहे हैं।

### इंदौर में कम बारिश के 5 मुख्य कारण

- **अल नीनो का प्रभाव:** प्रशांत महासागर में बने अल नीनो के प्रभाव से मानसूनी हवाएं कमजोर पड़ गईं, जिसका सीधा असर मालवा अंचल और पश्चिमी मध्य प्रदेश पर पड़ा।
- **बंगाल की खाड़ी के सिस्टम्स का भटकाव:** इस सीजन में बंगाल की खाड़ी से उठे निम्न दाब के क्षेत्र या तो उत्तरी मध्य प्रदेश की तरफ मुड़ गए या फिर मालवा पहुंचते-पहुंचते निष्प्रभावी हो गए।
- **विदर्भ और दक्षिणी हिस्सों में सिस्टम का केंद्रित होना:** मानसून के प्रभावी वेदर सिस्टम ज्यादातर मध्य प्रदेश के दक्षिणी जिलों और विदर्भ तक ही सीमित रहे, जिससे इंदौर को इसका लाभ नहीं मिल सका।
- **गुजरात और मालवा सीमा पर सिस्टम का न बनना:** आमतौर पर गुजरात या पश्चिमी एमपी की सीमा पर बनने वाले स्थानीय सिस्टम मालवा में अच्छी बारिश लाते हैं, लेकिन इस बार ऐसा कोई सिस्टम विकसित नहीं हुआ।
- **अरब सागर से नमी का अभाव:** अरब सागर की ओर से कोई मजबूत मानसूनी सिस्टम या ट्रफ लाइन न बनने से इंदौर और मालवा क्षेत्र को लगातार नमी वाली मानसूनी फुहारें नहीं मिल सकीं।

**निगम ने सर्वे शुरू किया-** तालाबों के न भरने और भूजल के गिरते स्तर को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार बैठकें कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि शहर में सर्वे करवाए जा रहे हैं ताकि पानी की जरूरत कितनी है इसकी सही स्थिति पता चल सके। नगर निगम की टीमें घर-घर सर्वे कर रही हैं। जल्द ही टैंकरों और अन्य माध्यमों से पानी की व्यवस्था के लिए रोडमैप बनाया जाएगा।

## सिंहस्थ में कचरे का पहाड़ नहीं बनने देने की चुनौती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालु आएंगे तो उनके साथ कचरे का बोझ भी बढ़ेगा। घाटों पर पूजन सामग्री, सड़कों पर भोजन के पैकेट, प्लास्टिक और अस्थायी बसाहटों से निकलने वाला अपशिष्ट। इस भीड़ के बीच शहर को साफ रखना नगर निगम के सामने बड़ी चुनौती होगी। इसी चुनौती से निपटने के लिए उज्जैन को केंद्र सरकार की प्रगति 50 पहल में देश के 50 मॉडल शहरों में शामिल किया गया है। अब लक्ष्य सिंहस्थ को ह्यजीरो वेस्ट इवेंटह्ल बनाने का है, यानी कचरे का ढेर लगाने के बजाय उसका व्यवस्थित संग्रहण, प्रसंस्करण और निस्तारण करना।

महापौर मुकेश टटवाल का कहना है कि मॉडल शहरों में चयन का मतलब सिर्फ एक नई पहचान नहीं, बल्कि स्वच्छता के तय मानकों पर बेहतर परिणाम देने की जिम्मेदारी भी है। सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा घाटों की स्वच्छता को मजबूत करने की तैयारी होगी। हालांकि, यह लक्ष्य कितना हासिल होगा, यह कार्ययोजना, संसाधनों और जमीन पर होने वाले काम से तय होगा। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत शुरू की गई ह्यप्रगति 50ह्ल पहल का उद्देश्य स्वच्छता और सेनिटेशन के क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करना है।

### राष्ट्रीय नागरिक का निर्माण करने का काम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कर रहा है: प्रो कप्तान सिंह सोलंकी

# जीरो से हीरो बने आदमी का अभिनंदन : तपन भौमिक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने डॉ चिंतामणि राठौर के अनूठे और अभूतपूर्व कार्य को मान्यता दी है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर एक वर्ष में एक सौ किताबें लिख कर विश्व कीर्तिमान बनाया है। असंभव कार्य को संभव बनाया है।

यह उद्गार पूर्व राज्यपाल प्रो कप्तान सिंह सोलंकी ने कालिदास अकादमी में डॉ चिंतामणि राठौर रचित पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन अनूठा है और अभूतपूर्व भी है। आज के आयोजन में अतिथि धन्य हुए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश में मानव निर्माण का कार्य कर रहा है। संघ 36 क्षेत्रों में भारत की श्रेष्ठता के लिए रचनात्मकता से कार्यरत है। आज संघ की मान्यता पूरे विश्व में है।

भारत के साथ 40 देशों में संघ का काम हो रहा है। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए तपन भौमिक ने कहा कि डॉ चिंतामणि ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर सौ पुस्तकों को लिखा है।आज जीरो से हीरो बने आदमी का अभिनंदन हो रहा है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय में भाषा पर गहरा संकट है। भाषा की शुद्धता विलुप्त होती जा रही है । ऐसे विकट समय में उत्सवमूर्ति डॉ चिंतामणि ने 100 पुस्तकें लिख कर वैश्विक इतिहास में दर्ज होने वाला कारनामा कर दिखाया है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, सिंहस्थ प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया महाद्वीप के हेड डॉ मनीष बिश्नोई ने डॉ चिंतामणि राठौर को प्रमाण पत्र एवं बेज भेंट कर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम के आरंभ में वन्दे मातरम का गायन



अतिथियों का स्वागत डॉ चिंतामणि राठौर, हीरु देवड़ा, अंकित राठौर, तेजकुमार राठौर, अविनाश राठौर, रत्नदीप मिश्रा, रवि भिलाला, शिवनारायण राठौर, एवं नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में वन्दे मातरम का गायन श्रीमती अर्चना आपटे तिवारी ने किया। संचालन माधव तिवारी ने किया। आभार तेजकुमार राठौर ने व्यक्त किया।

## जन्मतिथि मामले में महाकुंभ फेम मोनालिसा को हाईकोर्ट से राहत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रुद्राक्ष की माला बेचते हुए वायरल वीडियो से चर्चा में आई युवती को जन्मतिथि विवाद में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। इंदौर बेंच ने महेश्वर नगर पालिका के सीएमओ की ओर से जन्मतिथि बदलने का आदेश रद्द करते हुए मामले पर युवती को सुनवाई का अवसर देकर नए सिरे से फैसला करने के निर्देश दिए हैं। मामले में युवती के पिता की ओर से जन्मतिथि में सुधार के लिए आवेदन दिया गया था। उनका कहना था कि महेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मातृत्व रजिस्टर में युवती की जन्मतिथि 30 दिसंबर 2009 दर्ज है।

### क्या है पूरा मामला?

महेश्वर की युवती मोनालिसा और उसके पति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नगर पालिका की ओर से उसके मूल जन्म प्रमाण पत्र में की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिका के मुताबिक युवती ने मार्च 2026 में केरलम के एक मंदिर में शादी की थी। इसके बाद उसके परिवार ने इस रिश्ते का विरोध किया और युवती के मूल जन्म प्रमाण पत्र को रद्द कर उसकी जन्मतिथि बदलने की प्रक्रिया शुरू की। युवती का दावा है कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 दर्ज थी। यही तारीख उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में भी दर्ज होने की बात याचिका में कही गई।

### बंटी नागर प्रकरण के बाद रियल एस्टेट की दुविधा सामने आई

# वर्षों से लंबित मामलों के समाधान की मांग

## मंजूरियों की प्रक्रिया, मास्टर प्लान और नियमों की उलझन से कारोबार प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रियल एस्टेट कारोबारी एवं कॉलोनाइजर संदीप उर्फ बंटी नागर की आत्महत्या के बाद शहर के रियल एस्टेट कारोबार में एक बार फिर उन समस्याओं और प्रक्रियात्मक अड़चनों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है, जिनका सामना लंबे समय से कॉलोनाइजर, डेवलपर और जमीन से जुड़े कारोबारी कर रहे हैं। बंटी नागर की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुलिस जांच जारी है और अभी किसी एक कारण को उनकी मौत से जोड़ना जल्दबाजी होगी। पुलिस उनके मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज, दस्तावेजों, कारोबारी लेन-देन और संपत्ति से जुड़े विवादों की जांच कर रही है। हालांकि इस घटना के बाद रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े कारोबारियों के बीच यह सवाल जरूर उठ रहा है कि जमीन खरीदने से लेकर कॉलोनी या टाउनशिप विकसित करने तक की प्रक्रिया में आने वाली लंबी और जटिल मंजूरियों का असर कारोबार पर कितना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलोनी विकास की अनुमति से पहले पहुंच मार्ग और संबंधित भूमि की स्थिति की जांच की प्रक्रिया भी कारोबारियों के लिए एक अन्य चुनौती के रूप में सामने आ रही है। डेवलपरों का कहना है कि कॉलोनी तक वैध और पर्याप्त पहुंच मार्ग होना आवश्यक है, लेकिन इस संबंध में अलग-अलग स्तरों पर रिपोर्ट और अनुमतियों की प्रक्रिया लंबी होने से कुछ प्रकरणों में विकास अनुमति अटक जाती है।

### मुद्दा किसी एक कारोबारी का नहीं

रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि वर्तमान में समस्या केवल किसी एक प्रोजेक्ट या कारोबारी तक सीमित नहीं है। इंदौर से जुड़े 79 गांवों में मास्टर प्लान और विकास संबंधी स्थिति, धारा 16 के प्रकरण, प्रस्तावित अथवा पूर्व में घोषित अहिल्या पथ से जुड़े मामले, कॉलोनी विकास की अनुमति, पहुंच मार्ग और आश्रय निधि जैसे विषय अलग-अलग स्तरों पर कारोबारियों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा में मार्च 2025 में दिए गए जवाब के अनुसार इंदौर निवेश क्षेत्र में 79 गांव जोड़े गए हैं और इंदौर विकास योजना के पुनर्विलोकन की कार्यवाही प्रचलन में बताई गई थी। धारा 16 के लंबित प्रकरणों की सूची भी विधानसभा के परिशिष्ट में रखे जाने की जानकारी दी गई थी। डेवलपरों के अनुसार नए निवेश और जमीन सौदों में सबसे बड़ी जरूरत भविष्य की विकास स्थिति को लेकर स्पष्टता की होती है। जब किसी क्षेत्र में मास्टर प्लान या विकास संबंधी निर्णय लंबित रहते हैं तो जमीन खरीदने, टाउनशिप की योजना बनाने और आगे की मंजूरियों को लेकर कारोबारी निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करते हैं। कारोबारियों का दावा है कि किसान और डेवलपर के बीच पहले से हुए कुछ करारों पर भी इसका असर पड़ा है। कई मामलों में जमीन में पैसा लगाने के बाद आगे की स्वीकृतियों की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से परियोजनाओं की समयसीमा प्रभावित होने की बात कही जा रही है।

### धारा 16 के प्रकरण भी चर्चा में

दस एकड़ या उससे अधिक भूमि से संबंधित विकास प्रस्तावों में धारा 16 से जुड़ी स्वीकृति की प्रक्रिया भी कारोबारियों के बीच चर्चा का विषय है। कारोबारियों का कहना है कि जिन जमीनों पर निवेश और करार पहले हो चुके हैं, वहां आगे की अनुमति में देरी होने पर जमीन मालिक, निवेशक और डेवलपर–तीनों पक्षों की वित्तीय योजना प्रभावित हो सकती है। बंटी नागर से जुड़े बाल्याखेड़ा के एक प्रकरण में भी धारा 16 की मंजूरी लंबित होने और बड़ी राशि के फंसे होने का दावा सामने आया है। हालांकि इस मामले की राशि अथवा इसकी बंटी नागर की आत्महत्या से कोई प्रत्यक्ष संबंध होने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। रियल एस्टेट कारोबारियों के अनुसार अहिल्या पथ से जुड़े क्षेत्रों में भी कई जमीन और कॉलोनी विकास संबंधी मामले प्रभावित हुए हैं। कारोबारियों का कहना है कि प्रस्तावित क्षेत्र में पहले से मौजूद प्रोजेक्ट, ठडउ और नई परियोजनाओं को लेकर स्पष्ट दिशा जरूरी है। उनका कहना है कि किसी योजना के प्रस्तावित होने, संशोधित होने या वापस लिए जाने की स्थिति में उससे प्रभावित जमीन और परियोजनाओं के लिए स्पष्ट प्रशासनिक रोडमैप होना चाहिए, ताकि निवेशक और डेवलपर अनिश्चितता में न रहें।

### 12 प्रति फैट की मांग पर अड़े किसान

# इंदौर में सांची की साधारण सभा में किसानों का हंगामा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की 43वीं वार्षिक साधारण सभा में बुधवार को बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान पहुंचे। किसानों ने दूध के भाव में बढ़ोतरी सहित अपनी प्रमुख मांगों को लेकर सभा में जोरदार तरीके से आवाज उठाई। इस दौरान किसानों ने ? 12 प्रति फैट दूध का भाव तत्काल लागू करने की मांग की और अपनी मांगों को लेकर काफी देर तक विरोध जताया।

सभा के दौरान किसानों ने सांची दूध संघ की मनमानी नहीं चलेगी और विकास मिश्रा की दादागिरी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। किसानों का कहना था कि लगातार बढ़ती पशु आहार, खली, भूसा, हरा चारा, पशु चिकित्सा, बिजली और मजदूरी की लागत के बावजूद उन्हें दूध का उचित एवं लागत आधारित मूल्य नहीं दिया जा रहा है।

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने कहा कि किसान लंबे समय से ? 12 प्रति फैट दूध का भाव देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर अब तक गंभीर निर्णय नहीं लिया गया। वहीं दूसरी ओर आज निजी दूध कंपनियों/डेयरियों द्वारा दूध के खरीदी भाव में 23 प्रति लीटर की बढ़ोतरी किए जाने की जानकारी सामने आई है।

ऐसे में किसानों का सवाल है कि जब निजी क्षेत्र दूध के भाव बढ़ा सकता है तो सांची दूध संघ किसानों को उनकी लागत के अनुरूप उचित भाव क्यों नहीं दे रहा है? किसानों ने सांची दूध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल कुमार मिश्रा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के साथ कथित तौर पर दोहरी नीति अपनाई जा रही है।

## न्यूज कालम



### जैन पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने इंदौर से रवाना हुए पत्रकार

**मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से जुटेंगे जैन पत्रकार**

**बाग।** मालवा महासंघ के 15वें दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 2 एवं 3 अक्टूबर को नागपुर में परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी महाराज साहेब की निश्रा में किया जाएगा। अधिवेशन में देशभर से श्रीसंघों के प्रतिनिधियों के साथ जैन पत्रकार परिषद के सदस्य भी सहभागिता करेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए आज इंदौर से जैन पत्रकार परिषद के सदस्य रवाना हुए। प्रदेश संयोजक दीपक दुगड़ के नेतृत्व में विभिन्न जिलों से पत्रकार नागपुर पहुंचकर अधिवेशन में शामिल होंगे। बाग से जैन पत्रकार परिषद के सदस्य निरेश सेठिया एवं टांडा से शुभम गादिया भी राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए रवाना हुए हैं। अधिवेशन में पत्रकारिता, समाजसेवा एवं समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही पूज्य आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी महाराज साहेब का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। जैन पत्रकार परिषद के प्रतिनिधियों की सहभागिता से पत्रकारिता एवं समाजसेवा से जुड़े विषयों पर भी संवाद होगा। मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलसुख राज कटारिया, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मेहता, संगठन प्रमुख अभय चौपड़ा, राजेश मानव, महासचिव राजेंद्र करनपुरिया, वीरेंद्र जैन, दीपक दुगड़ एवं मध्यप्रदेश अधिवेशन प्रभारी अनिल कुमार देसरा सहित पदाधिकारियों ने अधिवेशन में सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### स्वास्थ्य और महिला स्वच्छीकरण विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया



**मंडलेश्वर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पोषण, स्वास्थ्य और महिला स्वच्छीकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी सुनीता मैडम ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन के निर्माण के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में अर्चना पवार ने मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने आसपास के सामाजिक वातावरण को स्वस्थ एवं सकारात्मक बनाए रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।कामिनी पाटीदार मैडम ने विद्यार्थियों को पोषण एवं संतुलित आहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने संतुलित एवं पौष्टिक भोजन को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को खान-पान के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सौम्या मैडम एवं गोपाल सोनवने सर सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, पोषण, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### विद्यार्थियों को आईटीआई बडवानी का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण करवाया



**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई बडवानी प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि नवीन व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत सांदीपनि शासकीय मॉडल उ.मा.विद्यालय बडवानी जिला बडवानी के कक्षा 9 वी 10 वी के व्यवसायिक शिक्षा के विषय के विद्यार्थियों को आईटीआई बडवानी का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को व्यवसायवार समस्त वर्कशाप में मशीनों, प्रोजेक्ट, व्यवसाय अनुसार उनके महत्व एवं करियर के अवसरों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को आईटीआई में प्रवेश लेने की प्रकिया से अवगत करवाया गया एवं प्रवेश की जानकारी दी गई। उक्त औद्योगिक भ्रमण को मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग से प्रत्यक्ष रूप से जोडकर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाना हैं।इस अवसर पर प्राचार्य श्री केतन मालवीया, प्राचार्य वर्ग 2 श्री कैलाश पटेल एवं समस्त प्रशिक्षण अधिकारी तथा विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थीयों ने इस अनुभव को अपने करियर के लिए बेहद लाभकारी और प्रेरणादायक बताया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत एनएसएस के स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बड़वानी ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी में 30 सितंबर को शासन के निदेर्शानुसार प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य एवं डॉ. मधुसूदन चौबे (नोडल सेवा संकल्प अभियान ) के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन गोद ग्राम बड़गांव में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्य गीत के साथ हुआ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज के साथ जुड़कर कार्य करने तथा जनसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाजहित एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। सभी स्वयंसेवकों ने गोदग्राम बड़गांव के धोबड़िया तालाब के किनारों पर फैली हुई प्लास्टिक पन्नियों तथा तालाब में फेके हुए पैकेट, फूल मालाएं एवं अन्य सामग्री जिससे तालाब का पानी दूषित हो रहा था। उक्त कि साफ-सफाई कर सरोवर को प्रदूषण मुक्त कर स्वच्छ भारत सशक्त भारत का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत बड़गांव के गार्डन में उगी हुई गाजर घास को उखाड़ कर श्रमदान से गार्डन को साफ स्वच्छ किया गया। तत्पश्चात जन जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने गाजर घास उन्मूलन, गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत पर महाविद्यालय में जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत 2047' अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति रन वॉक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ नगर की विभिन्न डिफेंस अकादमियों के विद्यार्थियों, वॉक क्लब जावरा के सदस्यों सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी के निर्देशन में, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्यामलाल चौधरी एवं डॉ. रेणुका रामदेव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में झाला अकादमी से चरण सिंह, फोर्स डिफेंस अकादमी से देवेन्द्र सिंह तथा कमाण्डो डिफेंस अकादमी से राहुल माली का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी, अन्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष प्रमोद रावल एवं महेश सोनी उपस्थित रहे।

गणमान्य जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, वॉक क्लब के सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्यामलाल चौधरी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अगस्त को प्रारम्भ किया गया 100 सप्ताह का राष्ट्रव्यापी संकल्प है।

प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

विधायक डॉ. पाण्डेय ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकारमय बनाता है। युवाओं को इस सामाजिक बुराई से सदैव दूर रहना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं।

मुख्य वक्ता सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'विकसित भारत 2047' का संकल्प तभी पूर्ण होगा, जब देश का युवा नशा मुक्त, शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से दृढ़ होगा। जो युवा नशे को हराता है, वही वास्तविक योद्धा है। उन्होंने प्रत्येक युवा से इस जन-आंदोलन को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का आह्वान किया एवं उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर माय भारत पोर्टल पर 'विकसित भारत क्विज' में मध्य प्रदेश में रतलाम जिले को प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं रतलाम जिले में जावरा महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर सर्वाधिक पंजीयन हेतु प्राप्त प्रशंसा-पत्र के लिए कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्यामलाल चौधरी तथा स्वयंसेवक निकिता परमार, निकिता मालवीय, ललित मालवीय, इरशाद मंसूरी एवं कन्हैयालाल मालवीय को सम्मानित किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शिवराज चौहान, द्वितीय स्थान प्रदीप कटारे एवं तृतीय स्थान विष्णु रावत ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंजना, द्वितीय स्थान दिव्या सोलंकी, तृतीय स्थान ममता राठौर एवं चतुर्थ स्थान रानी माली ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर भावना भट्ट ने किया डॉ. रेणु नामदेव ने आभार व्यक्त किया ।



## 1 दिन, 1 घंटा, 1 साथ थीम पर बड़वानी में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत 1 दिन, 1 घंटा, 1 साथ थीम पर नगर के बस स्टैंड, राजघाट रोड, विसर्जन कुंड एवं मुक्ति धाम में विशेष स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, पार्षद श्रीमती निशा अमित उपाध्याय, श्री लालू वास्कले एवं श्री मोहन बामनिया, एल्डरमैन श्री विश्वास सराफ तथा श्री मिथुन यादव सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया।इस दौरान जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर साफ-सफाई की तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान द्वारा उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में बैगलेस डे का आयोजन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर के अवसर की पूर्व बेला में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में प्रभारी प्राचार्य श्री कुंदन राठौर के मार्गदर्शन में गांधी जी के प्रमुख सिद्धांत स्वदेशी अपनाओ, मिट्टी से जुड़ो के भाव को विद्यार्थियों के जीवन और गतिविधियों से जोड़ते हुए बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर च्संजा माता पर्व की संस्कृति को कैसे आगे बढ़ाया जाएज् विषय पर केंद्रित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मालवा-निमाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक कला तथा स्थानीय विरासत से परिचित कराना और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इसी क्रम में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने संजा लोक कला के निर्माण एवं सजावट में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

संजा मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल की विशिष्ट लोक एवं कलात्मक परंपरा है। लोक मान्यता के अनुसार संजा को माता पार्वती के स्वरूप से जोड़ा जाता है। इस परंपरा में बालिकाएँ दीवार पर गोबर से विभिन्न पारंपरिक आकृतियाँ बनाकर उनका श्रृंगार करती हैं तथा संजा के लोकगीत गाती हैं। विद्यालय में इस लोक परंपरा को रचनात्मक गतिविधि के रूप में प्रस्तुत किया गया। बैगलेस डे के अंतर्गत आरोही, आयत, प्रियांशी एवं अन्वी ने संजा की पारंपरिक भित्ति सज्जा का निर्माण किया। उन्होंने पारंपरिक शैली से प्रेरित आकृतियों को फूलों, पत्तियों, रंगीन कागज तथा अन्य स्थानीय एवं सजावटी सामग्रियों से आकर्षक रूप प्रदान किया। विद्यार्थियों को संजा पर्व की पृष्ठभूमि, लोकमान्यता तथा मालवा-निमाड़ की संस्कृति में उसके महत्व की जानकारी भी दी।



## सनावद पुलिस ने 54 लीटर महुआ शराब जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सनावद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 30 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर साइकल से कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब लेकर देलवाडा के कच्चे रास्ते से गुजरने वाला है। सूचना पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिये के अनुसार एक व्यक्ति मोटर साइकल की टंकी पर बोरी रखे हुए आता दिखा, जिसे पुलिस टीम ने रोका। पूछताछ पर उसने अपना नाम जितेन्द्र उर्फ कालू उर्फ दीपक पिता नाहरसिंह अजनारे निवासी मोरटक्का स्टेशन रोड मांधता जिला खंडवा बताया। बोरी की तलाशी लेने पर उसमें प्लास्टिक की पन्नियों में कुल 54 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब मिली, जिसकी कीमत लगभग 5400 रुपये है। वैध दस्तावेज व लाइसेंस पूछने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 54 लीटर शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकल कीमती लगभग 50 हजार रुपये जप्त कर थाना सनावद में अपराध दर्ज किया।

### नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर में 78 पशुओं का उपचार

**खरगोन।** बीएसएस सोनाटा माइक्रो क्रेडिट के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बाएफ लाइवलीहुड्स द्वारा क्रियान्वित पशुधन विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम बनेहर में निःशुल्क पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में ७८ पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इसमें २८ पशुओं का बांझपन निवारण, १ पशु में कृत्रिम गभार्धान का उपयोग, २८ पशुओं को कृमिनाशक एवं अन्य स्वास्थ्य उपचार प्रदान किया और ७८ पशुओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कर पशु पालको को परामर्श दिया। शिविर में पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. राहुल चौहान ने सेवाएं दी। बाएफ के रीजनल इंचार्ज जएल पाटीदार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डीएन बैरागी, केंद्र प्रभारी चेतन पटेल घाटी का सहयोग रहा।



### महिला व बाल विकास विभाग के अधीक्षक विजय पटेल की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ अधीक्षक विजय पटेल की सेवानिवृत्ति पर विभागीय साथियों ने सम्मान समारोह आयोजित किया। शहर की मन होटल में कार्यक्रम और उनके नेपानगर निवास तक स्वागत रैली निकालकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी मजूमदार, सहायक संचालक विजय सोलंकी, परियोजना अधिकारी मेहरा, नेपानगर परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया और मिलिंद पानपाटिल ने उनके कार्यकाल और विभागीय सहयोग को याद किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। विजय पटेल ने भी साथियों के साथ बिताए पलों को याद कर आभार जताया। होटल मन में हुए आयोजन में विभाग की पूरी टीम ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमी। कार्यक्रम में पूर्व में विभाग में कार्य कर चुके प्रशांत इंदुरकर इंदौर, सुभाष गंवई शुजालपुर, परवीन बाली नेपानगर, वीरेंद्र डाकसे खंडवा, भावना खेडेकर खंडवा भी शामिल हुए। देर रात विभागीय कर्मचारियों ने नेपानगर में स्वागत रैली निकालकर आतिशबाजी के साथ सेवानिवृत्ति का जश्न मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



### नेपा में मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार रोहित कुमार मिश्रा ने संभाला

**नेपानगर।** भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम नेपा लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार रोहित कुमार मिश्रा ने संभाल लिया है। 2009 बैच के भारतीय आयुध निमार्णी सेवा अधिकारी मिश्रा वर्तमान में ब्रिज एंड रूफ कंपनी इंडिया लिमिटेड कोलकाता में कार्यरत हैं। कोलकाता से नेपानगर पहुंचने पर गुरुवार को प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। सीएमडी नरेश सिंह ने कहा कि मिश्रा के व्यापक अनुभव का लाभ नेपा को मिलेगा और उनके मार्गदर्शन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सतर्कता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। निदेशक वित्त पीजेएम डिक्सन ने कहा कि सतर्कता व्यवस्था पारदर्शी कार्यसंस्कृति का आधार है। प्रभार संभालने के बाद मिश्रा ने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदार कार्यसंस्कृति संगठन की मजबूती के लिए जरूरी है। सतर्कता का उद्देश्य केवल अनियमितता रोकना नहीं, बल्कि बेहतर व्यवस्था और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी के सहयोग से दायित्व निभाने की बात कही। ज्वाइनिंग प्रक्रिया के बाद मिश्रा ने उत्पादन संयंत्र का मुआयना किया।



### नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान एकक में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय के अधीन नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान एकक में 30 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यालय के निर्देश पर 14 से 28 सितंबर तक इकाई में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में कलारत्न एवं साहित्य शिरोमणि कवि-गीतकार ठाकुर वीरेंद्रसिंह "चित्रकार" मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी आत्मा है, जो दिल से निकलती है। हिंदी केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि संवेदना, परंपरा और अभिव्यक्ति की सशक्त भाषा है।

इस दौरान उन्होंने काव्यगीत - "ये देश है भारत, भारतीय हम, राष्ट्र भाषा हमारी हिंदी है..." की प्रस्तुति दी। विशेष अतिथि डॉ. ब्रिजमोहन गुप्ता, प्राचार्य सैफिया हमीदिया तिब्बिया कॉलेज ने कहा कि हमें हिंदी के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। डॉ. तनवीर जिनवाला ने कहा कि इकाई में सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग होना खुशी की बात है।

### ठेका सफाईकर्मियों को कम वेतन, शिकायत पर डराने का आरोप

**खरगोन।** नगर पालिका परिषद में ठेका कंपनी के अधीन काम कर रहे सफाईकर्मी कंपनी के रवैये से नाराज है। गुरुवार को कंपनी पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायत दर्ज कराई है। सफाईकर्मियों का आरोप है कि ठेकेदार तय दर से कम वेतन दे रहा है, विरोध करने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है। एसडीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में मौसाद खान, इरफान, फरदीन, इस्माईल, सोहेल आदि ने बताया कि सफाई कार्य का ठेका गजानन सिक्योरिटी फोर्स निजी लिमिटेड ने लिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आशा ग्राम ट्रस्ट में हुआ सम्मान कार्यक्रम

**बड़वानी ।** अनुभव के सागर वरिष्ठजन का सानिध्य जिन्हें प्राप्त हो रहा है वह सौभाग्यशाली हैं। लंबे वर्षों का अनुभव हमें अपने घर परिवार एवं आसपास के परिवेश में ही बुजुर्गों के सानिध्य में मिल जाता है यह समाज के लिए और नए भारत के लिए अनुभव की सौगात होगी। नालसा एवं सालसा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत बुजुर्गों की देखभाल के लिए विशेष प्रावधान निहित है। उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के संयोजन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अमूल मंडलोई ने कहीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों को साल और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान पहाड़िया डेंटल क्लीनिक के द्वारा निशुल्क रोबोटिक दंत परीक्षण एवं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ मदन सिंह सोलंकी के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। एयू बैंक के द्वारा वरिष्ठ जनों को साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी गई। आशादीप आनंद क्लब के द्वारा आयोजित इंडोर गेम में श्री मंडलोई ने वरिष्ठजनों के साथ केरम खेल कर वरिष्ठों के साथ आनंद के पल साझा किये।

## समाजसेवी श्री लोकरे का निधन, मरणोपरांत किये नेत्रदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

क्षत्रिय मराठा समाज खरगोन के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी सुरेशराव लोकरे का गुरूवार सुबह उनके निज निवास पटेल नगर में आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार कुंदा नदी किनारे मुक्तिधाम में किया गया। कॉलोनी वासियों, समाज जनों व गायत्री परिवार, चंद्रशेखर आजाद संगठन आदि समाज सेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि दी।

समाज के विनोदराव सकुण्डे आदि ने बताया कि श्री लोकरे ने समाजसेवा में अनेकों कार्य किए। उनका जाना समाज को अपुरणीय क्षति है। पुत्र चेतन ने मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृति के पूर्व श्री लोकरे स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे।

बॉक्स में समाजजनों ने बताया कि श्री लोकरे ने जीवित अवस्था में दो व्यक्तियों को अपने नेत्रदान कर रोशनी देने का संकल्प लिया था। वे कई कार्यक्रमों में नेत्रदान के लिए अनेकों लोगों को जागरूक भी करते थे। जिसके लिए एमके इंटरनेशनल आई बैंक के दल सदस्य ने उनके नेत्र दो व्यक्तियों को रोशनी देने के उद्देश्य से ले गए। आई बैंक के सदस्यों ने परिवारजनों को श्री लोकरे के इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र दिया और उन्हें सहानुभूति दी।

### 2 से 8 अक्टूबर तक होगा ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**खंडवा।** पितृ पक्ष के अवसर पर गौ श्रद्धा बहुउद्देशीय सेवा समिति (विचार परिवर्तन क्रांति मंच), खंडवा के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं पितृ तर्पण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। कथा का आयोजन तिथि षष्ठी से त्रयोदशी तक किया जाएगा। कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित राकेश तिवारी रहेंगे। आयोजकों के अनुसार पितृ पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का पर्व है। दिवंगत आत्माओं की शांति, मुक्ति एवं आशीर्वाद की प्राप्ति के उद्देश्य से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

**न्यूज -कॉलम**

## रूस्तम अवार्ड से सम्मानित होंगे एसआई चौहान



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश गृह विभाग की ओर से पुलिस विभाग में पदस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा के लिये केएफ रूस्तम अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। यह एक प्रतिष्ठि सम्मान है। इस बार वर्ष 2024-25 के लिये प्रदेश के 31 पुलिस कर्मियों का चयन किया गया है। जिन्हे परम विशिष्ठ, अतिविशिष्ठ और विशिष्ठ श्रेणी में सम्मानित किया जायेगा। उज्जैन से महाकाल थाने में पदस्थ एसआई चंद्रभानसिंह चौहान का चयन हुआ है। केएफ रूस्तम अवार्ड में चौहान को 50 हजार रूपये और प्रमाण पत्र दिया जायेगा। अवार्ड पाने वालों में भोपाल एटीएस में पदस्थ एसआई रामविलास हुंडा को रिवाल्वर, जावरा में पदस्थ एसआई रघुवीर जोशी, बालाघाट में पदस्थ प्रधान आरक्षक अब्दुल खालिद कुरैशी, भोपाल एटीएस के प्रधान आरक्षक ताराचंद्र शुक्ला, खंडवा एटीएस आरक्षक पंकज सिंहा और भोपाल एटीएस मुख्यालय में पदस्थ आरक्षक अक्षयसिंह को अवार्ड के रूप में 12 बोर की गन के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। 25 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को विशिष्ठ अवार्ड के रूप में नगद राशि के साथ प्रमाण पत्र सौंपा जायेगा। उज्जैन से चयनित एसआई चौहान को पूर्व में राष्ट्रपति पदक, गृह विभाग के विशिष्ठ पदक, कोराना पदक सहित 8 से अधिक अवार्ड मिल चुके है।

## दो डबल मर्डर के 2 आरोपियों को भेजा गया जेल

**उज्जैन।** नीलगंगा और चिमनगंज थाना क्षेत्र में जुलाई और अगस्त माह के दौरान हुये 2 डबल मर्डर मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। नीलगंगा चौराहा पर 18 जुलाई को गोरकर भाईयों की हत्या में ढाई माह से फरार चल रहे आरोपी नितेश उर्फ खलनायक को बालाजी परिसर से बुधवार शाम पकडा गया था। पुलिस से बचने के प्रयास में वह घायल हुआ था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं 26 अगस्त की रात चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग ढाबे पर हुये डबल मर्डर में फरार इनामी आरोपियों सोनू बंजारा और विशाल सांडिया ने सरेंडर किया था। सोनू बंजारा की तबीयत बिगडने के बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं विशाल को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। पूछताछ पूरी और चाकू बरामद होने पर उसे भी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया। सोनू बंजारा की अस्पताल से छुट्टी होने पर गिरफ्तारी की जायेगी।

## तलवार से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्त से दूर

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के पास बुधवार रात शंकरलाल पिता पर्वतलाल बगडावत 45 साल पर तलवार से कान्हा उर्फ मुकेश मालवीय ने हमला कर दिया था। शंकरलाल को सिर में गंभीर चोंट लगी थी। जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पंवासा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर आरोपी कान्हा उर्फ मुकेश की तलाश शुरू की थी, लेकिन गुरूवार शाम तक आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। हमला पुराने विवाद में होना सामने आया था। एसआई नितेश मिठौरे ने बताया कि आरोपी पंवासा क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों से पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## तोलकांटे के पास नाले में मिली लाश

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के महावीर तोलकांटे के पास गुरूवार सुबह नाले से एक व्यक्ति की लाश पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद की है। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। आशंका जताई कि है कि मृतक मजदूर हो सकता है और शराब के नशे में गिरा होगा। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि उसके परिजनों की जानकारी जुटाई जा रही है। शुक्रवार शाम तक परिजनों का पता नहीं चलने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफनाया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 399-1 | 567-8 |
| मेन बाजार | 189-8 | 468-8 |
| कल्याण नाइट | 590-4 | 357-5 |
| मिलन डे | 113-5 | 129-2 |
| मिलन नाइट | 479-0 | 440-8 |
| मधुर डे | 379-9 | 690-5 |
| मधुर नाइट | 158-4 | 356-4 |
| शुभांक | 5 7 | 8 |

**शादी के 9 माह बाद चरित्रशंका में तलवार से किया था हमला....**

# आजीवन कैद में रहेगा पत्नी की हत्या करने वाला पति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शादी के 9 माह बाद चरित्रशंका में पत्नी की तलवार से हमला कर हत्या करने वाले पति को न्यायालय ने आजीवन कैद में रखने की सजा सुनाई है। आरोपी ने हत्या के बाद खुद पुलिस को सूचना दी थी।

उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने बताया कि 25 नवम्बर 2024 को घट्टिया थाना पुलिस को शिवानी उर्फ मंजू की हत्या करने की मौखिक सूचना पति जगदीश पिता बिहारीलाल भारती जाति बंजारा 50 साल निवासी ग्राम दुर्गा कॉलोनी द्वारा दी गई थी। जगदीश ने बताया था कि रात 2 बजे उसने अपनी पत्नी मंजू की चरित्र शंका को लेकर तुलाहेडा रोड स्थित अपने मकान में तलवार से वार करके हत्या कर दी है। जगदीश की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में पुलिस ने मृतिका के भाई शुभम की शिकायत पर जगदीश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। भाई ने बताया था कि उसकी बहन शिवानी उर्फ मंजू की 9 माह दूसरी शादी जगदीश के साथ स्टाम्प पर लिखा-पडी कर हुई थी। शादी के कुछ समय तक उसकी बहन को अच्छा रखा, लेकिन उसके बाद बहन पर चरित्रशंका कर जगदीश द्वारा प्रताडित किया जाने लगा। बहन उसके पास इंदौर में रहने आ गई थी। कुछ दिन पहले वापस तुलाहेडा लौटी थी। जिसका घटना से एक दिन पहले रात में कॉल आया था और बताया कि तेरे जीजा बहुत परेशान कर रहे हैं, वह मुझे मार डालेगा। उसने बहन को सुबह आकर ले जाने की बात कहीं थी। लेकिन सुबह पता चला



कि रात में जीजा ने बहन का मार डाला। पुलिस ने मामले में जगदीश के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। उपनिदेशक अभियोजन के अनुसार मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राकेश बंसल द्वारा फैसला सुनाते हुये आरोपी जगदीश भारती को हत्या की धारा में आजीवन कैद में रखने के साथ 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक नितेश कृष्णन द्वारा की गई।

**दुष्कर्मी को भी मिला आजीवन कारावास**- उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम और तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया द्वारा आरोपी मनोहरलाल उर्फ लालसिंह पिता गोवर्धन वर्तमान आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम ब्राम्हणखेडा थाना महिदपुर रोड को धारा 363 भादवि में 3 वर्ष, 366 भादवि 5 वर्ष व 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष, 5(जे)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास के 3(1)(डब्लू)(एल) एस.सी/एसटी. एक्ट में 02 वर्ष, धारा 3(2)(पांच) एस.सी/एस.टी. एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुये 19 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामला 17 जून 2025 का है। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश के बाद नाबालिग को गुजरात के मोरबी से दस्तयाब किया था। इस दौरान सामने आया था कि आरोपी ने नाबालिग के साथ बार-बार दुष्कर्म किया था। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई थी। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कमलसिंह गोयल विशेष लोक अभियोजक महिदपुर द्वारा की गई।

**बंजारा समाज का पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रदर्शन....**

# दोहरे हत्याकांड से 2 आरोपियों के नाम हटाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा में करणी सेना के 2 गुटो में हुये विवाद के बाद दोहरा हत्याकांड होना सामने आया था। पुलिस ने आरोपियों में सोनू बंजारा और अनिल बंजारा को भी आरोपी बनाया था। गुरूवार को बंजारा समाज ने पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रदर्शन किया और दोनों नाम हटाने की मांग करते हुये सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग रखी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा लक्की दरबार ढाबे पर 26-27 अगस्त की रात करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजयप्रताप और जितेन्द्र उर्फ टम्मू पंवार की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में करणी सेना के पूर्व नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह, अर्पित अटल, सोनू बंजारा, अनिल बंजारा, राकेश बानिया और अन्य के



खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। 28 अगस्त को हत्या में शामिल सोनू बंजारा और विशाल सांडिया ने चिमनगंज थाने में सरेंडर कर दिया था। सोनू बंजारा की तबीयत बिगड गई थी उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को मामले को लेकर बंजारा समाज पुलिस कंट्रोलरूम पहुंचा और प्रदर्शन करते हुये कहा कि दोहरे हत्याकांड में सोनू बंजारा और अनिल बंजारा शामिल नहीं थे। उन पर दर्ज प्रकरण वापस लिया जाये और निष्पक्ष जांच की जाये। उनकी मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जाये। समाजजनों ने जांच को लेकर एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के नाम सीएसपी श्वेता गुप्ता को सौंपा। सीएसपी ने बताया कि बंजारा समाज के लोगों द्वारा कुछ साक्ष्य बताये है। जिसके आधार पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**समाजजनों ने लगाया पुलिस पर आरोप**- सोनू बंजारा के सरेंडर करने और तबीयत बिगडने के बाद बंजारा समाज के लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया और कहा कि पुलिस द्वारा 50 लाख रूपये की मांग की थी। रूपये नहीं देने पर सोनू के साथ मारपीट की गई है। वहीं आरोपों के बाद सामने आया कि सोनू के खिलाफ तीन पुलिसकर्मियों ने प्रापर्टी में निवेश के नाम पर 50 लाख लेने की शिकायत भी चिमनगंज थाना पुलिस को लिखित में की है। फिलहाल वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## चैक बाउंस में उमेश मित्तल को छः माह का सश्रम कारावास

**मामला आनन्द दास के रु. चार लाख वापस नही देने का**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कोर्ट प्रतिनिधि द्वारा होटल व्यवसायी आरोपी उमेशकुमार पिता राधावल्लभमित्तल निवासी जवाहर मार्ग, उज्जैन द्वारा परिवादी आनन्द कुमार पिता श्री रमेशचन्द्र दास निवासी पटनी बाजार उज्जैन से कर्ज अनुबंध से दिनांक 04-10-2018 को रुपये 4,00,000/-उधार प्राप्त किये थे। जिसमें से उसके द्वारा रुपये 3,00,000/- के भुगतान हेतु परिवादी के हित में चेक्स जारी किये थे जिनमें तीन चैक रुपये एक-एक लाख के अनादरित हो गये थे जिनके संबंध में परिवादी द्वारा न्यायालय में धारा 138 निगोशियेबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत परिवाद प्रस्तुत किये थे। तीनो परिवादो में आरोपी उमेश मित्तल को दोषी पाते हुये न्यायालय माननीय पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उज्जैन जिला उज्जैन द्वारा छः माह का सश्रम कारावास भुगताए जाने बाबत दण्डाज्ञा जारी की। तीनो परिवादो में अनादरित चैको की राशि के एवज में क्रमशः रुपये 1,62,056/-, 1,64,300/-एवं रुपये 1,59,788 / प्रतिकर के रुप में दिये जाने के आदेश पारित किये । प्रतिकर की राशि भुगतान न किये जाने की दशा में आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगताए जाने के संबंध में भी दण्डाज्ञा जारी की। परिवादी की ओर से न्यायालय में अभिभाषक श्री नरेन्द्रसिंह सोलंकी ने पैरवी की।

## एक्टिवा सवार को पीछे से आये वाहन ने कुचला

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई दुर्घटना, चालक की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगररोड पर बुधवार-गुरूवार रात डेढ़ बजे सडक दुर्घटना में एक्टिवा सवार की मौत हो गई। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें पीछे से आये चार पहिया वाहन ने एक्टिवा को टक्कर मारी और कुछ दूर तक रौंदा हुआ ले गया। पुलिस को वाहन का नम्बर मिला है, चालक की तलाश की जा रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि रात डेढ़ बजे गाडी अड्डा चौराहा और नगर निगम के बीच हुई दुर्घटना में अशोक नगर के रहने वाले अतुल पिता राजेंद्र अमृत फुले 25 साल की मौत हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। अतुल की मौत हो चुकी थी, उसे चरक अस्पताल भेजा गया एक्टिवा नम्बर और उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई और मामले में मर्ग कायम किया गया। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम से पहले दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें सामने आया कि अतुल की एक्टिवा को पीछे से आये वाहन ने कुचला है। वह टक्कर मारने के बाद एक्टिवा को रौंदा हुआ कुछ दूरी तक पहुंचा था। उसके बाद चालक ने अपना वाहन पीछे लिया और भाग निकला। फुटेज के आधार पर पुलिस को वाहन का नम्बर एमपी 09 एचजी 0830 मिला है। जिसके माध्यम से वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इधर पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अतुल ट्रेवल्स एजेंसी पर काम करता था। रात में वह इंदिरानगर दोस्त से मिलने गया था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मामले में विवेचना जारी है।

### सोयाबीन बेचने से मना किया तो पिता को मारी कुल्हाडी

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम खोकरिया में रहने वाले जसवंत पिता गोकुलसिंह चौहान 52 साल ने कटाई के बाद सोयाबीन घर में रखी थी। जिसे पुत्र बेचने पर अडा हुआ था। पिता ने सोयाबीन बेचने से मना किया तो पुत्र ने कुल्हाडी से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग निकला। घायल जसवंत की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट का दूसरा मामला माकडोन के ग्राम उमराझर में हुआ। भंवरसिंह गुर्जर का पुत्र ढाबे पर काम करता है। भंवरसिंह ने पुत्र को ढाबे पर काम करने से मना किया। इस बात का पता पुत्र के साथ काम करने वाले का चला तो उसने भंवरसिंह पर घर में घुसकर लाठी से हमला कर दिया। उक्त मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## हलवाई ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** हलवाई का काम करने वाले शराबी ने बुधवार रात चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी और बेटा घर लौटे तो घटना का पता चला। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। दमदामा क्षेत्र में रहने वाला राजू पिता रामसिंह सिकरवार 40 साल ने रात में चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। गुरूवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक हलवाई का काम करता था और शराब पीने का आदी था। शाम को पत्नी रीता और बेटा कपिल बाजार गए थे। उसी दौरान राजू सिकरवार ने फांसी लगाई थी। पत्नी और बेटे के लौटने पर घटना का पता चला। पुलिस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर फांसी लगाने के कारणों की जांच शुरू की जायेगी।

## दुर्घटना में घायल पेंटर की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** देवास की जीवाजी कालोनी में रहने वाला मेहरबान पिता जगदीश यादव 2 दिन पहले विजयागंजमंडी स्थित ग्राम जलालखेडी में सडक दुर्घटना का शिकार हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे, निजी अस्पातल में गुरूवार तडके मेहरबान की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि मेहरबान पेंटरी का काम करता था और विजयागंज मंडी से वापस लौट रहा था, उसे चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी थी। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच विजयागंजमंडी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

## उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में 6 से अधिक वार्ड बढने की संभावना

**बढ़ते शहरीकरण से नए क्षेत्र जोड़ने, हटाने और नए निकाय गठन पर भी देना होगी जानकारी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले शहरों की सीमाओं, वार्डों की संख्या और परिसीमन में बदलाव की प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 28 सितंबर को प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर नगरीय क्षेत्रों की सीमावृद्धि, वार्डों की संख्या, वार्ड परिसीमन और आरक्षण आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत उज्जैन नगर निगम में बढते शहरीकरण के तहत 6 वार्ड बढने की संभावना बन रही है।

स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए नगरीय निकाय की सीमा बढ़ाने की जरूरत होने पर प्रस्ताव तैयार करने के साथ किसी क्षेत्र को नगरीय सीमा में शामिल या बाहर करने तथा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता संबंधी जानकारी भी मांगी गई है। सभी आवश्यक अभिलेख और जानकारी के साथ स्पष्ट प्रस्ताव 31 अक्टूबर तक आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को भेजना होगा। इधर जिला शहरी विकास अभिकरण इस जानकारी से अंजान है। उसके प्राधिकृत अधिकारी इसकी जानकारी से अनभिज्ञता जता रहे हैं।

**उज्जैन में 6 वार्ड बढने की संभावना**-उज्जैन के बढते शहरी को देखते हुए यहां पूर्व से ही 6 वार्ड बढने की संभावना तो बनी ही हुई है। इसे लेकर वर्ष 2018 में भी प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा गया था। जिला शहरी विकास अभिकरण की और से इसके बाद भी जानकारियों की मांग पर प्रस्ताव भेजे गए है। पिछले 8 वर्षों में इसके बाद भी बढते शहरीकरण में कालोनियों का फैलाव होता रहा है। बराबर इंदौर रोड,बडनगर बायपास रोड के साथ ही देवास रोड एवं तराना कानीपुरा रोड के साथ मक्सी रोड एवं आगर रोड के ग्राम पंचायतों तक कालोनियों का फैलाव हुआ है। बडनगर रोड पर भी यही हाल हुए हैं। ऐसे में सामान्य रूप से ही 6 वार्डों के बढने की प्रारंभिक स्थिति ही सामने है। इसके उपरांत बढते शहरीकरण को संज्ञान में लेकर अगर सर्वे के आधार पर कार्रवाई होती है तो वैसे 10-12 नए वार्ड की स्थिति बनना तय है।आसपास की कई ग्राम पंचायतों को उज्जैन नगर निगम में शामिल करने की स्थिति निर्मित हो चुकी है।

**क्षेत्र को शामिल करने और हटाने को लेकर बनेगें प्रस्ताव**-शासन के आदेश में मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 और मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम 1956 की संबंधित धाराओं का उल्लेख किया गया है। इसमें नगरीय क्षेत्र की सीमाओं के भीतर किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र को शामिल करने या अपवर्जित करने के प्रावधानों के तहत प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई है। साथ ही नगरपालिका और नगर निगमों में वार्डों की संख्या तथा क्षेत्र के निर्धारण और वार्डों के परिसीमन से संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण के फलस्वरूप यदि किसी नगरीय निकाय की सीमावृद्धि की आवश्यकता महसूस होती है तो प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसी तरह किसी क्षेत्र को नगरीय निकाय की सीमा में शामिल करने या बाहर करने अथवा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता होने पर उससे संबंधित आवश्यक अभिलेख और जानकारी भी प्रस्ताव में शामिल करना होंगे। शासन के इस निर्देश से आगामी नगरीय चुनाव के पहले निकायों की मौजूदा सीमा और वार्ड संरचना की समीक्षा की प्रक्रिया शुरू होगी। किसी क्षेत्र को शामिल करने या वार्डों की संख्या बदलने का प्रस्ताव तय नहीं हुआ

**मंदिर समिति पुरानी व्यवस्था को नए स्वरूप में वापस लाई....**

# एक बार फिर से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलेगा निःशुल्क प्रसाद

### आज से चने, चिरौंजी और रेवड़ी का सूखा प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रसाद की पुरानी व्यवस्था को नए कलेवर में सजा कर एक बार फिर से लाई है। पूर्व में निषेध मार्ग पर तिलक एवं चिरोंजी प्रसाद वितरण की व्यवस्था थी। अब शुक्रवार से दोनों निकासी मार्ग पर श्रद्धालुओं को चना,चिरोंजी और रेवडी का सूखा प्रसाद वितरित किया जाना तय किया गया है।

बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंध समिति एक बार फिर से पुरानी व्यवस्था निःशुल्क प्रसाद वितरण पर लौट रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूर्ववत अब दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को प्रतिदिन निःशुल्क प्रसाद उपलब्ध कराया



जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार, यह व्यवस्था शुक्रवार से पूनःशुरू होगी। पूर्व में यह व्यवस्था 2022 तक मंदिर में रही है। तत्कालीन प्रशासक गणेश धाकड के समय इसे विस्तारित कर ओंकारेश्वर के सामने बड के पेड के नीचे प्रसाद, तिलक एवं कलावा बांधने की व्यवस्था को अंजाम दिया गया था।

**दो निकास द्वारों पर रहेगी व्यवस्था**- दर्शन के बाद मंदिर से बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो प्रमुख निकास द्वारों पर प्रसाद वितरण केंद्र बनाए जाएंगे। यहां पैकेट के रूप में सूखा प्रसाद दिया जाएगा। पूर्व व्यवस्था में खुले रूप से चिरोंजी एवं मूंगफली के दाने का प्रसाद देते हुए तिलक लगाया जाता था अब नई व्यवस्था में पैकेट में प्रसाद दिया जाएगा , अब भी श्रद्धालुओं को तिलक के लिए बाहर घुमने वालों के भरोसे रहना होगा। प्रसाद के पैकेट में चने, चिरौंजी और रेवड़ी शामिल होंगे। पैकेट में प्रसाद दिए जाने से श्रद्धालु इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे।

**भगवान को भोग के बाद श्रद्धालुओं को वितरण**- मंदिर समिति के मुताबिक, प्रतिदिन सुबह पूजा-अर्चना और भगवान महाकालेश्वर को नैवेद्य एवं भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद दर्शन कर बाहर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा।

# ज्ञानियों के गुण



आपके मन में यह सवाल उठता होगा कि पाप क्या पुण्य को नष्ट नहीं करता होगा? असल में, जब तक मैं कर्ता हूं ऐसा भाव रहता है, तब तक मनुष्य को अपने कर्मों का परिणाम अवश्य भुगतना पड़ता है, चाहे वे अच्छे हों या बुरे। एक कर्म को दूसरा कर्म कैसे काट सकता है? जब मैं कर्ता हूं ऐसा ख्याल नष्ट हो जाता है, तब मनुष्य को कुछ भी प्रभावित नहीं कर पाता, लेकिन मनुष्य जब तक आत्म-साक्षात्कार नहीं कर लेता, मैं कर्ता हूं का विचार कभी नष्ट नहीं हो सकता। जिसने आत्म-साक्षात्कार कर लिया है, उसे जप या तप की क?या आवश्यकता है? प्रारब्ध-बल से जीवन चलता रहता है, लेकिन आत्मज्ञानी किसी वस्तु की इच्छा नहीं करता।

प्रारब्ध कर्म तीन प्रकार का है : इच्छा, अनिच्छा और परेच्छा। आत्मज्ञानी के लिए इच्छा प्रारब्ध नहीं है, लेकिन शेष दो अनिच्छा और परेच्छा रहते हैं। ज्ञानी सब कुछ सिर्फ दूसरों के लिए करता है। यदि उसे दूसरों के हित के लिए कुछ कार्य करने होते हैं, तो वह करता है, परंतु इनके भी परिणामों से अस्पृष्ट रहता है। ज्ञानी पुरुष से जो भी कर्म होते हैं, उनसे उसे पुण्य या पाप लगता नहीं, लेकिन वे दुनिया में जिन्हें सबके द्वारा स्वीकृत योग्य कर्म माने जाते हैं, उन्हीं को करते हैं, दूसरा कुछ नहीं करते।

जो लोग इस सत्य को जानते हैं कि इस जीवन में उन्हें जो सुख या दुख अनुभव करना है, वह उनके प्रारब्ध के अनुसार पूर्व-निश्चत है, वे उन्हें क्या अनुभव करना पड़ेगा, ऐसी चिंता से व्यथित या भयभीत नहीं होते। जानना चाहिए कि मनुष्य को जो भी अनुभव करना है, वह उसे चाहे या न चाहे, उस पर अवश्य लादा जाएगा।

चूंकि आप मानते हैं कि आप एक शरीर हैं, इसलिए सोचते हैं कि ज्ञानी की भी शरीर है। क्या ज्ञानी ऐसा कहता है, उसका एक शरीर है? आपको वह शरीर वाला दिख सकता है, उस शरीर से दूसरों की तरह कर्म करता हुआ भी दिख सकता है, पर वह स्वयं जानता है कि वह अशरीर है। जली हुई रस्सी, रस्सी जैसी दिखती है, लेकिन वह किसी चीज को बांधने का काम नहीं कर सकती। ज्ञानी की स्थिति इसी प्रकार की है। वह अन्य मनुष्यों जैसा दिखता है, लेकिन वह केवल बाहरी दिखावा है।

कभी-कभी कहा जाता है कि ज्ञानी का शरीर प्रारब्धवेग के रहने तक रहता है और प्रारब्धक्षय होने पर नष्ट हो जाता है। इसके लिए धनुष से छूटे बाण का उदाहरण दिया जाता है, जो लक्ष्यभेद होने तक गति में रहता है। सत्य यह है कि ज्ञानी प्रारब्धसहित सब कर्मों से परे है; वह शरीर एवं उसके कर्मों से बंधा हुआ नहीं है। उन महात्माओं के लिए प्रारब्ध का अणुमात्र भी शेष नहीं रहता, जो निरंतर अहमस्मि (मैं ब्रह्म हूं) रूप से प्रकाशित हो रहे हैं।



## सम्पादकीय

# सियासी सरगर्मी

देश की राजनीति धीरे-धीरे आक्रामक होती जा रही है। मुख्य विपक्षी गठबंधन के नेताओं की दिल्ली में आयोजित बैठक इसी आक्रामकता की महत्वपूर्ण कड़ी है। विपक्षी दलों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के स्थान पर कागजी मतपत्रों की मांग दोहरा दी है। विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और प्रधानमंत्री के प्रति जिस ढंग से अविश्वास व्यक्त किया है, उससे साफ अंदाजा हो जाता है कि आने वाले दिनों में राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ने वाली है। मुख्य विपक्षी गठबंधन ने पांच सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की है, जिस पर विशेष रूप से सत्ताधारी गठबंधन को गौर करना चाहिए। इंडिया ब्लॉक के लगभग सभी दल बैठक में आए और सबने एकजुट होकर लड़ने का फैसला सुनाया है। तीन घंटे चली बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की यह घोषणा बहुत मायने रखती है कि बैठक में भाग लेने वाले सभी नेता ईवीएम के स्थान पर कागजी मतपत्रों के उपयोग पर शत-प्रतिशत सहमत हैं। चुनाव आयुक्तों से जुड़े जो कानूनी संशोधन हुए हैं, उनके प्रति भी विपक्ष का रुख पूरी तरह असहमति का है। विपक्ष एकजुट होकर इन संशोधनों को रद्द कराना चाहता है।

इंडिया ब्लॉक की बैठक में कुछ ऐसे सवाल फिर उठे हैं, जो विगत दो वर्ष से लगातार उठ रहे हैं। क्या चुनाव आयोग का इस्तेमाल सत्ताधारी गठबंधन कठपुतली की तरह कर रहा है? क्या धोखे से चुनाव जीते जा रहे हैं? यहां विपक्ष को पूरी तैयारी के साथ सामने आना पड़ेगा। क्या वोटों के कटने या जुड़ने से हार-जीत तय हुई है? अगर ऐसे हार-जीत तय हुई है, तो कितनी सीटों पर ऐसा हुआ है? क्या अभी तक आए किसी शोध या अध्ययन ने वोटचोरी को साबित कर दिया है? इंडिया ब्लॉक के नए आरोपों के बाद यह एक बेहतर और जरूरी शोध का विषय है। अगर ईवीएम मशीनें वाकई चूकने लगी हैं, तो उनसे पल्ला झाड़ने में संकोच नहीं करना चाहिए, लेकिन उससे पहले वोटचोरी को अकाट्य रूप से साबित करने की जरूरत है। वैसे, यह गौर करने की बात है कि राजनीति कई बार सिर्फ नैरेटिव बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ती है। यह कहना ही चाहिए कि आज जो राजनीतिक सरगर्मी दिख रही है, वह वास्तव में, नैरेटिव बनाने की बेचैनी से उपजी है। इसी कड़ी में इंडिया ब्लॉक के नेता 2 से 8 अक्तूबर तक पूरे देश में लोकतंत्र बचाओ मार्च का आयोजन करेंगे।

## युवाओं को नशे से बचाओ

# नशे को महिमा मंडित करने वाले विज्ञापन बंद हो

सेलिब्रिटी और सार्वजनिक व्यक्तित्व समाज में एक विशेष प्रभाव रखते हैं। उनके शब्दों,



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

व्यवहार और जीवनशैली को मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से लोगों तक पहुँचाया जाता है, जिससे वे विशेषकर युवाओं के लिए प्रभावशाली आदर्श बन जाते हैं। यह लोकप्रियता केवल अवसर ही नहीं देती, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी पैदा करती है। नशे की लत आज स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक समरसता के लिए गंभीर चुनौती है। सामाजिक प्रभाव का अर्थ दूसरों के विचारों, दृष्टिकोण और व्यवहार को प्रभावित करने की क्षमता से है। फिल्म कलाकारों, खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, अधिकारियों और अन्य सार्वजनिक व्यक्तित्वों का प्रभाव मनोरंजन या प्रशासन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि तब नैतिक जिम्मेदारी का रूप ले लेता है, जब वह नशीले पदार्थों के सेवन जैसे जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णयों पर असर डालता है। जब सार्वजनिक व्यक्तित्व गीतों, फिल्मों, सोशल मीडिया पोस्ट या व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से नशे को सामान्य या आकर्षक रूप में प्रस्तुत करते हैं, तो इससे युवाओं में यह संदेश जा सकता है कि नशा स्वीकार्य, आधुनिक या सफलता का आसान रास्ता है। इसके विपरीत, जब वे नशामुक्त जीवनशैली को अपनाते हैं, नशे के खिलाफ बोलते हैं और पुनर्वास का समर्थन करते हैं, तो वे नशे को मना करना सामाजिक रूप से सम्मानजनक विकल्प बनाने में मदद कर सकते हैं।

युवा अक्सर उन्हीं लोगों का अनुकरण करते हैं, जिन्हें वे अपना आदर्श मानते हैं। ऐसे खिलाड़ी जो फिटनेस, अनुशासन और नशामुक्त जीवनशैली पर जोर देते हैं, वे युवाओं के सामने तत्काल आनंद और नशे की संस्कृति का एक सकारात्मक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। जब खिलाड़ी, फिटनेस इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी खुले तौर पर नशे को अस्वीकार करते हैं, तो स्वस्थ जीवनशैली युवाओं के लिए आकर्षक बनती है। नशामुक्ति से जुड़े विभिन्न अभियानों में फिल्म कलाकारों और खेल जगत की हस्तियों की भागीदारी ने युवाओं को स्वस्थ और जिम्मेदार जीवन चुनने का संदेश दिया है। ऐसे संदेश इसलिए प्रभावशाली हो सकते हैं क्योंकि वे उन व्यक्तियों की ओर से आते हैं, जिन्हें युवा पहले से पसंद और सम्मान करते हैं। सेलिब्रिटी इस धारणा को भी चुनौती दे सकते हैं कि हर कोई नशा करता है या नशा केवल युवावस्था का सामान्य अनुभव है। नशामुक्त भारत अभियान जैसे प्रयासों से जुड़कर सार्वजनिक व्यक्तित्व नशे को जीवनशैली के बजाय एक गंभीर स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौती के रूप में देखने की समझ विकसित करने में योगदान दे सकते हैं। कई सार्वजनिक अभियानों में परिवार के भीतर खुलकर बातचीत करने और नशे से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाने पर भी जोर दिया गया है।

साथियों का दबाव अक्सर युवाओं को नशे के प्रयोग की ओर धकेलता है। जब लोकप्रिय व्यक्तित्व अपने मंचों के माध्यम से नशामुक्त जीवन को प्रोत्साहित करते हैं, तो वे सामाजिक सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे सकते हैं। सोशल मीडिया अभियान, डिजिटल शपथ, जागरूकता कार्यक्रम और युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलनों को सेलिब्रिटी समर्थन मिलने से नशामुक्ति एक सामूहिक सामाजिक संदेश बन सकती है। प्रभावशाली नेतृत्व के साथ संचालित योजनाबद्ध अभियानों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ा जा सकता है। नशे की समस्या अक्सर चुप्पी और शर्म के कारण और गंभीर हो जाती है। सार्वजनिक व्यक्तित्व जब अपने या दूसरों के नशामुक्ति के अनुभवों के बारे में खुलकर बात करते हैं, तो वे नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को केवल दोषी या अपराधी मानने के बजाय सहायता और उपचार की आवश्यकता वाले व्यक्ति के रूप में देखने की सोच विकसित कर सकते हैं। इससे सामाजिक कलंक कम हो सकता है और परिवार प्रभावित व्यक्ति को समय रहते उपचार दिलाने के लिए आगे आ सकते हैं। रैलियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विशेषज्ञों की चर्चाओं और जागरूकता अभियानों को एक साथ जोड़ने वाले प्रयास नशे की रोकथाम और पुनर्वास को सामुदायिक जिम्मेदारी बनाने में मदद कर सकते हैं।

हालाँकि केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है; उसे ठोस और निरंतर कार्रवाई में बदलना भी आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नेतृत्व सेलिब्रिटी प्रभाव का उपयोग दीर्घकालिक नशामुक्ति अभियानों के निर्माण में कर सकते हैं। प्रभावी अभियानों में जागरूकता के साथ कानून का पालन, उपचार, पुनर्वास और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को भी शामिल किया जाना चाहिए। खेल, संस्कृति और विद्यालयों से जुड़ी गतिविधियाँ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सकारात्मक विकल्प उपलब्ध करा सकती हैं। इससे स्पष्ट होता है कि नैतिक नेतृत्व केवल एक-दो भाषणों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए जिसमें युवाओं को शिक्षा, खेल, मनोरंजन, परामर्श और सकारात्मक मित्र समूहों के माध्यम से बेहतर विकल्प मिल सकें। प्रशासनिक अधिकारी राज्य के प्रतिनिधि होने के कारण व्यापक सामाजिक प्रभाव रखते हैं। जब वे विद्यार्थियों और समुदायों को नशे के खिलाफ एक साझा उद्देश्य से जोड़ते हैं, तो यह संदेश मजबूत होता है कि युवाओं को नशे से बचाना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जब प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, शिक्षक और सेलिब्रिटी मिलकर काम करते हैं, तो संदेश को भावनात्मक प्रभाव के साथ संस्थागत समर्थन भी मिलता है।

इन प्रयासों के बावजूद कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं। फिल्मों, संगीत वीडियो और ओटीटी सामग्री में कभी-कभी नशे को आकर्षक, विद्रोही या आधुनिक जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे नशामुक्ति के संदेश कमजोर पड़ सकते हैं। जब नशामुक्त जीवन का संदेश देने वाले सार्वजनिक व्यक्तित्व स्वयं नशे से जुड़े विवादों में दिखाई देते हैं, तो जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है और युवा नशामुक्ति अभियानों को केवल दिखावा मानने लग सकते हैं। जागरूकता अभियानों की पहुँच भी समान नहीं है। शहरी और अंग्रेजी बोलने वाले युवाओं तक अभियान अपेक्षाकृत अधिक पहुँच सकते हैं, जबकि ग्रामीण और वंचित वर्गों के युवा पर्याप्त रूप से इससे जुड़ नहीं पाते। केवल एक दिन की रैली या शपथ का प्रभाव लंबे समय तक बनाए रखना कठिन है, यदि उसके साथ परामर्श, उपचार, पुनर्वास और सामुदायिक सहयोग की व्यवस्था न हो।

## क्षमा करें गांधी जी

घड़ी की सुइयां जब रात के बारह पार कर रही थीं, शहर की बत्तियां बुझ चुकी थीं मगर कचहरी चौराहे के मुहाने पर फिनाइल और ब्लीचिंग पाउडर की तीखी गंध हवा में तैर रही थी। यह वही सालाना खुशबू थी, जिससे इस मुल्क की सड़ांध को ठीक चौबीस घंटे के लिए दफनाया जाता है।

मैं मूर्ति के सामने खड़ा था। संगमरमर के पैर अभी-अभी नगर पालिका के गंदे टैंकर के पानी से धोए गए थे। अचानक उस ठंडे चबूतरे के भीतर से एक भारी, खोखली सी चरमराती आवाज आई। जैसे कोई बहुत पुरानी हड्डी हिली हो।

मैंने अपनी आंखों को मसला। पत्थर के पैर धीरे-धीरे मुड़े, संगमरमर की छाती ने गहरी सांस खींची और मूर्ति ने अपनी लाठी नीचे टिका दी। कोई जादू नहीं था, यह वह वीभत्स सच था जिसे देखने का कलेजा किसी जिंदा आदमी में नहीं होता।

बूढ़े ने झुककर अपनी संगमरमरी उंगलियां मेरे सीने पर रख दीं। ठंडक सीधे मेरी रूह में उतर गई। उनकी आवाज किसी टूटे हुए कुएं की गहराई से आ रही थी, एक बात बताओ... जब किसी को जिंदा काटते हैं तो कितनी चीखें निकलती हैं?

मेरा गला सूख गया। बापू... आप तो बहत्तर साल पहले...

नहीं, उन्होंने अपना पत्थर का चश्मा ठीक किया, जिसकी एक कमानी तार से बंधी थी, तीस जनवरी को तो सिर्फ यह हाड़-मांस गिरा था। असली हत्या तो तुम लोग हर दो अक्टूबर की भोर में करते हो।

उन्होंने चौराहे के उस कोने की तरफ इशारा किया, जहां कल के जलसे का मंच खड़ा था। लाल कालीन के ठीक नीचे गटर का ढक्कन टूटा हुआ था, जिसे दबाने के लिए तिरंगे रंग के कपड़े लपेटे गए थे।

बूढ़ा नीचे उतरा। उसके नंगे पैर सड़क के उस कोलतार को छू रहे थे, जिसे कल रात ही लीपा गया था ताकि साहब की चमचमाती गाड़ी पर धूल न पड़े। वह धीरे-धीरे मंच की सीढ़ियां चढ़ने लगा।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02अक्टूबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:18सूर्यास्त 18:13
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि- षष्ठी12:03 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र- रोहिणी07:11 उपरांत मृगशिरा 05:32 उपरांत आर्द्रा
योग- व्यतिपात 21:47 उपरांत वरियान
करण - वणिज
चन्द्रमा - वृषभ मे है 18:22 पर मिथुन मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 19तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में आपकी निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
**वृषभ-** व्यापार में नए विचारों और नेटवर्किंग से लाभ मिलने की संभावना है।
**मिथुन-** प्रेम संबंधों में आपसी समझ बढ़ेगी और दूरियां कम होंगी। धन की स्थिति सामान्य रहेगी, बुद्धिमानी से निवेश करें।
**कर्क-** कार्यस्थल पर आपकी मेहनत को सराहा जाएगा और सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सौदों में थोड़ी सतर्कता और सोच-समझ की जरूरत है।
**सिंह-** पारिवारिक जीवन में सुख-शांति और आपसी तालमेल रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, खानपान पर ध्यान दें।
**कन्या-** पुराने रुके हुए पैसे वापस मिलने की संभावना बन सकती है। मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।
**तुला-** नौकरी और करियर में नए अवसर आपका ध्यान आकर्षित करेंगे। व्यापार में गति पकड़ सकती हैं।
**वृश्चिक-** दांपत्य व प्रेम जीवन में सामंजस्य और विश्वास बढ़ेगा। अचानक धन लाभ या आर्थिक प्रगति के संकेत हैं।
**धनु-** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और कार्यस्थल पर प्रशंसा होगी।
**मकर-** व्यापार में विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। संतान पक्ष से खुशी की खबर मिल सकती है।
**कुंभ-** आर्थिक प्रयास सफल होंगे और आय में वृद्धि हो सकती है।आरोग्य अच्छा बना रहेगा।
**मीन-** कार्यस्थल पर अपनी बात और विचारों को प्रभावी ढंग से रख पाएंगे। व्यापार में मध्यम लाभ के योग हैं।

## संजा का सातवां दिन

# अलग-अलग नाम से विभिन्न प्रांतों में मनाते पर्व



संजा पर्व अकेले मालवा या राजस्थान का न होकर अन्य प्रदेशों में भी रचा बसा है। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, में भी इसे मनाया जाता है। वहीं मालवा, बुंदेलखण्ड में भी इसका 16 दिनों तक जोर रहता है। महाराष्ट्र में जहां संजा को गुलाबाई कहते हैं वहीं राजस्थान में हंजा व संझया, हरियाणा में सांझी दूधा, मिथिलाप्रदेश में सांझी, बुंदेलखण्ड में सुअरा घर्ण, निमाड़ में संझा फूली के नाम से बुलाते हैं। संजा के माण्डने इन सभी जगहों पर बनाए जाते हैं तो इनमें सामंजस्य देखने को मिलता है। लोक कला के लेखक एवं राजस्थान के ख्यात हस्ताक्षर डॉ. भानावत महेन्द्र के अनुसार फूल, बीजणी, छबड़ी, घेवर, चौपड़, पंछेटा, चांद-तारे, कौआ, बंदनवार, खजूर, निसरनी, सुआ, तोता, मोर-मोरनी आदि सभी जगहों पर बनाए जाते हैं। इनके अलावा स्थानीय चीजों के माण्डने बनाते हैं जो तात्कालिक समय में बनाए जाते रहे होंगे। अंकन गोबर से ही होता है और शाम को ही आरती, पूजा की जाती है। गीत भी तकरीबन एक जैसे है, स्थानीय बोली का पुट बदल जाता है।

यह माण्डने परिवार में अल्पायु में मृत्यु को प्राप्त हुए परिजनों की स्मृति में होते हैं। संजा की मृत्यु भी अल्पायु में हुई थी। इस माण्डने को लेकर बुजूर्गो का कहना है कि संजा की अल्पायु में मौत, श्राद्ध के दिनों में संजा का अंकन तथा पर्व के रूप में कुंवारियों द्वारा इसे मनाना और 16 दिनों तक अंकन होकर पूर्णिमा से अमावस्या तक कुंवारियों द्वारा इस व्रत का पालन करना सिखाता है कि जिसप्रकार से जीवन के 16 बसंत के बाद योवन आता है और लड़कियों को विवाह की दहलीज पर अथवा बालपन में विवाह हो गया है तो गोना करना होता है। ठीक उसी प्रकार ऋतु कोई सी भी हो, पूर्णिमा से अमावस्या तक 16 तिथियां हर ऋतु में आती है। याने ऋतु बदलती है तिथियां नहीं, वैसे ही विवाह होने पर घर बदल जाता है लेकिन लड़कियों को अपने संस्कार नहीं बदलना चाहिए।

अतल बतल की तोरियां
ने कई बेतल की तलवार जी
कुण सो बीरो बाग लगाए
कुण सी बेन्या सींचे जी
चांद-सूरज बीरा बाग लगाए
संजा बेन्या सींचे जी
संजा बेन्या चाल्या सासरे
म्हारा बाग सूख्या जावेजी
सिक्का लेई लो, जेवर लेई लो
म्हारा संजा बई ने पाछा बुलाओ जी
बई तो आया मायरे
म्हारो बाग लेरया लेवे जी

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

# बच्चों को विरासत में क्या दे रहे हैं–संस्कार या समझौते?

ईमानदारी, कर्तव्य और देश के प्रति जिम्मेदारी की शिक्षा बचपन से देने की जरूरत आज के सामाजिक परिवेश में एक चिंताजनक प्रवृत्ति धीरे-धीरे सामान्य होती



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

दिखाई दे रही है। कई बार हम किसी व्यक्ति की सफलता या संपन्नता को देखकर यह कह देते हैं कि उसने आगे बढ़ने के लिए बहुत पैसा खर्च किया है, इसलिए अब इतना कमाना उसका अधिकार है। इसी तरह किसी कार्यालय या विभाग में काम पड़ने पर यह सोच भी सामने आती है कि अमुक पद पर बैठे व्यक्ति को इस काम के बदले कुछ देना तो पड़ेगा ही। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हमने ऐसी परिस्थितियों को स्वीकार करना सीख लिया है, जिनके खिलाफ कभी आवाज उठानी चाहिए थी?

यह केवल व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सोच और आने वाली पीढ़ी के संस्कारों का भी प्रश्न है। जब बच्चे अपने आसपास यह देखते हुए बड़े होते हैं कि पैसा देकर काम करवाना सामान्य बात है, पद के अनुचित लाभ को सहज मान लिया जाता है और ईमानदारी से अधिक महत्व किसी तरह अपना काम निकलवाने को दिया जाता है, तो अनजाने में वही सोच उनके मन में भी जगह बना सकती है।

यदि आज हम इस मानसिकता पर विचार नहीं करेंगे तो आने वाले समय में आम आदमी के लिए सामान्य और सम्मानजनक जीवन जीना और कठिन हो सकता है। इसलिए बदलाव की शुरूआत केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि घर और विद्यालय से भी होनी चाहिए।

बच्चा जब पहली कक्षा में प्रवेश करता है, तभी से उसके पाठ्यक्रम और व्यवहारिक शिक्षा में ईमानदारी, कर्तव्य, अनुशासन, देश के प्रति जिम्मेदारी, सार्वजनिक संपत्ति के प्रति सम्मान और गलत तरीके से लाभ लेने से बचने जैसे मूल्यों को स्थान मिलना चाहिए। इसके लिए अलग से नैतिक नागरिकता एवं राष्ट्र सेवा जैसे विषय की कल्पना की जा सकती है। इस शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार से जोड़ना अधिक प्रभावी होगा। बच्चों को यह समझाया जाए कि ईमानदारी केवल परीक्षा में नकल न करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सही रास्ता चुनना ही वास्तविक ईमानदारी है।

इस विषय को पढ़ाने के लिए समाज के अनुभवी और अनुशासित लोगों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। विशेष रूप से सेवानिवृत्त सैनिकों को विद्यालयों में आमंत्रित कर बच्चों के साथ संवाद कराया जा सकता है। देश की सेवा, अनुशासन, कर्तव्य और त्याग का प्रत्यक्ष अनुभव रखने वाले लोग बच्चों को इन मूल्यों को व्यवहारिक रूप से समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। देश केवल बड़ी इमारतों, सड़कों और आर्थिक विकास से मजबूत नहीं होता। देश की असली ताकत उसके नागरिकों के चरित्र में होती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बच्चों को केवल सफल बनने की शिक्षा न दें, बल्कि सही रास्ते पर सफल बनने की शिक्षा दें। उन्हें यह समझाएं कि पद बड़ा होने से व्यक्ति बड़ा नहीं होता, बल्कि उसके आचरण, ईमानदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी से उसका सम्मान बढ़ता है।

यदि आज की पीढ़ी अपने बच्चों को ईमानदारी का मूल्य देगी, तो आने वाली पीढ़ी उन गलत प्रवृत्तियों को सामान्य मानने से इंकार कर सकती है, जिन्हें आज हम मजबूरी समझकर स्वीकार कर लेते हैं।

भविष्य की पीढ़ी कैसी होगी, इसका फैसला केवल बच्चे नहीं करेंगे–उनके संस्कार और आज का हमारा आचरण भी करेगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## धर्म-आस्था

# श्राद्ध की परंपरा कैसे प्रारम्भ हुई?

अभी वर्तमान दिवसों में भारतीय सनातन धर्म में श्राद्ध का बड़ा महत्व दशार्या गया है। और वर्तमान के



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

सोलह दिवस अनंत चतुर्दशी के पश्चात से श्राद्ध पक्ष के रूप में ही जाने जाते हैं । श्रद्धा अर्थात हमारे पितृ एवं पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धा को ही श्राद्ध के रूप में वर्णन किया गया है। श्रद्धा की यह परम्परा श्राद्ध के रूप में किस प्रकार ऋषियों के द्वारा हमें प्रदान की गई है,के विषय में हमारे धर्मशास्त्रों में अत्यन्त विस्तृत विधान प्राप्त होता है। श्राद्ध केवल मृत पूर्वजों के स्मरण का अवसर नहीं, अपितु शास्त्रविहित पितृयज्ञ है।

महाभारत के अनुशासनपर्व में स्वयं युधिष्ठिर ने भीष्म पितामह से प्रश्न किया था कि–

केन संकल्पितं श्राद्धं कस्मिन्काले किमात्मकम्।
भृग्वङ्गिरसके काले मुनिना कतरेण वा॥

अर्थात–श्राद्ध की कल्पना किसने की, किस काल में हुई और इसकी विधि किस मुनि ने प्रतिष्ठित की?

इस प्रश्न के उत्तर में भीष्म पितामह ने श्राद्ध की प्रवृत्ति से संबंधित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रसंग सुनाया।

॥ महर्षि अत्रि के वंश में महर्षि निमि ॥

महाभारत के अनुसार स्वयम्भू ब्रह्मा से महर्षि अत्रि उत्पन्न हुए। उनके वंश में दत्तात्रेय हुए और दत्तात्रेय के पुत्र थे–महर्षि निमि।

महर्षि निमि के पुत्र का नाम श्रीमान् था। उन्होंने एक हजार वर्ष तक अत्यन्त कठिन तपस्या की और कालधर्म को प्राप्त हुए।

पुत्र-वियोग से महर्षि निमि अत्यन्त दुःखी हुए। शास्त्रोक्त शौचादि कर्म सम्पन्न करने के पश्चात उन्होंने अपने पुत्र के निमित्त श्राद्ध-विधान का चिन्तन किया।

महाभारत में वर्णन है कि अमावस्या के दिन उन्होंने ब्राह्मणों को आमन्त्रित कर उनका पूजन किया, उन्हें भोजन कराया और दक्षिणाग्र कुशों के साथ अपने पुत्र श्रीमान् के नाम एवं गोत्र का उच्चारण करते हुए पिण्ड प्रदान किया।

प्रददौ श्रीमते पिण्डं नामगोत्रमुदाहरन॥
– महाभारत, अनुशासनपर्व, 13-91-15

अर्थात–महर्षि निमि ने नाम और गोत्र का उच्चारण करते हुए श्रीमान के लिए पिण्ड प्रदान किया।

॥ निमि को हुआ संशय ॥

यह कर्म करने के बाद निमि के मन में विचार आया–

अकृतं मुनिभिः पूर्वं किं मयैतदनुष्ठितम।

अर्थात–क्या मैंने ऐसा कर्म तो नहीं कर दिया जिसे पूर्वकाल में मुनियों ने कभी नहीं किया?

वे चिन्तित हुए और अपने वंशकर्ता महर्षि अत्रि का ध्यान किया।

ध्यान करते ही तपोधन महर्षि अत्रि वहाँ प्रकट हुए।

॥ महर्षि अत्रि ने बताया–यह पितृयज्ञ ब्रह्मा द्वारा पूर्वविहित है ॥

महर्षि अत्रि ने पुत्र-वियोग से पीड़ित निमि को सांत्वना देते हुए कहा–

निमे संकल्पितस्तेऽयं पितृयज्ञस्तपोधन।
आ ते भूद्धीः पूर्वदृष्टो धर्मोऽयं ब्रह्मणा स्वयम॥

और आगे–

सोऽयं स्वयंभुविहितो धर्मः संकल्पितस्त्वया।
ऋते स्वयंभुवः कोऽन्यः श्राद्धेयं विधिमाहरेत॥

अर्थात–हे निमि! तुमने जो यह पितृयज्ञ संकल्पित किया है, उससे भयभीत मत हो। यह धर्म पूर्व से ही ब्रह्मा द्वारा दृष्ट एवं विहित है। यह वही धर्म है जिसे स्वयम्भू ने निर्धारित किया है। स्वयं स्वयम्भू के अतिरिक्त श्राद्ध की ऐसी विधि कौन निर्धारित कर सकता है?

इससे एक महत्वपूर्ण बात स्पष्ट होती है–

महाभारत के अनुसार श्राद्ध-विधि का मूल विधान महर्षि निमि द्वारा नवीन रूप से बनाया हुआ नहीं था; यह स्वयम्भू ब्रह्मा द्वारा पूर्वविहित पितृयज्ञ था। महर्षि निमि के प्रसंग में इसकी विधि पुनः प्रकट और व्यवस्थित रूप से सामने आती है।

॥ श्राद्ध में अग्नि और देवताओं का स्थान ॥

महर्षि अत्रि आगे श्राद्ध की उत्तम विधि बताते हैं–

कृत्वाग्निकरणं पूर्वं मन्त्रपूर्वं तपोधन।
आतोऽर्यम्णे च सोमाय वरुणाय च नित्यशः॥

अर्थात पहले मन्त्रपूर्वक अग्निकार्य किया जाए और तत्पश्चात अर्यमन, सोम तथा वरुण आदि को अर्पण किया जाए।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,26,600 पाट- 2,26,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## ट्रेन से गिरने पर युवक का पैर और हाथ की उंगलियां कटी

**शाजापुर।** चलती ट्रेन से उतरते समय गिरने से युवक के हाथ की उंगलिया और पैर कट गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर भोपाल से विदिशा लौट रहे हिमांशु कुरमी और राम रईस साहू को ट्रेन का रूट बदलने की जानकारी नहीं थी। उन्हें लगा कि वे गलत ट्रेन में बैठ गए हैं, इसी गफलत में दोनों ने शुजालपुर स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की। हिमांशु तो उतर गया लेकिन राम रईस फिसलकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। हादसे में उसके दाएं पैर का पंजा और हाथ की उंगलियां कटकर अलग हो गईं। रेलवे पुलिस ने घायल राम रईस को तुरंत शुजालपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे निजी अस्पताल रेफर किया गया है। हिमांशु ने बताया कि मोबाइल बंद होने से उन्हें रूट बदलने की जानकारी नहीं मिल पाई थी।

## बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने, 5 से 15 दिन तक वेतन काटने के निर्देश

**देवास।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मॉडरेट एनीमिया के मामलों में बीएमओ बागली को एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करने को कहा। बीपीएम बागली और बरोठा का 10-10 दिन, शहरी नोडल अधिकारी का 5 दिन तथा बीपीएम खातेगांव और कन्नौद का 15-15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। गंभीर एनीमिया के प्रबंधन में लापरवाही पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से निचले स्तर तक जिम्मेदारों का 7-7 दिन का वेतन काटने को कहा। मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा में शिवनगर इटावा मामले में निजी चिकित्सक डॉ. राहुल व्यास के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए। रामउदय अस्पताल सीहोर, आशीर्वाद अस्पताल और मां पीतांबरा अस्पताल उज्जैन के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजने को कहा।

## 9 और 8 साल से लंबित मामलों में 8 लाख की वसूली

**देवास।** देवासे परिवार न्यायालय में लंबे समय से लंबित भरण-पोषण राशि की वसूली के मामलों में पुलिस कार्रवाई तेज हुई है। 9 साल और 8 साल से लंबित दो मामलों में करीब 8 लाख रुपए की वसूली की गई। न्यायालय के आदेश के बावजूद राशि जमा नहीं करने पर पुलिस ने संबंधित पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके बाद परिजनों ने पूरी बकाया राशि एकमुश्त जमा करा दी। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने जिले के थाना प्रभारियों की बैठक लेकर न्यायालय से जारी वारंट की तामील कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने लंबित वारंटों पर कार्रवाई शुरू की। दोनों मामलों में अधिवक्ता अरुणा चौधरी ने संबंधित व्यक्ति का सही पता पुलिस को उपलब्ध कराया, जिससे गिरफ्तारी हुई। और 8 लाख रुपए जमा कराए।

# आगे अग्नि की हांडी... कंधों पर प्रतीकात्मक अर्थी कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त का विरोध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



कंधों पर प्रतीकात्मक अर्थी, आगे अग्नि की हांडी और चारों तरफ गूंजते नारे... बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर के बाहर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस अंदाज में हुआ। एसआईआर प्रक्रिया और मतदाता सूचियों में नाम काटे जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता भोपाल चौराहे पर जुटे। यहां से मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रतीकात्मक अर्थी कंधों पर रखकर कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट की ओर रवाना हुए। यात्रा के आगे एक कार्यकर्ता अग्नि की हांडी लेकर चल रहा था। पूरे रास्ते लोकतंत्र की हत्या नहीं सहेंगे, देखो-देखो कौन आया... चोर आया, चोर आया जैसे नारे गूंजते रहे।

कलेक्टोरेट पहुंचने के बाद परिसर के बाहर प्रतीकात्मक अर्थी का दहन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। महिला कार्यकर्ताओं ने काली पगड़ी और काला साफा पहनकर विरोध दर्ज कराया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने ज्ञापन का वाचन किया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम अवैध तरीके से काटे गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन में प्रदीप चौधरी, गुरुचरण सिंह सलूजा, राजेंद्र मालवीय, जाहिद पठान, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, विश्वजीत सिंह चौहान, सुजीत सांगते, रोशन रायकवार, रूपेश कल्याणे, ज्ञान सिंह दरबार, सुधीर शर्मा, नजर शेख, रवि चौधरी, हारिस गजधर, रितेश त्रिपाठी, नरेंद्र यादव लल्ला, दीपेश कानूनगो, राधाकिशन सोलंकी सहित अन्य मौजूद रहे। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रुति बघेल ने आभार माना।

### आगर में भी कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

**आगर मालवा।** विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। छावनी नाका स्थित अम्बेडकर कॉम्प्लेक्स में धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने और आग बुझाने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। पुतला दहन और प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। वहां कांग्रेस नेताओं ने डिप्टी कलेक्टर अर्पिता राय को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तुरंत इस्तीफे की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता सूचियों में किए गए बदलावों और एसआईआर प्रक्रिया की स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराने की मांग रखी।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के चित्र को लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



देश में कथित वोट चोरी और मतदाता सूचियों में की जा रही धांधली के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसजनों ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का चित्र दहन किया।

धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में जनता का मताधिकार ही सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन आज संवैधानिक संस्थाओं को दबाव में लेकर सुनियोजित तरीके से मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए तथ्यों से साफ हो गया है कि किस तरह वैध मतदाताओं के नाम काटकर और फर्जी नाम जोड़कर जनादेश की चोरी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि बाबा साहेब के संविधान और आम जनता के वोट के अधिकार से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चित्र को लगाई आग

नेताओं के संबोधन के बाद कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड चौराहे पर पहुंचे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के चित्र को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के अंत में निष्पक्ष जांच और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### न्यूनतम आय तय करने की मांग

# दो सौ रुपये क्विंटल कमीशन करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ संयुक्त मंच के तत्वावधान में जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से राशन दुकानों के विक्रेताओं ने अपनी वर्षों से लंबित 5 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। संघ ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में बढ़ती महंगाई और अत्यंत कम कमीशन के कारण राशन विक्रेताओं के समक्ष परिवार का भरण-पोषण करने और दुकान का सुचारू संचालन करने में गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। अन्य राज्यों केरल में 270 रुपये, बिहार में 258 रुपये, हरियाणा व दिल्ली में 200 रुपये, उत्तराखंड में 195 रुपये, महाराष्ट्र में 170 रुपये, राजस्थान में 150 रुपये और उत्तरप्रदेश में 125 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पीओएस मशीन से वितरण करने पर केंद्र द्वारा 21 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त राशि भी दी जाती है, जबकि मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों की अपेक्षा कमीशन कम है।

### स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर डॉक्टर-कर्मचारियों ने ली शपथ

# ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर गुरुवार को शाजापुर जिला अस्पताल परिसर और ट्रॉमा सेंटर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। इसमें जिला अस्पताल के डॉक्टर, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। स्वास्थ्यकर्मियों ने जरूरतमंदों की मदद के लिए स्वैच्छिक रक्तदान करने और लोगों को इसके लिए जागरूक करने की शपथ ली।

डॉ. जायसवाल ने बताया कि अक्टूबर में जिला चिकित्सालय में विशेष रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बेरछा, सुंदरसी, कालापीपल सहित जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के जरिए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### रक्तदान के लिए लोगों को करेंगे प्रेरित

जिला अस्पताल के डॉक्टर एसडी जायसवाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वयं रक्तदान करने के साथ आम लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और किसान योजनाओं में पेंडेंसी पर कलेक्टर सख्त

### दो तहसीलदारों का वेतन रोका, नोटिस थमाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



सीएम हेल्पलाइन और किसानों से जुड़ी योजनाओं की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतना कालापीपल और पोलायकलां के तहसीलदारों को भारी पड़ गया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋजु बाफना ने दोनों तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए उनका वेतन रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई सीएम हेल्पलाइन के साथ-साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की बड़ी संख्या में शिकायतें 50 दिन से अधिक समय तक लंबित रखने पर की गई है। दरअसल, बुधवार को कलेक्टर ऋजु बाफना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तर पर लोकल समाधान के लिए चयनित शिकायतों और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस रखा और सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण तय समय-सीमा के भीतर आवेदक की संतुष्टि के साथ सुनिश्चित किया जाए।

### तहसील कोर्ट का निरीक्षण करेंगे एसडीएम

बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से तहसील न्यायालयों का निरीक्षण करें और वहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। इसके अलावा, उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, ऊर्जा और कृषि सहित अन्य विभागों के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर काशीराम बडोले, एसडीएम शाजापुर मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा, जगदीश वर्मा और सीमा कनेश मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम शुजालपुर अंकिता पाटकर, एसडीएम गुलाना नेहा गंगारे सहित राजस्व एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी जुड़े रहे।



## हुनर से स्वावलंबन की ओर, पीएम कॉलेज में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण संपन्न, छात्राओं को मिले प्रमाण-पत्र

**शाजापुर।** छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक सार्थक पहल की गई। महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक माह के अल्पकालीन ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का बुधवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। समारोह की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की। छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अनंत संभावनाएं हैं, जिसके माध्यम से छात्राएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी प्रो. मीनू गिडवानी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में छात्राओं को नियमित अध्ययन और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के साथ-साथ ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों में भी सजग रहना चाहिए, ताकि करियर के नए विकल्प खुले रहें। कार्यक्रम के दौरान विवेकानंद प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आर.सी. चौहान ने ब्यूटी पार्लर व्यवसाय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। जबकि प्रशिक्षक बबीता बोस ने एक माह में सिखाई गई बारीकियों और विभिन्न विधाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्राओं को म.प्र. सामान्य ज्ञान पत्रिका भेंट कर पुरस्कृत किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह में डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ. श्वेता चौहान, डॉ. बी.एल. मालवीय, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. संजय राठौर और पूजा राठौर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## 88 प्रतिशत अंक लाने वाली अर्पिता को मिली स्कूटी, विद्यार्थियों को बांटी साइकिल



**देवास।** शासकीय महारानी राधाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विद्यार्थियों को साइकिल वितरण समारोह किया गया। कक्षा 12वीं कला संकाय में 88 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अर्पिता धनगर रहीं। राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें स्कूटी की चाबी सौंपी गई। मुख्य अतिथि पार्षद रामदयाल यादव, प्राचार्य प्रवीण मालवीय और एसएमसी अध्यक्ष मंजू योगी ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की। दूर-दराज क्षेत्रों से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को योजना के तहत साइकिल मिलने से नियमित आवागमन में सुविधा होगी। वितरण के बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक और प्रशासनिक स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजली बिल बकाया पर 13 कनेक्शन कटे:22 बकायादारों पर कार्रवाई, मौके पर 63 हजार वसूले



**अकोदिया।** अकोदिया में बिजली बिल जमा न करने वाले घरेलू ग्राहकों पर कार्रवाई हुई है। गुरुवार को दोपहर को बिजली कंपनी ने 22 बकायादारों के खिलाफ एक्शन लेते हुए 13 घरों के कनेक्शन काट दिए। यह कार्रवाई मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शुजालपुर संभाग की सूची पर की। इन 22 ग्राहकों पर कुल 6 लाख 64 हजार 397 रुपए का बिजली बिल बाकी था। विभाग ने पहले नोटिस भेजे, बिल जमा न होने पर टीम ने कनेक्शन काटने शुरू किए। कार्रवाई के दौरान 9 ग्राहकों ने मौके पर ही करीब 63 हजार रुपए जमा कर दिए, जिससे उनके कनेक्शन नहीं कटे। 13 ग्राहकों ने बिल नहीं भरा, उनके कनेक्शन काट दिए गए। कंपनी ने बताया कि बकाया राशि जमा होने के बाद ही कनेक्शन दोबारा जोड़े जाएंगे। लाइनमैन शंभू शरण चौधरी ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कुएं में गिरने से किसान की मौत, पैर फिसलने से हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले की मोहन बड़ोदिया तहसील के पचावता गांव में बुधवार शाम खेत में सोयाबीन की कटाई के दौरान पानी लेने गए 40 वर्षीय किसान का अचानक पैर फिसल गया और वे कुएं में जा गिरे।

घटना की खबर मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और किसान को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पचावता के रहने वाले दुलेसिंह (40 वर्ष), पिता हेमराजसिंह पाल शाम करीब 4 बजे अपने खेत में सोयाबीन की कटाई करवा रहे थे। वे खेत में ही बने कुएं से पानी लेने गए थे। आशंका जताई जा रही है कि कुएं के पास अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे वे सीधे गहरे पानी में जा गिरे और संभल नहीं पाए।

हादसे की जानकारी मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाने की 112 डायल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम के पायलट जगदीश चंद्र सोनी, पुलिसकर्मी जगदीश दांगी, अनिल सेन और सैनिक अर्जुन सिंह ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर दुलेसिंह को कुएं से बाहर निकाला।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, ग्राम जाफला तह. बड़नगर पटवारी हल्का नंबर 00175, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के भुमि सर्वे क्रमांक 365 रकबा 0.040 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 366/1 रकबा 0.460 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 360 रकबा 0.950 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 364/1 रकबा 0.040 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 361 रकबा 0.350 हेक्टेयर मे से रकबा 0.270 हेक्टेयर कुल रकबा 1.840 हेक्टेयर मे से रकबा 1.760 हेक्टेयर पर निर्मित पूर्णतः वैघ एवं विकसित आवसीय कॉलोनी बृज भुमि कॉलोनी जो कि, पाला रोड़ पर राजपुत बोर्डिंग एवं चौधरी कॉलोनी के पास नगर पालिका सीमाक्षेत्र बड़नगर में स्थित है जिसमे छक्कड़ एवं एहर के भुखण्ड निम्न आय वर्ग श्रेणी में आने वाले जिस किसी भी व्यक्ति को क्रय करना हो मय दस्तावेज के बृज भुमिस्र कॉलोनी बड़नगर के ऑफिस मे आकर संपर्क करें एवं 15 दिवसो में भूखण्डो की बुकिंग सुनिश्चित करें। अन्यथा बाद मे किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**अर्जुन राठौड़ एडव्होकेट**
**37, राधाकृष्ण कालोनी बड़नगर**
**मो. 9098883779**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राजपालसिंह पिता श्री जालमसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रूणजी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 494/2/1 रकबा 1-00 हेक्टर स्थित ग्राम रूणजी प.ह.नं. 121 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 01/10/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने जयदीप जैन पिता श्री भरत जैन निवासी 6/64/1, मुंज मार्ग, पुरानी सब्जी मण्डी के पास, फ्रीगंज, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक C-14/1 कार्नर श्रेणी M.I.G उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय केन्द्र सेक्टर- C योजना उज्जैन में स्थित है । उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 211.50 वर्गमीटर है। जिसकी पैमाईश भूखण्ड सामने 14.20 मीटर, पीछे 14.00 मीटर, एक बाजू 15.00 मीटर दूसरी बाजू 15.00 मीटर के माप का होकर कुल क्षेत्रफल 211.50 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा उत्तर/ पूर्व में भूखण्ड क्रमांक C-14/2, दक्षिण / पश्चिम में- सड़क, पश्चिम / उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक C-14/18, पूर्व / दक्षिण में 9.00 मीटर चौड़ी सड़क मिली है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूखण्डो के अनुबंध पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूखण्ड में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

दिनांक 01/10/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक ए-28/3 टाइप एम-2 का पश्चिम दिशा वाला भाग स्थित त्रिवेणी विहार योजना तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 87.00 वर्गमीटर। जिसकी चतुर्सीमा उत्तर/पूर्व मे- ए-28/3 का शेष भाग, दक्षिण/पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक ए-28/2, पश्चिम/उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक ए-28/14, पूर्व/दक्षिण मे- 9.00 मीटर रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति विकास राठौर एवं गजेन्द्र राठौर पुत्रगण बाबुलाल राठौर ने इसके पूर्वस्वामी राहुल प्रजापति पिता बालु प्रजापति से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022024ए1374091 दिनांक 23/03/2024 के माध्यम से क्रय कि। एवं विकास राठौर एवं गजेन्द्र राठौर ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे है तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022017ए1629421 दिनांक 10/11/2017 का कही गुम हो गया है अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो व उक्त विक्रय पत्र कही बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्प्लेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## किसानों की समस्याओं और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**गुना।** जिला कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गुना में पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। हनुमान चौराहा से जिला कलेक्ट्रेट तक निकाले गए मार्च में बड़ी संख्या में किसान, वरिष्ठजन, युवा, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। दरअसल यह आंदोलन कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह राघौगढ़ विधायक के नेतृत्व में लंबे अर्से बाद हुआ है। इसके चलने उन्होंने प्रदेश के तमाम मुद्दों को सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिए जिला प्रशासन के समक्ष रखा। प्रदर्शन के दौरान किसानों को ई-टोकन व्यवस्था के कारण हो रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने ई-टोकन व्यवस्था तत्काल बंद करने, किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा मक्का और सोयाबीन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, लोकतांत्रिक संस्थाओं की शुचिता तथा मतदाता सूचियों में सामने आ रही विसंगतियों की निष्पक्ष जांच की मांग भी रखी। वक्ताओं ने कहा कि अन्नदाता के अधिकारों के साथ-साथ मतदाता के अधिकारों की रक्षा भी जरूरी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों को खाद की उपलब्धता, उनकी उपज का उचित मूल्य, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता जैसे मुद्दों को लेकर पार्टी जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के जायज अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों और आमजन से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शन में शामिल किसान, वरिष्ठजन, युवा, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## ऑटो चालक की ईमानदारी से यात्री के लौटे दो बैग

**गुना।** शहर में शिवाजी ऑटो यूनियन के ऑटो चालक खालिद खान की ईमानदारी और यूनियन पदाधिकारियों की तत्परता से एक यात्री के ऑटो में छूटे दो बैग सुरक्षित वापस मिल गए। बैग मिलने के बाद यात्री शिवम सोनी ने शिवाजी ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों और ऑटो चालक का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार शिवम सोनी ने नमलोक होटल के पास से बूढ़े बालाजी जाने के लिए एक ऑटो किराए पर लिया था। शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच यात्रा के दौरान जल्दबाजी में वह अपने दो बैग ऑटो में ही छोड़ गए। ऑटो के जाने के बाद उन्होंने ऑटो को तलाशने का प्रयास किया, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने शिवाजी ऑटो यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक रजक से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। अशोक रजक ने यूनियन के पदाधिकारियों और ऑटो चालकों से संपर्क कर बैग की तलाश शुरू कराई। यूनियन के ग्रुप में भी यात्री के सामान की जानकारी साझा की गई। इसी दौरान ऑटो चालक खालिद खान ने यात्री के दोनों बैग सुरक्षित होने की जानकारी दी। इसके बाद शिवाजी ऑटो यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक रजक ने खालिद खान एवं अन्य ऑटो चालकों की मौजूदगी में रेलवे स्टेशन ऑटो स्टैंड पर शिवम सोनी को उनके दोनों बैग सौंप दिए। बैग वापस मिलने पर शिवम सोनी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि बैग में कपड़े सहित करीब 10 से 15 हजार रुपये मूल्य का सामान रखा हुआ था। शिवम सोनी ने ऑटो चालक खालिद खान की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऑटो चालकों द्वारा इस तरह ईमानदारी की मिसाल कायम करना सराहनीय है। उन्होंने शिवाजी ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों और सभी ऑटो चालकों का धन्यवाद किया। शिवाजी ऑटो यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक रजक ने भी ऑटो चालक खालिद खान की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान मौजूद ऑटो चालकों ने यूनियन के समर्थन में नारे भी लगाए। खान, पवन तिवारी, जाट, अंकित, राजा, समद खान, राकेश, गणेश पाल, भूरा खान सहित अन्य ऑटो चालक उपस्थित रहे।


# महाकाल घाटी पर मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू

### प्रभावित हिस्से को लोग भी अपने स्तर पर हटाते नजर आए, 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर शहर में कई जगह की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है इसी के तहत महाकाल मंदिर के पुरानें महाकाल द्वार के सामने महाकाल घाटी की तरफ भी मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है। गुरुवार को नगर निगम की टीम जेसीबी सहित अन्य संसाधनों के साथ महाकाल घाटी पर पहुंची और चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान व दुकान सहित होटलों के प्रभावित हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। सबसे अच्छी बात यह रही की यहां के रहवासियों द्वारा खुद अपनी स्वेच्छा से सामान और निर्माण हटाए जा रहे हैं और कार्रवाई में सहयोग किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर इस मार्ग पर यातायात का दबाव भी अधिक बढ़ेगा। इसी के चलते इस मार्ग को भी चौड़ा किया जा रहा है।







**कोर्ट में चल रहा था मामला**- मार्ग चौड़ीकरण को लेकर पिछले 3 साल से मामला न्यायालय में चल रहा है हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश के बाद निगम ने कार्रवाई शुरू की मंगलवार को टीम ने पहुंचकर प्रभावित हिस्से पर मार्किंग की थी। इसके बाद निगम ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से प्रभावित हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी तैनात था। बुधवार को नगर निगम की टीम महाकाल मंदिर के सामने महाकाल घाटी पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची थी लेकिन कार्रवाई शुरू होने पर वहां के कुछ व्यापारी व दुकानदारों ने अधिकारियों से मिले थे तथा 24 घंटे की मोहलत मांगी थी। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने उन्हें एक दिन का समय दिया था और अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट कर दिया था कि गुरुवार से हटाने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। गुरुवार को नगर निगम की टीम जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी हालांकि प्रभावित हिस्से को लोग भी अपने स्तर पर हटाते नजर आए।

**वर्तमान में 12 मीटर चौड़ा, जिसे बढ़ाकर 24 मीटर किया जाएगा**- नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि यह मार्ग वर्ष 2022 से प्रस्तावित था मास्टर प्लान में संशोधन के बाद यहां 24 मीटर चौड़े मार्ग का प्रावधान किया गया। वर्तमान में यह मार्ग 12 मीटर चौड़ा है जिसे बढ़ाकर 24 मीटर किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि चौड़ीकरण की जद में कुल 39 रहवासी और उनके निर्माण प्रभावित हो रहे हैं।



## जनप्रतिनिधि की टीम करेगी मॉनिटरिंग

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शहर की स्वच्छता सहित सड़क सुधार, यातायात प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 'अभी नहीं, तो कभी नहीं' थीम पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए चार प्रमुख भागों में कार्य विभाजन कर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की टीम गठित की गई। बैठक में शहर की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के साथ कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। कार्ययोजना में सड़क सुधार, स्वच्छता एवं नाला-निकासी, यातायात प्रबंधन तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को चार प्रमुख भागों में शामिल किया गया है। प्रत्येक भाग के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर समन्वय से कार्य करने की बात कही गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि कचरे के प्रबंधन में सबसे महत्वपूर्ण है कि कचरे का सोर्स पर ही पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए। जिन स्थानों पर सफाई, लाइट सुधार या अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

# मान्यता आठवीं तक, संचालन बारहवीं तक

### देपालपुर क्षेत्र के निजी विद्यालयों में नियमों और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल

**देपालपुर।** देपालपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संचालित कुछ निजी विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यालयीन मान्यता, शिक्षक पदस्थापन, छात्र क्षमता तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। शिकायत में सरस्वती ज्ञान मंदिर अटाहेड़ा, स्वास्तिक एकेडमी सगड़ोद, श्री साईं एकेडमी चिकलोड़ा, सरस्वती शिक्षण संस्थान देपालपुर और ब्राइट फ्यूचर बोरिया को लेकर विभिन्न स्तरों पर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में सबसे गंभीर बिंदु सरकारी सेवा में कार्यरत शिक्षकों की कथित रूप से निजी विद्यालयों में उपस्थिति और अध्यापन से जुड़ा है। आरोप है कि संबंधित सरकारी शिक्षक विद्यालयीन कार्यालयीन समय के दौरान निजी शिक्षण संस्थानों में जाकर अध्यापन अथवा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी सेवा में कार्यरत शिक्षक के लिए निजी विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर शिक्षण कार्य करना सेवा नियमों एवं दायित्वों की दृष्टि से गंभीर विषय हो सकता है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो मामले में संबंधित शिक्षक की सेवा शर्तों, विभागीय अनुमति और उपस्थिति अभिलेखों की जांच आवश्यक हो सकती है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि निजी विद्यालयों के कार्यालयीन समय और सरकारी विद्यालयों के समय में सामान्यत: पर्याप्त ओवरलैप रहता है।

ऐसी स्थिति में किसी सरकारी शिक्षक का उसी अवधि में निजी विद्यालय में उपस्थित होना ड्यूटी टाइम ओवरलैप, उपस्थिति सत्यापन तथा सेवा आचरण के स्तर पर जांच का विषय बन सकता है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति केवल निजी कोचिंग गतिविधि तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालय के संचालन अथवा अध्यापन से भी जुड़ा हुआ है। इस दावे की पुष्टि के लिए सरकारी उपस्थिति पंजी, विद्यालयीन उपस्थिति रजिस्टर, सीसीटीवी रिकॉर्ड, टाइम-टेबल, वेतन आहरण अभिलेख और संबंधित निजी विद्यालय के स्टाफ रिकॉर्ड का मिलान महत्वपूर्ण होगा।

**आठवीं तक मान्यता, बारहवीं तक संचालन का आरोप**- मामले का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू विद्यालयों की मान्यता की सीमा और वास्तविक शैक्षणिक संचालन से संबंधित है। शिकायत के अनुसार संबंधित विद्यालयों में से कुछ संस्थानों की मान्यता केवल कक्षा आठवीं तक होने के बावजूद कथित रूप से कक्षा 12वीं तक विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जा रहा है। यदि किसी विद्यालय को केवल निर्धारित कक्षा तक मान्यता प्राप्त है और उससे ऊपर की कक्षाएं वास्तविक रूप से संचालित की जा रही हैं, तो यह शिक्षा विभाग के लिए गंभीर नियामकीय जांच का विषय बनता है। ऐसी स्थिति में विद्यालय की मान्यता आदेश, मान्यता की वैध अवधि, स्वीकृत कक्षाओं की संख्या तथा वास्तविक रूप से संचालित कक्षाओं का भौतिक सत्यापन आवश्यक होगा।

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना में भूखण्ड संख्या ए-4/8 श्रेणी एम. 1 1. श्रीमती संध्या पति स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेंड, भवरासला, इंदौर, (मप्र) 2. श्रीमती। श्वेता शर्मा पिता स्व.श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-303, महामाया अपार्टमेंट, चरोदादुर्ग, छत्तीसगढ़, 3. श्री वरुण झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-एफ-8, डॉक्टर कॉलोनी, जिला अस्पताल परिसर, नीमच (म.प्र.) एवं 4. श्री आदित्य वैभव झा पुत्र स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, ए-3/504, करोलबाग ग्रेंड, भवरासला, इंदौर, (म.प्र.) को आवासीय आवासीय उद्देश्य हेतु दिनांक 26.12.2014 से आवंटित है। चारों संयुक्त आवंटीयों क्रमश: 1. श्रीमति संध्या पति स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भवरासला, इंदौर (म.प्र.), 2. श्रीमती श्वेता शर्मा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-303, महामाया, अपार्टमेन्ट, चरोदादुर्ग, छत्तीसगढ, 3. श्री वरूण झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी- एफ-8, डॉक्टर कॉलोनी, जिला चिकित्सालय केम्पस, नीमच (म.प्र.), 4. श्री आदित्य वैभव झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भवरासला, इंदौर (म.प्र.) को आवंटीत उक्त सम्पत्ति में से दूसरे क्रमांक पर स्थित एक आवंटी क्रमश: 2. श्रीमती श्वेता शर्मा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-303, महामाया, अपार्टमेन्ट, चरोदादुर्ग, छत्तीसगढ, के द्वारा चौथे क्रमांक पर स्थित आवंटी श्री आदित्य वैभव झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भंवरासला, इंदौर (म.प्र.) को रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम क्रमांक सीजी 5124926062023030 दस्तावेज़ क्रमांक 207 दिनांक 26.06.2023 तथा तृतीय क्रमांक पर स्थित आवंटी श्री वरूण झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी एफ-8, डॉक्टर कॉलोनी, जिला चिकित्सालय केम्पस, नीमच (म.प्र.) के द्वारा चौथे क्रमांक पर स्थित आवंटी श्री आदित्य वैभव झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भंवरासला, इंदौर (म.प्र.) को रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम क्रमांक एम.पी. 179092024ए 4206695 दिनांक 19.02.2024 नियुक्त किया गया हैं साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमांक पर स्थित आवंटी क्रमश: 1. श्रीमति संध्या पति स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भवरासला, इंदौर (म.प्र.). 2. श्रीमती श्वेता शर्मा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-303, महामाया, अपार्टमेन्ट, चरोदादुर्ग, छत्तीसगढ, 3. श्री वरूण झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी एफ-8, डॉक्टर कॉलोनी, जिला चिकित्सालय केम्पस, नीमच (म.प्र.), के द्वारा अपने-अपने स्वत्व (हक) का त्याग चतुर्थ आवंटी श्री आदित्य वैभव झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, निवासी-ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भंवरासला, इंदौर (म.प्र.) के पक्ष में रजिस्टर्ड हकत्याग क्रमांक एम.पी. 432022024ए 11290188 दिनांक 28.10.2024 के माध्यम से कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री आदित्य वैभव झा पिता स्व. श्री वृन्दावनलाल झा, ए-3/504, करोलबाग ग्रेन्ड, भंवरसला, इन्दौर, (म.प्र.) के एकल नाम पर पूर्ण क्षेत्रफल 192.00 वर्ग मीटर के नाम से किये जाने हेतु दिनांक 09.04.2025 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत् कर चाही गई हैं। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत् आवेदन पत्र में संलग्न दस्तावेज, रजिस्टर्ड हकत्याग, रजिस्टर्ड मु.का., लिखित प्रतिवेदन के आधार पर के अनुसार उक्त सम्पत्ति चार संयुक्त आवंटितयों में से एक आवंटी तथा रजिस्टर्ड मु.आ. के एकल नाम पर अंतरित की जाना है तथा आवेदकगणों के द्वारा प्रस्तुत् आवेदन पत्र में संलग्न दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि/सुधार, सत्य/असत्य प्रतिवेदन हेतु सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदकगणों का होगा। अत: आवंटी/मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/नामांतरण/अंतरण की अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्रीमती लीलाबाई पति श्री श्यामलाल, निवासी-277 ग्राम माधौपुरा, उण्डासा, मक्सीरोड, उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-753/1/1/2 (एस) रकबा 0.3890 हेक्टर ग्राम उण्डासा, तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत परवेज खान पिता इदरीस खान, निवासी-एल. आय. जी. सेकण्ड सांदिपनी नगर, आगर रोड, उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर क्रय अनुबंधीत परवेज खान के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-01.10.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि, हमारे पक्षकार क्रेता पिंकी चौधरी पति पवन चौधरी, आयु 36 साल जाति खाती निवासी 24 एलआईजी, तुलजा बिहार देवास म.प्र. ने विक्रेतागण रामस्वरूप पाटीदार पिता मोहनसिंह पाटीदार निवासी ग्राम दुपाडा तहसील मो. बड़ोदिया जिला शाजापुर म.प्र. की भूमि स्वामी स्वत्व के एवं आधिपत्य का एक लगानी कृषि खाता ग्राम दुपाडा तहसील मो. बड़ोदिया, जिला शाजापुर म.प्र. में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं.-1723, 1724 04 बीघा भूमि जिसका क्षेत्रफल. 90,000 वर्गफीट हैं को मेरे पक्षकार ने कय करने का सोदा किया हैं तथा विक्रय मूल्य पेटे बयाने के रूप में आंशिक भुगतान कर दिया गया हैं। उक्त भूमि की जिसकी रजिस्ट्री होना हैं उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि किसी व्यक्ति संस्था वित्तीय निकाय बैंक शासकीय निकाय, बैंक डिक्री अर्द्धशासकीय निकाय आदि का ऋण भार लेन-देन एवं अन्य प्रकार हित स्वत्व अधिकार, सुखाधिकार हो अथवा भार बोझ दान विक्रय बक्षीस सौदा चिट्ठी अनुबंध कब्जा हो तो परिवार विवाद आदि से इस विक्रय व्यवहार से किसी को आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र के सात दिवस के अन्दर अपनी प्रमाणिक ठोस आपत्ति है तो अपनी आपत्ति मय असल लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सकें, अन्यथा समय अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों का वैध विक्रय पंजीयन करालेंगें। समय अवधि गुजर जानें के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। 01/10/26

**गोवर्धन प्रसाद सक्सेना एडव्होकेट नौटरी**
**नवीन अस्पताल रोड़ सारंगपुर**
**मो. 9425444366**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार से प्राप्त जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार मोहम्मद मकसूद वल्द मोहम्मद इकबाल निवासी-79/80 महाकाल मार्ग कोट मोहल्ला उज्जैन म.प्र. ने विक्रेतागण 1-शकीलूर्रेहमान वल्द शमसुर्रेहमान 2-श्रीमती निकहत खान पति शकीलूर्रेहमान निवासीगण-8/1 महाकाल मार्ग गली नम्बर-10 पानी की टंकी के पास कोट मोहल्ला उज्जैन हा.मु. 90 ग्रीनपार्क कॉलोनी ब्रिज के पास उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मंजिल आर.सी.सी. की छत का निर्मित मकान जिसका मौजूदा म्यु. गृह क्रमांक-90 है एवं सदर मकान वार्ड क्रमांक-35 ग्रीनपार्क कॉलोनी उज्जैन में स्थित है। सदर मकान का कुल क्षेत्रफल 116.12 वर्गमीटर या 1250-00 वर्गफीट है, सदर मकान के पूर्व मे मकान अन्य का, पश्चिम मे-मकान अन्य का, उत्तर मे खुली भूमि, दक्षिण में रास्ता कॉलोनी का मिला है, उपरोक्त वर्णित सदर मकान का सोदा विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार के हित में कर दिया है, विक्रेतागण ने सदर मकान के पेटे अग्रीम राशि प्राप्त कर मेरे पक्षकार के हित मे सदर मकान के विक्रय अनुबंध-पत्र को भी संपादित कर दिया है एवं अनुबंधित समयावधि मे शेष विक्रय मुल्य राशि का भुगतान कर सदर मकान की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र कराना शेष है। उपरोक्त मकान के विक्रय के संबध में किसी व्यक्ति, बैकं या सहकारी संस्था शासकीय अर्द्धशासकीय आदि का ऋण भार हो या उपरोक्त सदर मकान के संबंध में किसी का स्वत्व हित एव अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्ति मेरे कार्यलय मे कार्यालयीन समय में आकर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करे बाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार पर उक्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार सदर मकान के विक्रय मुल्य की शेष राशि विक्रेतागण को भुगतान करके अपने हक मे विक्रय पत्र का निष्पादन एव पंजीयन करा लेगा। सूचित हो, इति दिनांक 01/10/2026 स्थान उज्जैन

**शेख गुलाम रसूल ( शहजादा ) एडव्होकेट**
**आफीस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग**
**बेगमबाग चौराहा उज्जैन म.प्र.,**
**मो. 92295-65313**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक 117 जो कि वार्ड क्रमांक 54, नागझिरी, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 390 वर्ग फीट है। जिसके पूर्व में-मोहसिन पठान का मकान, पश्चिम में- रोड, उत्तर में- ईश्वरलाल का मकान व दक्षिण में- धारासिंह परमार का मकान स्थित है। उक्त सम्पति श्रीमती गीता बाई पति नाथूलाल ने पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से अपनी पुत्री श्रीमती नेहा जेठवा पति संजीव जेठवा को दान किया है। जिसका दान पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A100513107 दिनांक 24/06/2025 है। उक्त सम्पति को श्रीमती गीता बाई पति नाथूलाल ने पूर्व में इसके पूर्व स्वामी श्रीमान अमर सिंह पिता अनूप सिंह से विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 07/02/1983 के माध्यम से क्रय की थी। उक्त सम्पति पर ऋण प्राप्त करने हेतु श्रीमती नेहा जेठवा पति संजीव जेठवा द्वारा उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन उक्त सम्पति पर बंधक करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पति पर अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पति का कोई अन्य वैध उतराधिकारी हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी व मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नही होगी।

स्थान इंदौर दिनांक 01.10.2026

**इमरान खान ( अभिभाषक )**
**ऑफिस नंबर 512, कृष्णा बिजनेस सेंटर, प्लॉट नंबर 11पीयू-4, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, इंदौर 452010**
**मो.942510406**

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजी. निर्माण शाखा, जबलपुर**
**खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)**
मुख्य अभियंता (क्रय)/मुख्या पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPC-WCR-PGIMS-06, Dated: 24.09.2026 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 30/09/2026 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा कमांक** : CPC-WCR-PGIMS-06, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के CAO/निर्माण के अधीन निर्माण संगठन में परियोजनाओं हेतु Project General Management Service (PGMS-1), **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रू. 3897408800.00, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** रू. 0.00, **बयाना राशि (रुपयें मे):** रू. 77948500.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 60 माह, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30/10/2026 को, 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई. आर. ई. पी. एस. के माध्यम से https:// www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps. gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा। ( हस्ता )
**उप-मुख्य इंजीनियर (क्रय)**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यूज-कॉलम

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कन्या छात्रावास का शुभारंभ

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए सौगात के रूप में कन्या छात्रावास का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह छात्रावास केवल एक भवन मात्र नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभावान बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को गढ़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महा विद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि करीब 12 वर्ष पूर्व निर्मित इस भवन का जनभागीदारी समिति के विशेष प्रयासों से जीर्णोद्धार करवाकर सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाई गई हैं। वर्तमान में 10 छात्राओं को प्रवेश दिया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों व विभागीय अधिकारियों ने परिसर का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद कर उनकी जरूरतों को जाना। जनपद अध्यक्ष ने इस दौरान परिसर में स्वच्छ पेयजल हेतु बड़े वॉटर कूलर की व्यवस्था कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया व आभार क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने व्यक्त किया।

## कृति संस्था का स्थापना दिवस आज

**नीमच।** नगर की अग्रणी (साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था) कृति आज अपनी स्थापना की 35 वीं वर्षगांठ मना रही है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक भरत जाजू ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के सदस्य पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और प्रार्थना सभा व भजन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे गांधी वाटिका में आयोजित होगा। संस्था सदस्यों सहित सहयोगकर्ता व आशीर्वाद दाता इस अवसर पर सादर आमंत्रित हैं।

## 585 ली. शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम सासरी पिपल्या पर बुधवार को पुलिस ने एक मकान से 585 ली. शराब जप्त की। इस प्रकरण में आरोपी उमराव पिता सरदारसिंह उम्र 58 वर्ष निवासी सागरी पिपल्या को 34(2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब्त शराब की कीमत 3 लाख 52 हजार रुपये. आंकी है। आरोपी के द्वारा बिना लाइसेंस परमिट के अवैध रूप से शराब संग्रहित कर रखी गई थी।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी

**नीमच।** जय जवान, जय किसान' का नारा देने वाले सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच द्वारा गांधी भवन पर प्रातः 11.30 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस परिवार के सभी साथी उपस्थित होकर लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उक्त जानकारी शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोनू लोक्स और ओम दीवान ने दी।

## गांधी जयंती पर मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 2 अक्टूबर शुक्रवार को गांधी जयंती पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर

# वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने 111 यूनिट रक्तदान किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा आज दिनांक 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों की स्मृति में मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों की स्मृति में भव्य रक्तदान शिविर एवं निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मजदूर संघ कार्यालय में मानव सेवा समिति के सहयोग से किया गया जिसमें 111 यूनिट रक्तदान किया गया ।

सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे ने बताया रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार द्वारा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व प्रोत्साहित किया गया साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ । रक्तदान शिविर में मंडल मंत्री अभिलाष नागर,सीनियर डीपीओ सोमनाथ गायकवाड़, सीनियर डीएमएम अमीर यादव द्वारा भी रक्तदान किया गया।

शिविर में समाजसेवी एवं आरडीए उपाध्यक्ष गोविंद काकानी,युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मयंक जाट,जवाहर व्यायामशाला संचालक वैभव जाट,पूर्व महापौर केसरी गौरव जाट,राजीव रावत, अश्विन जायसवाल उपस्थित रहे ।

डीआरएम अश्विनी कुमार द्वारा संबोधित करते हुए कहा मेरे द्वारा 15 बार रक्तदान किया गया है ये काफी पुण्य का काम हैं लोगों में पहले से जागरूकता काफी बढ़ी हैं जो स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिये इससे नये रक्त का संचार होता और किसी को जीवनदान मिलता हैं ।

शाखा सचिव दीपक गुप्ता द्वारा नेत्रदान करने का प्रण लिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र चौधरी ने किया । इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह राठौर,जेसी बैंक डायरेक्टर सचिन मिश्रा,संयुक्त मंडल मंत्री चैतन्य चौधरी,सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी व योगेश पाल,मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, सीडब्लूसी सदस्य गौरव संत, शेख जमील,शाखा सचिव संजय कुमार,अमित चौहान,बापी चौधरी,रविराज परिहार,चंद्रेश राठौर,ललित मीणा,गौरव ठाकुर,आशाराम मीणा,इमरान खान,राजेंद्र चौधरी,युवा अध्यक्ष अशोक टंडन,दिनेश छपरी,सुनील डागर,सुमित गर्ग,रवि शर्मा, कुंदन सोनर, महिला समिति अध्यक्ष रंजिता वैष्णव,सचिव ऊषा खिंची,युवा अध्यक्ष श्रेया चोक्षषि सहित सैंकड़ों की संख्या में कर्मचारी और पदधारीगण उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सांसद द्वय ने नेहरू उद्यान में की सफाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



सेवा संकल्प अभियान 2026 तथा स्वस्थ भारत मिशन के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। एक दिन, एक घंटा, एक साथ की थीम पर आयोजित इस स्वच्छता कार्य में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया तथा नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों ने खुद हाथों में झाड़ू थामकर नेहरू उद्यान परिसर की सफाई की और एकत्रित कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन ने देश के गांवों व शहरों की तस्वीर बदल दी है। वहीं लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता अब सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनता का अपना मिशन बन चुकी है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया एवं नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जन-जन को जोड़ने के प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम में नपा के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पार्षदगणों ने भारी संख्या में जुटकर श्रमदान किया।



## नगर परिषद द्वारा आयोजित सफाई मित्र स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए लगाया शिविर, शासकीय अस्पताल में हुआ निःशुल्क परीक्षण। नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान को गति देने और नगर को स्वच्छ बनाए रखने वाले सफाई मित्रों के कल्याण हेतु एक विशेष "सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर" का आयोजन किया गया। नगर के शासकीय अस्पताल में आयोजित इस अभियान के तहत नगर परिषद के समस्त सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान शासकीय अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा सफाई मित्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच सहित अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण शामिल था। जांच के उपरांत जरूरतमंद कर्मचारियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयोजित सम्मान कार्यक्रम में नगर परिषद अधिकारियों एवं अतिथियों ने स्वच्छता प्रहरियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।



## जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने राठौर एवं ओझा के यहां शोक संवेदना व्यक्त किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी

विगत दिनो नगर में हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल राठौर,स्वप्निल ओझा के दादा जी के निधन पर गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष बालेश्वर पाटीदार ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर, जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, कांग्रेस नेता अनिल बोराना, भूपेंद्र महावर,महेंद्र गेहलोत, राम प्रसाद फरक्या मौजूद थे।

## तीन साल से फरार 35 हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले में लंबे समय से फरार और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रिंगनोद थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन साल पहले शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे 35 हजार रुपये के इनामी आरोपी अर्जुन उर्फ महेश उर्फ अंकल को गिरफ्तार किया है। आरोपी महाराष्ट्र की नंदुरबार जेल में बंद था, जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर रतलाम लाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना जून 2021 की है। जावरा की ओर से आ रही लोडिंग पिकअप डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई थी। हादसे के बाद पिकअप सवार दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर रेलवे पटरी की ओर भाग निकले थे। मौके से पुलिस ने 10,429 क्वार्टर (2,085.8 बल्क लीटर) अवैध शराब बरामद की थी, जिसकी कीमत 10,34,200 थी। पिकअप सहित कुल 15.34 लाख का मश्रूका जब्त कर रिंगनोद थाने में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

## पुलिस ने साइबर ठगी से बचने हेतु जागरुकता अभियान चलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

प्रदेश पुलिस व जिला पुलिस द्वारा साइबर ठगी से बचने के कई उपाय प्रचार और जागरूकता के अभियान चलाए जाते रहे हैं। फिर भी शातिर बदमाश किसी रूप में अपने नजदीकी लोगों को भी ठगने से पीछे नहीं हैंद्य ऐसी ही एक घटना में नीमच शहर के सिटी थाना क्षेत्र मे मोबाइल से महिला के फोटो-वीडियो को एडिट कर आपत्ति जनक रूप देकर ब्लैकमेल करने और करीब 50 लाख रुपए की वसूली का प्रकरण सामने आया है। आरोपी ने महिला को धमकी दी कि रुपए नहीं दिए तो एडिट किए गए अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। शातिर बदमाश ने पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। करीब 7-8 महीने तक डर के कारण महिला परिजनों से बात छिपाकर आरोपी को रकम भेजती रही। किंतु बड़ी रकम घर से जाने की जानकारी मिलने पर परिजनों को आसान का हुई और इससे मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी ऋषभ वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और करीब ढाई साल पहले 5-6 महीने तक पीड़ित परिवार के घर में रहा था। वह परिवार के ढाबे पर काम भी करता था। उसने काम करने के दौरान परिवार की आर्थिक जमीन बेचने, कारोबार की पूंजी की जानकारी भी थी वही रिश्तेदार होने के कारण परिवार ने उस पर भरोसा किया। इसी दौरान पैसों के लालच मे ऐप से आरोपी ने महिला के फोटो और वीडियो को एआई ऐप की मदद से आपत्तिजनक व अश्लील रूप में तैयार किया। इसके बाद इन्हें महिला के मोबाइल पर भेजकर धमकाया कि यदि उसकी मांग के रुपए नहीं दिए तो वह फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

# जवाहरलाल नेहरु विधि महाविद्यालय में युवा संसद पर व्याख्यानमाला आयोजित



**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के विधिक व संसदीय ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से युवा संसद विषय पर एक विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में म.प्र. शासन संसदीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के उपसचिव बृजराजेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के पश्चात विद्यार्थियों को विधानसभा सत्र की कार्यप्रणाली और सदन की कार्यवाही की बारीकियों को अत्यंत सहज रूप में समझाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में से.नि. जिला एवं सत्र न्यायाधीश व ट्रस्ट सचिव रघुवीर सिंह चुंडावत ने विधानसभा सत्र में विधिक सलाहकार की भूमिका और उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला, वहीं श्री कल्याणेश्वर ने छात्र-छात्राओं को विधि के क्षेत्र में पूर्ण ज्ञान अर्जित करने हेतु प्रेरित किया। ट्रस्ट एवं नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने भी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. हेमलता चौहान ने किया तथा अंत में आभार प्रो. चंचल शर्मा ने माना।

न्यूज कालम



## जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का मंदसौर जिले में हुआ स्वागत

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा को समर्पित जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का 1 अक्टूबर को मंदसौर जिले में भव्य आगमन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने रूनीजा एवं दलावदा सीमा पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रियों का मालवी परंपरा के अनुसार साफा बांधकर, दुपट्टा पहनाकर तथा भगवान श्री द्वारकाधीश की पावन तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।यात्रा के दौरान सुवासरा एवं सीतामऊ मंडलों में आयोजित जनसंवाद व युवा संवाद कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चंदरसिंह सिसोदिया व हरदीपसिंह डंग ने कहा कि यह यात्रा जनभागीदारी, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी है। विभिन्न मंडलों से होती हुई यात्रा क्र.१ नाहरगढ़ पहुंची, जो अगले दिन मंदसौर शहर प्रवेश कर पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगी, जबकि यात्रा क्र.8 धुंधड़का में रात्रि विश्राम के पश्चात दलौदा की ओर प्रस्थान करेगी।

## नीमच के कमलाशंकर विश्वकर्मा गौरव रत्न से सम्मानित



**नीमच।** राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ के द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली में रहकर पिछले 10 वर्षों से पब्लिक हेल्थ में सलाहकार के रूप में सेवाएं देकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की मॉनिटरिंग व उनके उत्कृष्ट क्रियान्वयन में सहयोग कर प्रदेश को लाभान्वित किया गया है। इसके साथ ही योजनाओं की प्लानिंग के समय मध्यप्रदेश का विशेष ध्यान रखा एवं वर्तमान में सामाजिक एवं कृषि क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे हैं उत्कृष्ट कार्यों के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के रूप में प्रदेश गौरव रत्न सम्मान भोपाल में प्रदान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार जी धाकड़ एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

## जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की

**पिपलिया मंडी।** 1 अक्टूबर को भाजपा जिला किसान मोर्चा सह शासन योजना प्रमुख जिला मंदसौर के पद पर नियुक्त होने पर जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार ने डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा के निवास स्थान मंदसौर पर पहुंच कर मुलाकात की और आशीर्वाद लिया एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमान अनिल जी कियावत मंदसौर से भी मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विमल पाटीदार भाजपा बुथ अध्यक्ष बुथ क्रमांक 79 बालागुड़ा एवं विकास सेन भाजपा बुथ अध्यक्ष बुथ क्रमांक 80 बालागुड़ा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## वाराणसी से वडनगर तक की सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत

**सुसनेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा बुधवार को सुसनेर पहुंची। माणा से आगर-मालवा जिले में प्रवेश करने के बाद यात्रा का सुसनेर क्षेत्र में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा के माणा पहुंचने पर कालीसिंध नदी के ब्रिज पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद यात्रा माणा स्थित देवनारायण गौशाला पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों ने गौ पूजन कर गायों को गुड़ खिलाया। इसके पश्चात यात्रा मोड़ी गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मोड़ी से रवाना हुई सेवा संकल्प यात्रा सुसनेर होते हुए राजस्थान के झालावाड़ जिले के डग के लिए रवाना हुई।

## राजगढ़ जिला अंडर-15 एवं अंडर-22 क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल्स 2 एवं 3 अक्टूबर को

**ब्यावरा।** राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-15 बॉयज वर्ग की क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल्स आगामी 2 अक्टूबर 2026 शुक्रवार एवं अंडर-22 क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल्स 3 अक्टूबर 2026 शनिवार प्रातः 11बजे से आयोजित की जाएंगी। यह चयन ट्रायल नेताजी सुभाष चंद्र बोस पी.जी. कॉलेज ब्यावरा के खेल मैदान में संपन्न होगी। इस ट्रायल में केवल राजगढ़ जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। उक्त तिथि में राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्ट्रेशन कराना अवश्यक है। जिला क्रिकेट संघ द्वारा गठित चयन समिति द्वारा अंडर-15 एवं अंडर-22 टीम का चयन आगामी मैच के लिए करेंगे। आवश्यक दस्तावेज 3 वर्ष की मार्कशीट, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, पहचान संबंधी दस्तावेज आदि। राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अंशुल तिवारी एवं सचिव निपेंद्र सिंह सोलंकी ने जिले के उभरते खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में ट्रायल्स में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीसीआर सम्मान

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी की गई प्रतिष्ठित डीजीसीआर सूची में सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी का चयन हुआ है। कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर नकेल कसने और अपनी उत्कृष्ट एवं निष्ठावान सेवाओं के प्रति समर्पित कार्यशैली के चलते उन्हें इस प्रतिष्ठित पदक एवं प्रशंसा पत्र के लिए चुना गया है। सारंगपुर थाना प्रभारी के रूप में एसआई राहुल रघुवंशी के इस चयन से क्षेत्र की जनता और पुलिस महकमे में खुशी की लहर है। इस गौरवपूर्ण सूची में भोपाल ग्रामीण जोन की पुलिस महानिरीक्षक रुचिवर्धन मिश्र सहित राजगढ जिले के कुल 10 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्थान मिला है।

## निर्बाध पेयजल उपलब्ध हेतु स्टॉप डैम के गेट बंद कराए

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा शहरवासियों को आगामी दिनों में पेयजल की निरंतर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया गया है। वर्षा ऋतु के समापन के उपरांत जल संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता को देखते हुए, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की उपस्थिति में कालीसिंध नदी पर स्थित पुराने स्टॉप डैम के गेटों को बंद करने का कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ करवाया गया। आगामी गर्मी के मौसम और शुष्क दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो, इस बात को प्राथमिकता पर रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। स्टॉप डैम के गेट बंद होने से कालीसिंध नदी में पर्याप्त मात्रा में जल का विशाल भंडारण हो सकेगा।

घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाली वारदात का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

# चोरी के गेहूं, गैस सिलेंडर, कूलर, लोहे की चद्दर की पेटी सहित कुल 8.90 लाख का माल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी कालीपीठ उनि. जितेन्द्र अजनारे के निर्देशन में थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार एवं 1 विधि-विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर चोरी गया माल एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

फरियादी देवराज पिता मोतीलाल भील, उम्र 46 वर्ष, निवासी कालीपीठ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया गया तथा घर में रखा कूलर, गैस सिलेंडर, 3 क्विंटल गेहूं एवं लोहे की चद्दर की पेटी चोरी कर ली गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कालीपीठ में अपराध क्रमांक 205/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कालीपीठ पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित की। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।



पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपियों केदार पिता पन्नालाल तंवर, निवासी ग्राम हिनौती।

प्रकाश पिता वंशीलाल तंवर 26 वर्ष, निवासी ग्राम हिनौती। राजू उर्फ राजूलाल पिता मांगीलाल तंवर 27 वर्ष, निवासी ग्राम हरिपुरा, थाना दांगीपुरा, राजस्थान। और एक विधि-विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया।आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है उनको पकड़कर चोरी गया माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कूलर, गैस सिलेंडर, 3 क्विंटल गेहूं, लोहे की चद्दर की पेटी कीमत लगभग 19,000 रु और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन सहित कुल 8,90,000 रु का माल जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय राजगढ़ के समक्ष पेश किया गया।

### पुलिस ने भैंस चोरी का किया खुलासा

**ब्यावरा।** थाना प्रभारी कालीपीठ उनि. जितेन्द्र अजनारे की टीम ने भैंस चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक चोरी की भैंस बरामद की है। दूसरी चोरी की गई भैंस की तलाश हेतु आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त कर विवेचना जारी है। फरियादी भारत सिंह पिता प्रभुलाल तंवर 36 निवासी ग्राम पाटरीकला ने थाना कालीपीठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात अज्ञात चोर उसके घर के बाहर बनी टपरी से दो भैंस जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख रु चोरी कर ले गए हैं। थाना कालीपीठ में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बच्चों ने दिव्यांगो की समस्याओं को किया अनुभव, मदद में खोजा आनंद

### अवसाद पर केस स्टडी में ढूँढे कारण और निदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

शासकीय नवीन हाईस्कूल बापचा बड़ौद में किशोर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु संचालित उमंग कार्यक्रम अंतर्गत कक्षावार सत्र संचालित किये गये। कक्षा 9 में उमंग एंबेसेडर व कक्षा शिक्षक सुनील कुमार जोशी और तृप्ति श्रृंगी ने दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर रोल प्ले, चर्चा, अनुभव साझा आदि गतिविधियों के माध्यम से बच्चों से चर्चा की जिसमें बच्चों ने दिव्यांग व्यक्तियों के रोल प्ले के माध्यम से उनकी समस्याओं को अनुभव किया जिससे उनके मन में दिव्यांगो के प्रति संवेदनशीलता और मदद



के भाव जागृत हुए । संस्था प्रभारी और आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर कैलाश भावसार ने कहानी के द्वारा दिव्यांगो के प्रति संवेदनशीलता और मदद के भाव से मिलने वाले आंतरिक आनंद पर बात की । बच्चों में हेमलता कुंवर , मनीषा कुंवर, कुलदीप सिंह, समर बैरागी ने अपने अनुभव बताए। कक्षा 10 में कैलाश भावसार ने अवसाद विषय पर अवसाद के कारण और निदान पर संवाद किया । चार समूहों में चर्चा करके बच्चों ने केस स्टडी पर मंथन कर अलग अलग स्थितियों में होने वाले अवसाद उसके कारण, निदान और अवसादग्रस्त व्यक्तियों की सहायता कैसे कर सकते है आदि बिंदुओं पर रक्षा कुंवर, रवीना कुंवर, पायल कुंवर , गोपाल सिंह ने अपने समूह का प्रस्तुतीकरण किया ।

# खाचरौद के राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में 12 बच्चों का चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद



विद्यालय प्राचार्या श्रीमति येशा भंसाली ने बताया कि 26 सितम्बर को रतलाम के जैन पब्लिक स्कूल में संभाग स्तरीय सॉफ्टबॉल 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु समूह प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करके अच्छा प्रदर्शन किया । जिसके आधार पर 14 वर्ष बालक/बालिका में मान्यता पटेल, ग्रेया जैन , मनदीप पटेल एवं मयंक पाटीदार 17 वर्ष बालक/ बालिका प्रियांशी ढोढ़रिया, अनविषा मंडावलिया, गौतम सिंह चौहान एवं दिव्यांश पटेल 19 वर्ष बालक/बालिका अंजली खमोरिया, महिका परिहार , कृष्णा पटेल एवं शुभम पटीदार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना चयन सुनिश्चित किया। सभी बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की दिनांक 23 से 27 अक्टूबर तक इंदौर में आयोजित होगी । उसमें उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक ललीत कांकरिया, बालेश बुपकिया, श्रुति बुपकिया प्राचार्या श्री मति येशा भंसाली , उप प्राचार्य राजकुमार खेल शिक्षक निमित शर्मा, नीलम रॉय, सुभाष प्रजापत एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ जांच को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



### उच्चस्तरीय जांच की मांग

कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की कार्यप्रणाली और आयोग से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अनियमितता साबित होने पर विधि अनुसार कार्रवाई हो और यदि पद से हटाने योग्य आधार बनता है, तो अनुच्छेद 324(5) के तहत प्रक्रिया शुरू की जाए। आयोग की संवैधानिक जवाबदेही तय करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ ने राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर रोहित बम्हौरे को ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से यह ज्ञापन भेजकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली पर टिकी है, जिसकी जिम्मेदारी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग की है। हालांकि, वर्तमान में मतदाता सूची, विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) और चुनावी आंकड़ों की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रियव्रत सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए इन सवालों का समाधान पारदर्शी तरीके से होना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी निष्पक्ष चुनाव प्रणाली और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाती रहेगी।

# विश्व हृदय दिवस पर अभ्यास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने लगाया जागरूकता शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर अभ्यास इंटरनेशनल स्कूल, जस्साखेड़ी के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बड़गांव में हृदय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को हृदय रोग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को हृदय रोग के प्रमुख कारणों, बचाव के उपायों, सावधानियों तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने लोगों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव कम



करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। शिविर में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर एवं पल्स रेट भी चेक किया और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति नियमित रूप से सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य केवल ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में भी सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। विद्यालय का मानना है कि जब विद्यार्थी स्वयं समाज के बीच जाकर जागरूकता फैलाते हैं, तो उनमें सीखने के साथ-साथ जिम्मेदारी और मानव सेवा की भावना भी विकसित होती है।

## नशामुक्ति जागरूकता रैली एवं व्याख्यान का आयोजन

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति को लेकर जागरूकता रैली एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता गुप्ता ने कहा कि युवा देश की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और नशे जैसी सामाजिक बुराई से उन्हें बचाने के लिए निरंतर जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# आज अ.भा. खत्री-मोदी-अरोड़ा युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

माता हिंगलाज एण्ड वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) एवं अखिल भारतीय खत्री-मोदी-अरोड़ा समन्वय समिति (भारत) के तत्वावधान में 19वां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन 2 अक्टूबर को खाचरौद में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्रो. डॉ. फकीरचंद जी अरोड़ा की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन सत्यम शिवम सुंदरम रिसॉर्ट, खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.) में होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रतिनिधि, समाजजन एवं युवक-युवतियां शामिल होंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक सामूहिक स्वल्पाहार के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 9.05 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं समाज के राष्ट्रीय ध्वज का अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। राष्ट्रगान के बाद प्रातः 9.30 बजे खत्री गान एवं श्री गणेश वंदना होगी।

प्रातः 9.40 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान समाज के अतिथियों एवं पदाधिकारियों के उद्बोधन भी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र मोदी करेंगे। मुख्य अतिथियों के रूप में नीरज कपूर, हरिनारायण अरोड़ा एवं संजय कश्यप उपस्थित रहेंगे।

आयोजन में अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती अनिता शिव कुमार खत्री (छाबड़ा), चेन्नई प्रभारी दक्षिण भारत, महेंद्र पठिया, प्रभारी गुजरात, गोपाल खत्री (चिखली वाले), प्रभारी महाराष्ट्र, शोभित जी टंडन, प्रभारी उत्तर प्रदेश, शम्मी कपूर, प्रभारी बिहार, दौलतराम नरूला, प्रभारी हरियाणा, श्रीमती शांति विजय कुमार मोदी, प्रभारी राजस्थान, श्रीमती नीरू जी मोंगिया, प्रभारी दिल्ली, श्रीमती पूनम खत्री (जोधपुरी), प्रभारी तेलंगाना तथा किशोर खत्री, प्रभारी मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सतीश सराया, अध्यक्ष खत्री समाज जोबट, राजेश सराया, अध्यक्ष खत्री समाज इंदौर, अशोक कंगरा, अध्यक्ष खत्री समाज जावरा एवं डिजिटल प्रभारी दुर्गेश अरोड़ा जावरा सहित अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

आयोजन समिति एवं समाज के पदाधिकारियों ने समस्त खत्री समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में खाचरौद पहुंचकर राष्ट्रीय अधिवेशन एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील की है।

### दूसरे सत्र में कॉन्फ्रेंस एवं सम्मान समारोह

द्वितीय सत्र में दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक सामूहिक लंच रखा गया है। इसके बाद दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक कॉन्फ्रेंस, युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह के दौरान खाचरौद अरोड़ा खत्री समाज एवं समिति के पदाधिकारीगण, देश-विदेश से आए समाज के महानुभावों तथा युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।



## स्वर कोकिला लता मंगेशकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि, उनके नगमे सुनाकर किया स्मरण

**बडौद।** भारत रत्न एवं स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी के जन्मदिवस पर माँ शारदे सांस्कृतिक मंच के सदस्यों द्वारा उन्हें पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने लता मंगेशकर के अमर नगमे एवं मधुर गीत सुनाकर उनकी स्मृतियों को जीवंत किया। कार्यक्रम में शिक्षक उमाशंकर शर्मा, कैलाश भावसार मनीष परमार, श्याम विश्वकर्मा, पुरण सिंह, अभिषेक शर्मा, राहुल सोनी,पवन भावसार,नीतेश जैन सहित सदस्यों ने कहा कि लता मंगेशकर की सुरीली आवाज और उनके देश सदाबहार गीत सदैव संगीत प्रेमियों के दिलों में बसे रहेंगे। उनके गीतों को सुनाते हुए सभी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके संगीत जगत में दिए अतुलनीय योगदान को नमन किया। मंच के पिंटू बैरागी ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अपील की है की ऐसे भारत रत्नों को हमेशा याद करना चाहिए।

## शासकीय महाविद्यालय बडौद में अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस मनाया



**बडौद।** आज बुधवार को शासकीय महाविद्यालय बडौद में अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस मनाया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना शर्मा द्वारा की गई।कार्यक्रम का संचालन डॉ.पुष्पा भामदरे द्वारा किया गया ,इस अवसर पर हिंदी की प्राध्यापक डॉ मीनल मैहना द्वारा अनुवाद विषय पर व्याख्यान दिया गया। तथा ऑनलाइन माध्यम से एलसीडी पर छात्र-छात्राओं को अनुवाद के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसर की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे

## बाजारों में सन्नाटा – मंडी में सोयाबीन बेचने वालों की लम्बी कतार



**महिदपुर।** पिछले 3-4 दिनों से बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है। किसान सोयाबीन की कटाई व खेतों को तैयार करने में जुट गये हैं। ट्रेक्टर हकाई, हार्वेस्टर का भुगतान, मजदूरी को मजदूरी देने के लिये किसान 3 दिनों से मंडी में सोयाबीन की ट्रालीयां विक्रय के लिये ला रहे हैं सोम-मगल को तो 5-5 हजार क्विंटल की आवक रही आज बुधवार को ट्रालीयों की लम्बी कतारें मंडी गेट के बाये तरफ आधा आधा किलोमीटर तक बिक्री के इंतजार में खड़ी रही (सुबह की मंडी नीलामी के बाद दोपहर बाद नीलामी शुरू होने बाद बाहर खडी ट्रालीयां अन्दर नीलामी की कतार में लगेगी। आज अनुमान है 7 से 8 हजार क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई भाव भी 5 से 6 हजार क्विंटल रहा। कई राज्यों में सोयाबीन की फसल कमजोर होने से इस बार भाव भी ठीक मिल रहे हैं। क्षेत्र में वर्षा का आकडा कम होने से किसान रबी फसल में गेहू का रखबा कम कर सरसो, राईडा, चना बोने की तैयारी कर रहे हैं। सोयाबीन की फसल गत वर्ष से इस बार अच्छी हुई है।

## विकासखंड स्तरीय नाटिका प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर नगर के कन्या हाईस्कूल की छात्राएं



**महिदपुर रोड।** नगर के कन्या हाई स्कूल की स्कूली छात्राएं विकासखंड स्तरीय नाटिका प्रतियोगिता में शामिल हुई जहां उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक मंडल के सदस्यों की प्रशंसा पाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल सेठिया ने बताया विद्यालय की कक्षा नौवीं और दसवीं की छात्राएं माहीराज, अश्मीरा, कोमल पंवार तथा चंचल विकासखंड स्तरीय नाटिका प्रतियोगिता में शामिल होने विद्यालय के शिक्षक बापूलाल चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में महिदपुर में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने गई थी जहां उन्होंने अपनी कौशल कला का प्रदर्शन करते हुए विकासखंड स्तरीय नाटिका प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

## आजीविका मिशन में साधारण सभा का आयोजन

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत साधारण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठनों के पदाधिकारियों, मिशन से जुडे कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। साधारण सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को मजबूत करना तथा आजीविका के विभिन्ना साधनों से अधिक से अधिक परिवारों को जोडना रहा। सभा के दौरान स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।



# 8 साल बाद लौट रहीं पीसी

ग्लोबल लेडी सुपरस्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा लंबे समय बाद भारतीय फिल्मों में वापसी कर रही हैं. उनकी कमबैक फिल्म 'वाराणसी' है, जिसे 'बाहुबली' डायरेक्टर एसएस राजामौली बना रहे हैं. साउथ के सुपरस्टार महेशबाबू इसमें नायक और पृथ्वीराज सुकुमारन खलनायक हैं. पिछले साल जनवरी में हैदराबाद में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी, जो अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है. निमार्ता एसएस कार्तिकेय ने बताया किअब बस चार-पांच दिनों की शूटिंग बची है. पोस्ट प्रोडक्शन काम भी साथ-साथ ही चल रहा है. जनवरी तक फिल्म लगभग पूरी हो जाएगी. उन्होंने बताया कि इस फिल्म को 7 अप्रैल को पैन इंडिया ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर रिलीज करने की योजना है. प्रियंका आखिरी बार 2019 में हिंदी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थीं.



# राम का रोल एक जिम्मेदारी

रणबीर कपूर 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं. एक्टर का कहना है कि यह रोल महज एक किरदार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है. निमार्ताओं ने हाल ही में पर्दे के पीछे (बीटीएस) का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें रणबीर के अलावा निर्देशक नितेश तिवारी और सह-कलाकार अरुण गोविल तथा साई पल्लवी बात करते दिखते हैं. करीब पांच मिनट के इस वीडियो में रणबीर कहते हैं, ₹यह कोई किरदार या फिल्म में निभाया जाने वाला महज एक रोमांचक किरदार नहीं है. यह एक जिम्मेदारी है... इसलिए हर दिन मैं खुद को याद दिलाता था कि मेरा काम इस भूमिका के योग्य बनना नहीं था. मेरा काम था उस भरोसे के योग्य बनना, जो लोगों ने इस भूमिका पर जताया है. लेकिन मुझे लगता है कि सब कुछ उस व्यक्ति की सरलता और आस्था पर निर्भर करता है, जो भगवान राम की भूमिका निभा रहा है.₹ रामानंद सागर के क्लासिक धारावाहिक 'रामायण' में राम बने अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे. गोविल ने कहा कि 'रामायण' हमारी गरिमा, सम्मान, गौरव, संस्कृति और विरासत है. उन्होंने रणबीर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें इस भूमिका को निभाने के लिए आवश्यक कई गुण हैं.





# राधिका संग कीर्ति की आ रही 'अक्का'

कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे की बहुप्रतीक्षित रिवेंज थ्रिलर वेब सीरीज 'अक्का' की रिलीज डेट तय हो गई है. यह सीरीज अक्तूबर के अंत में दर्शकों के बीच आएगी. यशराज फिल्म्स ने इसके माध्यम से एक सख्त मातृसत्तात्मक समाज को दिखाया है, जहां महिलाओं का राज चलता है. कहानी में दो गैंगस्टर रानियों (कीर्ति और राधिका) के साम्राज्य और उनकी सत्ता को तब खतरा पैदा होता है, जब एक बाहरी व्यक्ति आकर उनके पूरे सिस्टम में हलचल मचा देता है. 1980 के दशक के दक्षिण भारत के एक काल्पनिक शहर 'पेरनुरु' पर आधारित इस कहानी में बदला, सत्ता संघर्ष और अपराध की रोमांचक दास्तान देखने को मिलेगी. 'अक्का' के जरिए कीर्ति और राधिका पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं.

# छोटी स्कर्ट, बुर्का या डाइपर किसकी गलती ?

कृति सैनन बीते दिनों एक विज्ञापन में अपने पहनावे को लेकर विवाद में फंस गई थीं. रक्षा बंधन की उस एड में कृति आइवरी रंग की इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहने हुए थीं जिसमें ब्रालेट-स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट शामिल थी. लोगों ने इस आउटफिट को 'अनादरपूर्ण' करार देते हुए कृति को काफी ट्रोल किया था. बात इतनी बढ़ गई थी कि आखिरकार उस विज्ञापन को हटाना पड़ा. हाल ही में एक्ट्रेस ने यौन उत्पीड़न और महिलाओं के पहनावे को लेकर समाज में व्याप्त संकीर्ण सोच पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए उन लोगों को आईना दिखाया है जो किसी भी घटना के लिए अक्सर महिलाओं के कपड़ों को जिम्मेदार ठहराते हैं. कृति ने स्पष्ट किया कि यौन उत्पीड़न के लिए छोटे कपड़ों को दोष देना पूरी तरह से गलत और तर्कहीन है. अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कृति ने एक कन्टेंट क्रिएटर का कोट रीपोस्ट किया, जिसमें बुकें, छोटी स्कर्ट और डाइपर का उदाहरण देते हुए सवाल उठाया गया कि क्या अपराध के लिए पहनावा जिम्मेदार है? पोस्ट कुछ इस प्रकार थी, ₹क्या यह मेरी गलती थी? छोटी स्कर्ट ने पूछा. नहीं, मेरे साथ भी ऐसा हुआ था, बुर्के ने जवाब दिया. कोने में पड़ा डाइपर तो कुछ बोल भी नहीं सका.



# फैंस बनिए, खोजकर्ता नहीं...

गोविंदा लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं. अक्सर उनके आसपास नजर आने वाली महिलाओं को सोशल मीडिया पर 'मिस्ट्री वुमन' या 'तथाकथित गर्लफ्रेंड' जैसे नाम दिए जा रहे हैं. सेलिब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर चल रही इस गॉसिप संस्कृति पर कुब्रा सैत का गुस्सा फूट पड़ा है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा कि गोविंदा एक आइकन और लीजेंड हैं. उन्होंने 90 के दशक में खूब राज किया. लेकिन आज उनकी जिंदगी को लेकर होने वाली बातचीत इतनी कैसे बदल गई. एक्ट्रेस ने कहा, आज 2026 में अगर कोई लड़की उनके आसपास है, पास खड़ी है, उनके आसपास सांस भी ले रही है, तो वह 'मिस्ट्री वुमन' है, 'तथाकथित गर्लफ्रेंड' है. आप मुझे बताइए, इस नतीजे पर कौन पहुंचा? कुब्रा ने फैंस से कहा कि सिर्फ प्रशंसक बनिए, प्राइवेट इन्वेस्टिगेटर मत बनिए और सेलिब्रिटीज की निजी जिंदगी का सम्मान करें.



# Sport

## श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी जीत; ईशान ने मनीष पांडे का रिकॉर्ड तोड़ा

# भारत सबसे ज्यादा 11वीं बार 100+ रन से जीता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत ने एशियन गेम्स सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यह टी-20 में श्रीलंका के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत है।

भारत 11वीं बार 100+ रन के अंतर से जीता है। वह ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई है। ईशान किशन ने नाबाद 80 रन की पारी खेलते हुए मनीष पांडे का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। भारत ने मेंस टी-20 इंटरनेशनल में 100 या उससे ज्यादा रन के अंतर से सबसे ज्यादा 11 मैच जीते हैं। इस मामले में कनाडा 10 जीत के साथ दूसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रिया ने 9 बार ऐसा किया है। भारत की श्रीलंका के खिलाफ यह टी-20 इंटरनेशनल में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत की श्रीलंका पर सबसे बड़ी जीत 2017 में कटक में 93 रन की थी। श्रीलंका की 124 रन की यह हार टी-20 इंटरनेशनल में रन के अंतर से उसकी दूसरी सबसे बड़ी हार है। टीम को सबसे बड़ी हार 2019 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी, जब उसे 134 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

ईशान किशन ने नाबाद 80 रन की पारी खेली। यह टी-20 इंटरनेशनल में नंबर-5 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए किसी भारतीय का सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। ईशान ने मनीष पांडे का रिकॉर्ड तोड़ा। मनीष ने 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में नाबाद 79 रन बनाए थे। श्रीलंका ने इस मैच में 17 ओवर स्पिन गेंदबाजों से कराए। टी-20 इंटरनेशनल में यह तीसरी बार है, जब किसी टीम ने एक पारी में 17 ओवर स्पिन गेंदबाजी की है।

## नैनो न्यूज

- **भारत की महिला टीम को कांस्य-** एशियन गेम्स स्क्वैश में भारतीय महिला टीम को हांगकांग से 1-2 की हार मिली। भारत ने कांस्य पदक अपने नाम किया।
- भारत को नौकायन में रजत- एशियन गेम्स में मनु फ्रांसिस और प्रिंस नोबल ने पुरुष स्किफ स्पर्धा में रजत पदक जीता। इससे भारत की पदक संख्या 62 पहुंची।
- गणेश ने सेमीफाइनल में जगह बनाई- भारतीय तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की पदक उम्मीदें उनसे बढ़ीं।
- चीकिता को क्वार्टर फाइनल में हार- भारतीय तीरंदाज चीकिता तनिपर्थी को कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की नुरिसा से एक अंक की हार मिली। उनका अभियान समाप्त हुआ।
- ऑस्ट्रेलिया ने वनडे जीत बचाई- ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे में बारिश से प्रभावित मुकाबले में 45 रन से हराया। कैरी, मार्श और जाम्पा ने अहम योगदान दिया।
- रोनाल्डो ने टीम कैंप छोड़ा- क्रिस्टियानो रोनाल्डो डेनमार्क के खिलाफ नेशंस लीग मुकाबले से पहले पुर्तगाल के कैंप से चले गए। उन्होंने कहा कि समय आने पर पूरी बात बताएंगे।
- युवा गोल्फर आर्यन ने बढ़त बनाई- आईजीपीएल इनविटेशनल के पहले दौर में आर्यन रूपा आनंद ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाया।

# भारत ने गोल कर पाकिस्तान को हराया

## एशियन गेम्स में पुरुष हॉकी के फाइनल में पहुंचा, कप्तान हरमनप्रीत के 2 गोल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत ने बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर एशियन गेम्स मेंस हॉकी के फाइनल में जगह बना ली है। अभिषेक ने मैच के आखिरी मिनट में गोल कर भारत को जीत दिलाई।

गोल्ड मेडल के लिए 3 अक्टूबर को भारत का सामना मलेशिया से होगा। मलेशिया ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 2-1 से हराया है। भारत ने मैच के 23वें मिनट तक 3-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद पाकिस्तान ने अगले 26 मिनट में तीन गोल कर मैच 3-3 से बराकर कर दिया। 59 मिनट तक मैच बराबरी पर था। फाइनल हूटर बजने से करीब 50 सेकेंड पहले अभिषेक ने फील्ड गोल कर भारत को जीत दिला दी।

जापान के नागोया में चल रहे गेम्स के 12वें दिन भारत मेडल टैली में 8वें स्थान पर है। उसके पास 64 मेडल हो गए हैं। इनमें 10 गोल्ड, 22 सिल्वर और 32 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के नीतेश सिवाच ने पुरुषों के 97 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। उन्हें जापान के यूरी नाकाजातो ने फाइनल में 4-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। नाकाजातो ने मुकाबले में 4-0 की बढ़त बनाई। नीतेश ने पिन से बचाव किया, लेकिन जापानी पहलवान ने उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। नाकाजातो ने मैच की रफ्तार अपने नियंत्रण में रखी और गोल्ड जीता।

**वधु चाहिए (सिन्धी)**
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

**आवश्यकता है**
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार मंडी में नई सोयाबीन की आवक बढ़ी

**धार।** कृषि उपज मंडी में नई सोयाबीन की आवक शुरू होने के साथ किसानों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इन दिनों मंडी में रोज करीब 9 से 10 हजार बोरी सोयाबीन पहुंच रही है। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। रोज करीब 300 से 350 वाहन मंडी परिसर में आ रहे हैं। सोयाबीन का भाव फिलहाल 3 हजार से 5,800 रुपए प्रति क्विंटल तक चल रहा है। बढ़ती आवक के चलते मंडी परिसर में भी चहल-पहल बढ़ गई है।

### मोहनपुरा गांव में गौकशी करने वाले 5 आरोपी फरार

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के मोहनपुरा गांव में गौकशी का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय आदिवासी क्रांति सेना, जयस, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। फरियादी धनसिंह डामोर को सूचना मिली थी कि कद्दु परमार अपने घर में गौवंश कटवाता है। धनसिंह ने साथियों के साथ कद्दु परमार के घर पर छापा मारा। मौके पर एक गाय को काटकर उसकी खाल उतारी जा रही थी। कद्दु परमार सहित 5 आरोपी (कालु उर्फ फरीद, रिजवान, टिलु उर्फ एहसान, फिरोज) पुलिस को देखकर हथियार व मांस छोड़कर भाग गए।

### धनखेड़ी फाटे पर 40.44 लाख रु. की अवैध बीयर जब्त

**बाकानेर।** बाकानेर क्षेत्र के धनखेड़ी फाटे पर मंगलवार रात पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मिनी ट्रक क्रमांक जीजे 06 बीटी 4066 से 1230 पेटी बीयर जब्त की। जब्त बीयर की मात्रा 14,760 बल्क लीटर है। जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख 44 हजार 240 रुपए बताई गई है। पुलिस ने करीब 15 लाख रुपए कीमत का मिनी ट्रक वाहन भी जब्त किया। मनावर थाना प्रभारी राजेश यादव और बाकानेर चौकी प्रभारी मनोज पाटीदार की टीम ने वाहन की जांच की, तो उसमें बड़ी मात्रा में बीयर मिली।

### सांप को बचाने के चक्कर में पलटी यात्री बस



**सारंगी-पेटलावद मार्ग पर हादसा, सभी यात्री सुरक्षित, दो को मामूली चोटें**

**झाबुआ।** उज्जैन से पेटलावद जा रही एक निजी यात्री बस गुरुवार दोपहर पंथ बराली के पास पलट गई। यह घटना सारंगी-पेटलावद मार्ग पर हुई। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, हालांकि दो यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी तभी सड़क पर सांप और गाय आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाया और स्टीयरिंग घुमा दी। इससे बस पर से नियंत्रण बिगड़ गया और वह सड़क से नीचे उतरकर खेत में पलट गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही डायल 112 और सारंगी चौकी प्रभारी दीपक देवरे टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामूली घायल दो यात्रियों को सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने सुरक्षित यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया और क्षतिग्रस्त बस को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

## नैनो न्यूज

- **सराफा चौपाटी के कारोबारियों को राहत-** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सराफा नाइट चौपाटी के वेंडरों की याचिका पर नगर निगम की सीमित वेंडर सूची निरस्त कर दी। इससे हटाए गए खाद्य कारोबारियों के लिए राहत का रास्ता खुला।
- **कारोबारियों ने यूपीआई विरोध वापस लिया-** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने 2 अक्टूबर को प्रस्तावित नो यूपीआई डे का विरोध वापस लेने का फैसला किया।
- **सराफा बाजार में चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव-** 1 अक्टूबर को इंदौर में चांदी के भाव अलग-अलग बाजार सूचनाओं में अलग दर्ज हुए। खरीदारी से पहले स्थानीय सराफा कारोबारियों से ताजा भाव की पुष्टि जरूरी है।
- **सौर ऊर्जा कारोबारियों के लिए इंदौर में एक्सपो-** इंदौर के शेरेटन ग्रैंड पैलेस में 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को ग्लोबल सोलर एक्सपो आयोजित किया गया। इसमें सौर ऊर्जा कंपनियों, उपकरण निर्माताओं और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए कारोबारी संपर्क के अवसर रखे गए।
- **इंदौर में तीन लग्जरी होटल बनाने की तैयारी-** इंदौर के एसआर ग्रुप ने मैरियट इंटरनेशनल के साथ तीन होटल विकसित करने के लिए समझौता किया है। प्रस्तावित परियोजनाओं में सुपर कॉरिडोर, पीथमपुर और अरबिंदो के पास के स्थान शामिल हैं।
- **कल से इंदौर में बायोफ्यूल एक्सपो-** लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर में 2 से 5 अक्टूबर तक भारत बायोफ्यूल एंड एनर्जी एक्सपो आयोजित होगा। इसमें बायोफ्यूल, बायोमास, ग्रीन हाइड्रोजन और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के कारोबारियों को अवसर मिलेंगे।

---

भागीरथपुरा कांड की जांच रिपोर्ट- लीकेज की जानकारी छिपाई, 35 की गई थी जान

# दूषित पानी से मौतें...8 अफसरों पर आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दिसंबर 2025 में दूषित पानी से हुई मौतों की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय आयोग की 110 पेजों की रिपोर्ट बुधवार को सार्वजनिक हुई। आयोग ने नाले का पानी पेयजल में मिलने और खराब पाइप लाइन बदलने की टेंडर प्रक्रिया में 859 दिनों की देरी को घटना के लिए जिम्मेदार माना है।

रिपोर्ट में 8 अफसरों और इंजीनियरों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर फरवरी 2026 तक दर्ज 35 मौतों में से 22 को आयोग ने दूषित पानी से माना है।

**अफसरों को लीकेज, बदबू और बैक्टीरिया की जानकारी थी-** रिपोर्ट में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव कुमार श्रीवास्तव, तत्कालीन अपर आयुक्त भव्या मित्तल और रोहित सिसोनिया, तत्कालीन प्रभारी सहायक यंत्री सरोज कुमार प्रजापति, उप यंत्री शुभम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री योगेश जोशी तथा निविदा शाखा की प्रज्ञा तिवारी और नीति चौरसिया को जिम्मेदार माना गया है। आयोग के मुताबिक सरोज कुमार प्रजापति को पाइप लाइन में लीकेज, पानी की शिकायतों, अवैध कनेक्शन, ड्रेनेज-पेयजल लाइन की नजदीकी, पानी में बैक्टीरिया, बदबू और काले पानी की जानकारी थी। इसके बावजूद यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक नहीं पहुंचाई गई। आयोग ने इसे गंभीर कर्तव्य-चूक माना है।

**13 साल की पोस्टिंग पर संजीव श्रीवास्तव से सवाल-** आयोग ने सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव कुमार श्रीवास्तव की भूमिका पर विशेष टिप्पणी की है। वे 2013 से 2026 तक वाटर सप्लाई विभाग में पदस्थ रहे। आयोग के मुताबिक इतने लंबे समय में उन्हें पाइप लाइन की स्थिति, लीकेज, संक्रमण के खतरे और जर्जर नेटवर्क की जानकारी होनी चाहिए थी। इसके बावजूद पर्याप्त निरीक्षण, मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग नहीं हुई।



### हादसा कैसे हुआ?

आयोग के अनुसार कई जगह सीवरेज और पेयजल पाइपलाइन निर्धारित दूरी पर नहीं थीं। कुछ जगह दोनों समानांतर थीं या एक-दूसरे को क्रॉस करती थीं। लीकेज की स्थिति में सीवरेज का पानी पेयजल लाइन में पहुंचने का खतरा था। आयोग ने सीवरेज का पानी पेयजल सिस्टम में पहुंचना तत्काल कारण और सीवरेज नेटवर्क की गलत प्लानिंग व निर्माण को मूल कारण माना है।

### 859 दिन टेंडर में देरी, खराब पाइप लाइन नहीं बदली

खराब पाइप लाइन बदलने की टेंडर प्रक्रिया में देरी, टेंडर निरस्तीकरण और री-टेंडरिंग सामने आई। आयोग ने प्रज्ञा तिवारी और नीति चौरसिया को फाइल प्रोसेसिंग में देरी के लिए प्रथम दृष्टया जिम्मेदार माना है।

यदि फाइल अंतिम मंजूरी के लिए रोहित सिसोनिया के स्तर पर लंबित रही थी, तो उस अवधि की जिम्मेदारी उनकी भूमिका के अनुसार तय करने की बात कही गई है। आयोग के मुताबिक समय पर टेंडर पूरा होकर पाइप लाइन बदल जाती तो घटना को रोका जा सकता था। इसलिए टेंडर देरी को घटना में योगदान देने वाला कारण माना गया है।

---

इंदौर में ऑटो-कार टैक्सी चालक फिर मैदान में उतरे

# बाइक टैक्सी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय पर जुटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बाइक टैक्सी के विरोध में ऑटो रिक्शा चालक एक बार फिर मैदान में उतर गए हैं। गुरुवार शाम करीब 5 बजे ऑटो चालक पुलिस मुख्यालय, पलासिया पर एकत्रित हुए। वे अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। आंदोलन में ऑटो चालकों के साथ कार टैक्सी ड्राइवर कल्याण समिति के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

इंदौर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ के शहर अध्यक्ष निलेश सूर्यवंशी, पंकज मालवीय और हरीश पंवार ने बताया कि बाइक टैक्सी के खिलाफ 2019 से कई आंदोलन किए जा चुके हैं।



20 हजार से ज्यादा बाइक टैक्सी ड्राइवर बिना पुलिस वेरिफिकेशन के बाइक टैक्सी चला रहे हैं। डोमेस्टिक वाहनों का इस्तेमाल कमर्शियल में किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

**दूसरे राज्यों और शहरों की बाइक चलने का भी आरोप-** ऑटो चालकों का कहना है कि बाइक टैक्सी के एक्सीडेंट की स्थिति में यात्री को एक्सीडेंट बीमा नहीं मिलता। इसके अलावा दूसरे राज्यों और शहरों की बाइक भी इंदौर में चल रही हैं। महासंघ का आरोप है कि संबंधित कंपनी के पास परिवहन विभाग की अनुमति नहीं होने के बावजूद बाइक टैक्सी का संचालन जारी है।

### 2019 से विरोध, 2024 में हाईकोर्ट के निर्देश का भी हवाला

महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर जाटव ने बाइक टैक्सी का संचालन बंद करने के निर्देश दिए थे, लेकिन ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने 2024 में हाईकोर्ट की ओर से भी संबंधित विभागों को दिए गए निर्देशों का हवाला दिया। उनका कहना है कि परिवहन विभाग ने औपचारिकता निभाते हुए कुछ दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की और इसके बाद मामला आगे नहीं बढ़ा।

# आठ करोड़ की मशीन खरीदी पर हाईकोर्ट में याचिका लगाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में करीब 8 करोड़ रुपए की ठक्कू मशीन खरीदी को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता राकेश भाबर ने स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मशीन खरीदी की प्रक्रिया में कई अनियमितताएं सामने आने के बावजूद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अब तक आरोप पत्र जारी नहीं किया गया है।

मामले में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच ने सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को होगी। याचिकाकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग, लोकायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में मशीन खरीदी को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अप्रैल 2026 में वित्त संचालक की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई थी। समिति ने कॉलेज पहुंचकर दस्तावेजों और खरीदी प्रक्रिया की जांच की और जुलाई में रिपोर्ट विभाग को सौंपी।

याचिका में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, स्वास्थ्य आयुक्त, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के इंदौर एसपी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और उनकी पत्नी तथा टेंडर तकनीकी समिति की अध्यक्ष डॉ. शिखा घनघोरिया सहित दो अन्य को पक्षकार बनाया गया है। याचिका के मुताबिक, जांच रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर मुख्य सचिव के समक्ष शिकायत की गई। मामला मुख्य सचिव मॉनिटर नंबर 974 में 7 जुलाई 2026 को दर्ज कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया।

# लोन के नाम पर 30.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी और रकम हड़पने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अपराध शाखा ने चोला मंडल फाइनेंस कंपनी के पूर्व कर्मचारी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। राऊ निवासी हर्ष शर्मा ने मामले की शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार, 2023 में उनकी मुलाकात प्रॉपर्टी ब्रोकर गौरव खंडेलवाल से हुई थी। गौरव ने उनकी मुलाकात सुरेंद्र नाथ ओझा उर्फ नवीन ओझा से कराई, जिसे चोला मंडल फाइनेंस का बड़ा अधिकारी बताया गया था। व्यापार के लिए लोन की जरूरत होने पर आरोपियों ने हर्ष को तिलक नगर मुक्तिधाम के पास एक प्लॉट दिखाया। उन्होंने इस प्लॉट पर बड़ा लोन दिलाने की बात कही। आरोप है कि आरोपियों ने कंपनी के दूसरे अधिकारियों के साथ मिलकर प्लॉट की फर्जी सर्च और वैल्यूएशन रिपोर्ट तैयार कराई। 20 से 25 लाख रुपए कीमत वाले इस प्लॉट की फर्जी रिपोर्ट के आधार पर हर्ष के नाम पर 2 करोड़ 5 लाख रुपए का लोन पास कराया गया। लोन पास होने के बाद आरोपियों ने स्टाम्प ड्यूटी और आरटीजीएस के नाम पर हर्ष से 28 लाख 75 हजार रुपए बैंक खाते में और 2 लाख रुपए नकद लिए। इस तरह उनसे कुल 30 लाख 75 हजार रुपए ले लिए गए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब हर्ष ने लोन बंद कराने की बात की। जांच में पता चला कि जिस प्लॉट की कीमत 20 से 25 लाख रुपए थी, उसकी फर्जी रिपोर्ट बनाकर 2.05 करोड़ रुपए का लोन पास कराया गया था। यह भी सामने आया कि नवीन ओझा कंपनी का अधिकारी नहीं था, बल्कि लोन एजेंट था।

# चादर से ढंककर पीटा, फिर लाखों के जेवर-नकदी लूटी, घटना सीसीटीवी में कैद

पकड़े गए 5 आरोपियों में तीन नाबालिग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दूधिया स्थित नीलगिरी परिसर में बदमाशों ने एक फ्लैट को निशाना बनाकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट ली। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसमें पांच आरोपी नजर आ रहे हैं। आरोपी बहाने से फ्लैट का दरवाजा खुलवाते हैं, फिर अंदर घुसकर पीड़ित को चादर से ढंककर उसके साथ मारपीट करते हैं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए 5 बदमाशों में 3 नाबालिग हैं।

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, वारदात चौबे परिवार के फ्लैट में हुई। परिवार नीलगिरी परिसर के ब्लॉक नंबर 01 स्थित फ्लैट नंबर 402 में रहता है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर 2026 को बदमाश फ्लैट में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

बदमाशों ने परिवार के साथ मारपीट की और नकदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरी किया गया माल भी जब्त किया गया है।

### चाकूबाजी में घायल युवक की मौत

इंदौर के आजाद नगर में रविवार रात चाकूबाजी में घायल हुए एक युवक की सोमवार रात अरविंदो अस्पताल में मौत हो गई। बताया जाता है कि एक्टिवा और बाइक की टक्कर के बाद आरोपियों ने उसे पैर में चाकू मार दिया था। आरोपी बचने के लिए थाने में खुद झूठी कहानी बनाकर पहुंचे थे। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठा।

# स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा

**मान्यता के लिए मृत अध्यक्ष के फर्जी साइन से बनाया किरायानामा, 4 पर केस**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तिलक नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संस्था की संपत्ति पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने के आरोप में तिलक नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इनमें इंडो किड्स स्कूल के संचालक राजेंद्र महाजन, विजय पाटीदार, कमलेश गुर्जर और परीक्षित गंगराड़े शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

2020 में स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के दौरान संस्था के मृत अध्यक्ष भवानी कश्यप के फर्जी हस्ताक्षर से किरायानामा तैयार करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक राजेंद्र महाजन ने सहयोगी परीक्षित गंगराड़े के माध्यम से स्टांप लिया। इसमें विजय पाटीदार और कमलेश गुर्जर को साक्षी बनाया गया। आरोप है कि बाद में स्कूल की प्रिंसिपल रिटा जोशी के हस्ताक्षर लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मान्यता भी ली गई।

ट्रस्टी सचिव अविनाश की शिकायत के मुताबिक अप्रैल 2012 में भवानी कश्यप के साथ लेख तैयार किया गया था। इसमें 22 हजार वर्गफीट में बनी बिल्डिंग का किराया 1 लाख 30 हजार रुपए सालाना तय हुआ था। राजेंद्र महाजन ने स्कूल के लिए भवन लिया था। हालांकि, अविनाश पचोरी का पहले से किरायेदारों से विवाद चल रहा था। इस कारण इकरारनामा नहीं बन सका।

### मान्यता के समय तैयार किया दस्तावेज



शिकायत के अनुसार 2020 में जिला शिक्षा विभाग से मान्यता के नवीनीकरण के दौरान राजेंद्र महाजन ने परीक्षित गंगराड़े के माध्यम से जिला कोर्ट में इंद्रेश पटेल से स्टांप लिया। आरोप है कि इसी पर संस्था के मृत अध्यक्ष भवानी कश्यप के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। विजय पाटीदार और कमलेश गुर्जर को साक्षी बनाकर किरायानामा तैयार किया गया।

### खाली करने को कहा तो इकरारनामा दिखाया

संस्था की ओर से बाद में इंडो किड्स स्कूल को संपत्ति खाली करने के लिए कहा गया। इस पर स्कूल संचालक ने इकरारनामा होने की बात कही। इसके बाद ट्रस्टी ने संबंधित दस्तावेज जुटाए और उनमें कथित गड़बड़ी मिलने पर पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने दस्तावेजों और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com